* ओड़िशा संस्करण

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

शुभ नवरात्रि

रांची | 27 सितंबर, 2025, शनिवार, वर्ष 10, अंक 337, आश्विन, शुक्ल पक्ष, पंचमी, संवत 2082, पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00




## बिहार की 75 लाख महिलाओं को 10-10 हजार रुपये मिले

- प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की शुरुआत की
- एक भाई तब ही खुश होता है, जब उसकी बहन स्वस्थ हो, परिवार खुश होः मोदी



### बिहार में नीतीश के नेतृत्व में कानून का राज

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज हमारी बेटियां बड़ी संख्या में फोर्स-पुलिस में आ रही हैं। आज हमारी बेटियां लड़ाकू विमान उड़ा रही हैं। हमें वो दिन भी नहीं भूलने हैं, जब बिहार में राजद की सरकार थी। अराजक की सबसे ज्यादा मार मेरी बिहार की माताओं ने ही झेली है। उस समय सड़क, पुल-पुलिया का नाम तक नहीं था, इन चीजों से सबसे ज्यादा तकलीफ महिलाओं को ही होती थी। राजद के राज में बिहार में खौफ था। नक्सली आतंक बेहिसाब था। इसका दर्द सबसे ज्यादा महिलाओं को सहना पड़ता था। आज जब नीतीश जी के नेतृत्व में कानून का राज लौटा है तो सबसे ज्यादा राहत महिलाओं ने महसूस की है।

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना/नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार में वर्चुअली 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' की शुरुआत की। राज्य की 75 लाख महिलाओं के खातों में प्रधानमंत्री ने ऑनलाइन 10-10 हजार की राशि ट्रांसफर की। 2020 के आंकड़ों के मुताबिक, बिहार में महिला मतदाताओं की संख्या करीब 3.39 करोड़ है। इसके अनुसार करीब 22 फीसदी महिला वोटर्स को इस योजना का फायदा मिलेगा। जीविका दीदियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर देश ने जन-धन योजना के तहत 30 करोड़ से ज्यादा माताओं-बहनों के खाते न खुलवाये होते तो क्या आज इतने पैसे हम सीधे आपके खाते में भेज पाते। आज जो पैसे भेजे जा रहे हैं, वो पूरे आपके खाते में जमा होंगे। आज आपके दो भाई नरेंद्र और नीतीश मिलकर बहनों के लिए लगातार काम कर रहे हैं।

**नीतीश का लालू पर हमला, बोले, हटे तो पत्नी को सीएम बनाया :** कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी ऑनलाइन जुड़े थे। उन्होंने जीविका दीदियों को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में पहले की सरकार ने कोई काम नहीं किया। 24 नवंबर से जब से एनडीए की सरकार बनी हम काम में लगे हैं। अब बिहार में कानून का राज है। हमने शुरू से महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया। नीतीश ने लालू यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि ये तो हट गया था, सात साल के बाद तो पत्नी को बना दिया सीएम। इससे पहले कोई ऐसा किया था। वो केवल अपने परिवार को देखते हैं।

## आरआर स्पोर्टिंग और पंच मंदिर हरमू के पंडालों का सीएम हेमंत ने किया उद्घाटन

### मां भवानी का दर्शन कर राज्य की खुशहाली का मांगा आशीर्वाद

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्यमत्री हेमंत सोरेन ने आरआर स्पोर्टिंग क्लब, रातू रोड और पंच मंदिर, हरमू के पूजा पंडाल का उद्घाटन किया। साथ ही आम दर्शनार्थियों के लिए पट खोल दिये गये। बड़ी संख्या में भक्तों ने मां का दर्शन कर वर मांगा। रातू रोड में वेटिकन सिटी के प्रारूप पर आधारित पंडाल बनाया गया है। भव्य दरबार में मां भवानी का आदमकद स्वरूप अन्य देवी-देवताओं संग साकार हो रहा है। रात पौने आठ बजे सीएम आये। मंत्रोच्चार और शंख ध्वनी के बीच नेम-निष्ठा से उन्होंने पट का अनावरण किया। भक्तों को नवरात्र और दुर्गा पूजा की शुभकामना दी। अध्यक्ष विक्की यादव ने कहा कि वेटिकन सिटी के प्रारूप को मूर्त रूप देने का उद्देश्य किसी के धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाना नहीं है, बल्कि दो धर्मों को जोड़ने का प्रयास है। यहां के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पंच मंदिर, दुर्गा पूजा समिति हरमू के पूजा पंडाल का भी अनावरण किया। यहां का पंडाल प्रेम मंदिर वृंदावन के प्रारूप पर आधारित है। दुधिया प्रकाश में दमकते पंडाल में बाल गोपाल की लीला से संबंधित आकर्ष चित्र मन मोह रहे हैं। भव्य दरबार में विराजमान मां और अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाओं के क्या कहने।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 27 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in


# बिहार विधानसभा चुनाव जीतने के लिए भाजपा ने पिछड़े वर्ग के दो राष्ट्रीय क्षत्रपों को तैनात कर दिया

## ■ भाजपा ने अपने लक्की चार्म धर्मेंद्र प्रधान को चुनाव प्रभारी नियुक्त कर दे दिया मैसेज
## ■ प्रधान विपरीत परिस्थितियों में भी कमल खिलाने की काबिलियत रखते हैं
## ■ यूपी, हरियाणा और ओड़िशा में अपनी काबिलियत सिद्ध कर चुके हैं प्रधान
## ■ केशव मौर्य और सीआर पाटिल की सहायता से पक्ष में करेंगे चुनावी बाजी

आजाद सिपाही विशेष

**बिहार विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी ने अपनी बड़ी चाल चल दी है। पार्टी ने चुनाव प्रभारी के तौर पर बिहार के सियासी मैदान में धर्मेंद्र प्रधान को उतार दिया है, जबकि उनकी मदद के लिए केशव प्रसाद मौर्य और सीआर पाटिल को नियुक्त किया है। प्रधान इससे पहले यूपी, हरियाणा और ओड़िशा के चुनाव में अपनी काबिलियत साबित कर चुके हैं। इन राज्यों में उन्होंने भाजपा को जीत दिलायी है और अब बिहार में अपना कमाल दिखायेंगे, ऐसा पार्टी को विश्वास है। प्रधान भाजपा के लिए 'लकी चार्म' हैं। पार्टी ने उन्हें अब तक जिन भी राज्यों की कमान सौंपी है, प्रधान ने पार्टी को हमेशा जीत का तोहफा दिया है। ओड़िशा से ताल्लुक रखने वाले प्रधान खुद लो प्रोफाइल रहकर पार्टी के लिए काम करने के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने कई मौकों पर अपनी रणनीतिक क्षमता और संगठनात्मक कौशल के कारण भाजपा को कई राज्यों में जीत दिलायी। नरेंद्र मोदी की पहली कैबिनेट में वह राज्यमंत्री के तौर पर शामिल हुए, लेकिन जैसे-जैसे उन्होंने अपनी काबिलियत साबित की, पार्टी और सरकार में उनका कद बढ़ता गया और उन्होंने राज्यमंत्री से कैबिनेट मंत्री तक का सफर तय किया। धर्मेंद्र प्रधान कठिन राज्यों में भाजपा की कमजोरियों को ताकत में बदलने में माहिर हैं, खासकर जहां जातिगत और क्षेत्रीय गठबंधन चुनौतीपूर्ण होते हैं। प्रधान को 'मोदी का भरोसेमंद लेफ्टिनेंट' कहा जाता है। यह तमगा उनको यूं ही नहीं मिला है। इसके पीछे उनकी चुनावी रणनीति और व्यूह रचना है। क्या है धर्मेंद्र प्रधान को बिहार का चुनाव प्रभारी बनाने के पीछे की रणनीति और क्या हो सकता है इसका असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के संपादक राकेश सिंह।**


राकेश सिंह
संपादक

बिहार विधानसभा चुनाव जीतने के लिए भाजपा ने पिछड़े वर्ग के दो राष्ट्रीय क्षत्रपों को तैनात कर दिया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को बिहार में भाजपा का चुनाव प्रभारी बनाया गया है। वह पहले भी बिहार में चुनाव सह-प्रभारी रह चुके हैं। इसके अलावा केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल और उत्तरप्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को सह-प्रभारी बनाया गया है। इस तैनाती में बिहार के जातीय समीकरण का खास ध्यान रखा गया है। इनके नेतृत्व में भाजपा गैर-यादव मतों को अपने पाले में करने की मुहिम चलायेगी। धर्मेंद्र प्रधान के चुनावी प्रबंधन से देश के दो सीटिंग मुख्यमंत्री खुद चुनाव हार चुके हैं। एक हैं ममता बनर्जी और दूसरे हैं नवीन पटनायक।

### ओबसी चेहरों को उतारने का मतलब

धर्मेंद्र प्रधान ओड़िशा के रहने वाले हैं और खंडायत कुर्मी समुदाय से आते हैं। केशव प्रसाद मौर्य कुशवाहा (कोइरी) जाति से आते हैं। सीआर पाटिल का जन्म तो महाराष्ट्र में हुआ, लेकिन उनका परिवार गुजरात आ गया। वह गुजरात पुलिस में 16 साल तक कांस्टेबल रहे। फिर नरेंद्र मोदी उन्हें चुनावी राजनीति में ले आये। वह चुनाव जीतने की रणनीति बनाने में माहिर हैं। इसी विशिष्टता के कारण वह सफलता के सोपान पर ऊपर चढ़े हैं। उनके नेतृत्व में भाजपा ने गुजरात में सबसे बड़ी जीत दर्ज की थी। वह मोदी-शाह के अत्यंत करीबी हैं। सीआर पाटिल बिहार चुनाव जीतने की रणनीति बनायेंगे। धर्मेंद्र प्रधान और केशव मौर्य कोइरी-कुर्मी मतों के साथ-साथ अति पिछड़े वोटरों को भाजपा के पक्ष में एकजुट करेंगे।

### धर्मेंद्र प्रधान मुश्किल में भी कमल खिलाते हैं

धर्मेंद्र प्रधान की सबसे बड़ी खासियत यह है कि वह विपरीत परिस्थितियों में भी कमल को खिलाने की काबिलियत रखते हैं। अगर 2015 के बिहार को चुनाव को छोड़ दिया जाये, तो उन्होंने अधिकतर राज्यों में भाजपा की जीत का रास्ता तैयार किया है। 2017 में उत्तराखंड, 2022 में उत्तर प्रदेश और 2024 में ओड़िशा। अक्टूबर 2024 में हरियाणा विधानसभा चुनाव उनके लिए सबसे मुश्किल टास्क था। सत्ता विरोधी लहर में भाजपा के लिए सरकार को बरकरार रखना कठिन लग रहा था। लेकिन इसके बावजूद वह पार्टी को जीत दिलाने में सफल रहे। भाजपा ने 90 में से 48 सीटें जीत कर बहुमत हासिल कर लिया। उस समय जाट और किसान नाराज चल रहे थे। अग्निवीर योजना को लेकर नौजवानों में गुस्सा था। दूसरी तरफ कांग्रेस बहुत मजबूती से अपना चुनाव अभियान चला रही थी। भाजपा के बागी नेता अलग चुनौती दे रहे थे।

### प्रधान ने कैसे मुश्किलों पर पाया काबू

हरियाणा विधानसभा चुनाव धर्मेंद्र प्रधान की काबिलियत का सबसे बड़ा प्रमाण है। उन्होंने चुनौतियां स्वीकार की और उससे दो-दो हाथ करने की ठानी। पंचकुला, कुरुक्षेत्र और रोहतक में ज्यादा समस्याएं थीं। उन्होंने वहां कैंप लगाया। एक महीने तक इन कैंपों से हटे नहीं। स्थानीय लोगों से



संवाद किया। बूथ लेवल पार्टी कार्यकताओं से बात की। उनके साथ बैठक की और धैर्यपूर्वक उनकी बातों को सुना। इससे कमजोर बूथों की पहचान में मदद मिली। कार्यकताओं और आम लोगों से मिले फीडबैक को पार्टी के शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचाया। कार्यकताओं को सम्मान दिया और उनमें उत्साह पैदा किया। जिन बूथों पर पार्टी की स्थिति ठीक नहीं थी, वहां गैर-भाजपाई लोगों को भी अपने साथ जोड़ा। इससे योग्य उम्मीदवारों के चयन में सहूलियत हुई। टिकट मिलने के बाद करीब 25 नेताओं ने बगावत कर दी। इनमें से 22 को मना लिया गया। इस तरह मुश्किल में भी कमल खिल गया।

### सीएम रहते हारीं ममता बनर्जी

धर्मेंद्र प्रधान को एक और बेहद मुश्किल अभियान पर भेजा गया था, जिसमें उन्होंने कामयाबी दिला कर सबको आश्चर्यचकित कर दिया था। 2021 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में उन्हें केवल नंदीग्राम विधानसभा क्षेत्र का चुनाव प्रभारी बनाया गया था। इस सीट से भाजपा के सुवेंदु अधिकारी चुनाव लड़ रहे थे। यह हाइ प्रोफाइल सीट थी, क्योंकि यहां से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी चुनाव लड़ रही थीं। चुनाव के समय यहां बहुत ही तनावपूर्ण माहौल था। धर्मेंद्र प्रधान की एक चुनावी सभा पर हमला भी हुआ था, जिसमें भाजपा के कई नेता घायल हो गये थे। लेकिन बिना किसी डर-भय के वह नंदीग्राम में जमे रहे। इस चुनाव में ममता बनर्जी की हार भारतीय राजनीति के लिए एक विस्मयकारी घटना थी। धर्मेंद्र प्रधान और सुवेंदु अधिकारी ने मिल एक एक नया इतिहास लिख दिया। चुनाव में भले तृणमूल कांग्रेस को जीत मिली, लेकिन इस पार्टी को एक हारे मुख्यमंत्री को फिर से कुर्सी पर बैठाना पड़ा।

### धर्मेंद्र प्रधान बिहार से रह चुके हैं राज्यसभा सांसद

धर्मेंद्र प्रधान ओड़िशा के उत्कल विश्वविद्यालय से मानव शास्त्र में स्नातकोत्तर हैं। उनके पिता देवेंद्र प्रधान अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में मंत्री रहे थे। धर्मेंद्र प्रधान की विशिष्टता यह है कि वह किसी संगठन को मजबूत और प्रभावशाली बनाने के लिए अथक मेहनत करते हैं। 2014 के लोकसभा चुनाव के समय भाजपा ने बिहार में जो प्रदर्शन किया था, उसमें एक कारण धर्मेंद्र प्रधान की सटीक रणनीति भी थी। वह 2012 में बिहार से राज्यसभा सांसद भी चुने गये थे। 2010 के विधानसभा चुनाव में वह बिहार भाजपा संगठन के सह-प्रभारी थे। उस चुनाव में भाजपा ने 91 सीटें जीती थीं, जो बिहार के चुनावी इतिहास में सबसे बड़ा प्रदर्शन है। वह पिछले साल ओड़िशा चुनाव में भाजपा के प्रभारी थे। उन्होंने चुनावी घोषणा पत्र तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। इस चुनाव में भाजपा ने शक्तिशाली माने जाने वाले नवीन पटनायक को हरा कर बहुत बड़ी जीत दर्ज की थी। यहां तक कि मुख्यमंत्री रहते नवीन पटनायक तक चुनाव हार गये थे।

### सीआर पाटिल की क्षमता से प्रधानमंत्री भी प्रभावित

चुनाव प्रबंधन में सीआर पाटिल को कितनी महारत हासिल है, यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक बयान से स्पष्ट हो जाता है। सीआर पाटिल को 2020 में गुजरात भाजपा का अध्यक्ष बनाया गया था। दिसंबर 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 182 में से 156 सीटें जीत कर पिछले सभी रिकॉर्ड को तोड़ दिया था। इस प्रचंड जीत पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि गुजरात में बड़ी जीत का श्रेय श्री पाटिल (सीआर पाटिल) को है। उनकी सफलता का राज है, जनता के लिए हमेशा उपलब्ध रहना। बिना किसी आडंबर के वह हर किसी से मिलने के लिए तैयार रहते हैं। नरेंद्र मोदी को उन पर अगाध विश्वास है। इसलिए उन्होंने अपने क्षेत्र वाराणसी का चुनाव प्रबंधन भी इन्हीं को सौंप रखा है। प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र के विकास कार्यों की देखरेख वही करते हैं।

### केशव प्रसाद मौर्य की खासियत

केशव प्रसाद मौर्य उत्तर प्रदेश में भाजपा की लगातार जीत के एक प्रमुख योजनाकार हैं। वह कुशवाहा समुदाय से आते हैं। 2016 में उन्हें उत्तर प्रदेश भाजपा का अध्यक्ष बनाया गया था। 2017 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने भाजपा के पक्ष में गैर यादव पिछड़ी जातियों को गोलबंद किया था। इससे सपा और बसपा दोनों के जातीय समीकरण छिन्न-भिन्न हो गये थे। उन्होंने पार्टी के लिए अति पिछड़ी जातियों का समर्थन हासिल किया। उनके योगदान को देख कर उन्हें 2017 में उप मुख्यमंत्री बनाया गया था। 2022 के विधानसभा चुनाव में वह हार गये, लेकिन इसके बाद भी भाजपा ने उन्हें उप मुख्यमंत्री बनाये रखा। कुशवाहा नेता के रूप में केशव मौर्य की लोकप्रियता को भुनाने की बिहार में भी कोशिश हुई। अप्रैल 2022 में बिहार भाजपा ने सम्राट अशोक की जयंती मनाने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया था। इस कार्यक्रम के संयोजक थे बिहार सरकार के तत्कालीन पंचायती राज मंत्री सम्राट चौधरी (कुशवाहा)। इस मौके पर उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भी शामिल हुए थे।

### इस नियुक्ति से विपक्ष में खलबली

भाजपा द्वारा बिहार में 'डीकेपी' (धर्मेंद्र-केशव-पाटिल) की नियुक्ति से सियासी खलबली मच गयी है। विपक्षी खेमे में अभी से ही चिंता दिखने लगी है, क्योंकि इन तीनों की चुनावी रणनीति के जवाब में रणनीति बनानेवाला कोई नेता विपक्षी गठबंधन में नहीं है। जातीय समीकरण के अलावा चुनावी प्रबंधन के मोर्चे पर भाजपा की यह 'स्ट्राइक टीम' अप्रत्याशित परिणाम ला दे, तो किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए।

---

## तेज रफ्तार बनी हादसे की वजह

# दो अलग-अलग सड़क हादसों में छह की हुई मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर/गिरिडीह।** झारखंड के ईस्ट सिंहभूम और गिरिडीह में शुक्रवार को दो सड़क हादसों में कम से कम छह लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि यह हादसे ईस्ट सिंहभूम के बहारागोरा और गिरिडीह के बड़किटंड में हुए।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार की सुबह ईस्ट सिंहभूम जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग-18 पर झरिया मोड़ के पास कोलकाता से जमशेदपुर जा रही एक कार भारी



वाहन के पिछले हिस्से से टकरा गयी, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गयी। उनके शव को कुचल गई कार से बाहर निकाला गया। इसके बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए घाटशिला उप-प्रभागीय अस्पताल भेजा गया।

गिरिडीह के एसपी विमल कुमार ने बताया कि गिरिडीह-धनबाद मुख्य मार्ग पर बड़किटंड जंगल के पास एक यात्री वाहन तेज रफ्तार ट्रक से टकरा गया, जिसमें तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। शवों को पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेजा गया है। घायल लोगों का इलाज अस्पताल में चल रहा है।

---

# कुड़मी समुदाय को एसटी में शामिल करने की मांग का विरोध

## आदिवासी बचाओ मोर्चा का आह्वान, 17 को प्रभात तारा मैदान में होगा महाजुटान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कुड़मी समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मांग का विरोध जोर पकड़ने लगा है। आदिवासी बचाओ मोर्चा ने इस मांग के विरोध में 17 अक्टूबर को रांची के प्रभात तारा मैदान में आदिवासियों का महाजुटान करने की घोषणा की है। यह घोषणा गीताश्री उरांव, देवकुमार धान और प्रेमसाही मुंडा ने संयुक्त रूप से घोषणा की है।

इस बैठक में अलग-अलग आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधि शामिल थे। इससे पहले 25 सितंबर को आदिवासी अस्तित्व बचाओ मोर्चा के बैनर तले



कुड़मियों की मांग के विरोध में पांच अक्टूबर को मोरहाबादी मैदान में आदिवासी महासम्मेलन करने का आह्वान किया गया था।

**कुड़मी समाज की आदिवासियों ने की थी रक्षा: पूर्व मंत्री :** पूर्व मंत्री ने कहा कि 16वीं-17वीं शताब्दी में इनका संथाल में आगमन हुआ था लेकिन अब ये खुद को बड़का भाई कहकर आदिवासियों के इतिहास को मिटा कर खुद आदिवासी का दर्जा पाना चाहते हैं। 24 सितंबर को रामगढ़ में आदिवासी समाज के लोगों ने बड़ा जुटान कर कुड़मी की मांग का विरोध किया था। गीताश्री उरांव ने कहा कि उस दौरान आदिवासी समाज ने कुड़मियों को मुसलमानों के आतंक से बताया था।

बता दें कि 25 सितंबर को आदिवासी अस्तित्व बचाओं मोर्चा ने दलील दी थी कि 1923 से 1930 के बीच कुड़मी समाज ने सैंकड़ों आंदोलन किये थे, लेकिन कभी भी एसटी दर्जे की मांग शामिल नहीं थी। दावा किया गया कि 1872 से 1931 तक की जनगणनाओं में कुड़मी समाज को क्षेत्रीय समुदाय के रूप में दर्जा दिया गया था।

### रैली में कई राज्यों से आयेंगे आदिवासी: गीताश्री उरांव

**पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव ने बताया कि 17 अक्टूबर को प्रस्तावित आदिवासी रैली में पश्चिम बंगाल, ओड़िशा के अलावा असम से भी आदिवासी समाज के लोग रांची आयेंगे। इस रैली के जरिये कुड़मी समाज की मांग को तथ्यों और तर्कों के साथ खारिज करने की घोषणा की गयी है। पूर्व मंत्री ने बताया कि 20 सितंबर को कुड़मी समाज ने एसटी का दर्जा की मांग को लेकर 'रेल टेका-डहर छेका' आंदोलन चलाया था। उनका दावा है कि कुड़मी समाज आदिवासी ही नहीं है। संवैधानिक प्रक्रिया के तहत पूर्व में ही इनकी सारी मांग खारिज हो चुकी हैं। उनके आंदोलन की वजह से लाखों यात्रियों को दिक्कत झेलनी पड़ी थी। आदिवासी समाज इनकी मांग को नकारता है।**

# मंईयां सम्मान योजना की दो माह की राशि जारी

## मुख्यमंत्री ने एसएमएस और सोशल मीडिया पर दी बधाई


आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दुर्गा पूजा के मौके पर हेमंत सोरेन सरकार ने महिलाओं के लिए खास तोहफा तैयार किया है। राज्य की मंईयां सम्मान योजना के तहत दो महीने की राशि एक साथ जारी की जा रही है। इस योजना के तहत प्रत्येक लाभुक महिला को कुल 5,000 रुपये सीधे बैंक खाते में भेजे जा रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मोबाइल पर एसएमएस के जरिए और अपने सोशल मीडिया पर इस बाबत लिखते हुए बधाई दी है।




## पूरे साल में 30 हजार रुपये: हेमंत सोरेन


मुख्यमंत्री द्वारा भेजे एसएमएस कहा गया है कि 'जोहार! दुर्गा पूजा की खुशियां इस बार होंगी दोगुनी! पिछले एक वर्ष से मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत झारखंड की सभी बहनों के खातों में नियमित रूप से 2500 रुपये की सम्मान राशि पहुंच रही है। मतलब साल के पूरे 30,000 रुपये। यह संभव हुआ है, आप बहनों के अटूट विश्वास और समर्थन से। स्वावलम्बी और सशक्त झारखंड के सपने को साकार करने के लिए हमारी सरकार लगातार बहनों के खातों में यह सम्मान राशि भेज रही है, ताकि उन्हें आर्थिक मजबूती और आत्मनिर्भरता मिले। आप सभी को दुर्गा पूजा की अग्रिम बधाइयां। जय माता दी।'





















# चुनौतियों के बावजूद सर्वदा अडिग रहे दीनदयाल उपाध्याय : आलोक कुमार

## विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष ने पंडित दीनदयाल के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र, सरला बिरला विश्वविद्यालय के तत्वावधान में बिरला नॉलेज सिटी में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के संघर्षपूर्ण जीवन और उनकी कर्मठता पर प्रकाश डालते हुए उनकी कई प्रेरक कहानियों को साझा किया। उनके परिवार की गरीबी, माता-पिता के देहांत और गरीबी के चलते उनके जीवन की विपरीत परिस्थितियों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इन सबके बावजूद दीनदयालजी ने हार नहीं मानी और अपने जीवन काल में कई प्रेरणादायी कार्य किये। कई अच्छी नौकरियों के प्रस्ताव मिलने के बावजूद उन्होंने आगे की शिक्षा पर ध्यान दिया और आवश्यकता पड़ने पर शिक्षा से ज्यादा संबंधों को प्रधानता दी। पत्रकारिता में उनके योगदान और पाञ्चजन्य में उनकी जिम्मेवारियों पर भी उन्होंने प्रकाश डाला। कई चुनौतियों के सामना करने के बावजूद वे अखबार के प्रकाशन के लिए कभी पीछे नहीं हटे। इसके साथ ही उन्होंने भारतीयता और भारतीय ज्ञान परम्परा के महत्व को बताया। अपने वक्तव्य में उन्होंने एकात्म मानववाद और अंत्योदय के प्रेरक पंडितजी के विभिन्न सांस्कृतिक, सामाजिक और व्यावहारिक चिंतन पर भी बात की।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने संगोष्ठी में पंडितजी की जीवनी की तीन भागों में व्याख्या की। उनके जीवन के पहले भाग में एक भारतीय अभावग्रस्त छात्र के प्रतिनिधि के रूप में संघर्ष करते हुए मेधा और बुद्धि का प्रयोग कर अध्ययन करनेवाले छात्र, दूसरे भाग में संघ से सामाजिक जीवन में प्रवेश करते हुए एक सामाजिक कार्यकर्ता, लेखक और पत्रकार के रूप में सबको चकाचौंध करने वाले पंडितजी और जीवन के तीसरे भाग में राष्ट्र की आवश्यकता को समझते हुए राजनीति में प्रवेश कर अपनी अनूठी छाप छोड़ने वाले अतुलनीय दीनदयालजी के तीनों रूपों को उन्होंने उपस्थित श्रोताओं के समक्ष रखा। जनसंघ की स्थापना और इसके त्रिमुखी सिद्धांत से लेकर अखंड भारत की विचारधारा, भू सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और देश की विशिष्ट संस्कृति को सम्मुख रख उनके राजनीति में अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत करने पर भी उन्होंने विस्तार से प्रकाश डाला।

केएसएएस लखनऊ के सहायक प्राध्यापक डॉ आलोक कुमार द्विवेदी ने भारत की ज्ञान परंपरा के बारे में बोलते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान और आचरण ही पाश्चात्य जगत से हमें अलग करता है। भारतीय छात्रों के लिए ये बेहद जरुरी है कि वे भारतीय ज्ञान परंपरा को समझें और जानें। भारतीय ज्ञान परंपरा मूल रूप से समाज और राष्ट्र को पोषित करती है। कार्यक्रम में स्वागत भाषण प्रो नीलिमा पाठक एवं मंच का संचालन डॉ विद्या झा ने किया। वीके सिंह, डीन, डेवलपमेंट एंड प्लानिंग ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। मंच पर विशेष रूप से विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत उपस्थित थे।

इस अवसर पर विवि के महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक, ुलपति प्रो सी जगनाथन, सरला बिरला पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या मनीषा शर्मा समेत विवि के शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के अलावा साईनाथ विवि के वीसी एस पी अग्रवाल, नीलांबर पीतांबर विवि के पूर्व वीसी प्रो विजय सिंह, वाइबीएन विवि के वीसी प्रो सत्यदेव पोद्दार, झारखंड राय यूनिवर्सिटी की कुलसचिव डॉ अमृता मजूमदार, झारखंड राज्य बिजली बोर्ड के पूर्व चेयरमैन वीएन पांडेय, विहिप के प्रदेश संगठन मंत्री देवी सिंह, आरएसएस के नगर संघचालक शंकर प्रसाद साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष धीरज महतो, प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर, प्रदेश मंत्री गणेश मिश्रा, पूर्व विधायक द्वय गंगोत्री कुजूर एवं रामकुमार पाहन, आरती सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शशिभूषण भगत, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो, जैलेंद्र कुमार, अजय राय, रणधीर चौधरी, मांडर के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सन्नी टोप्पो, जिला उपाध्यक्षद्वय प्रीतम साहू एवं प्रभुदयाल बड़ाइक, एसटी मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रितेश उरांव, मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र महतो, सुनील महतो, सुधाकर चौबे, रामकुमार दुबे उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान ने संगोष्ठी के आयोजन पर हर्ष व्यक्त किया है।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ नवरात्रि उत्सव आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची का परिसर नवरात्रि के भव्य आयोजन से रंगों, संगीत और भक्ति से सराबोर हो उठा। यह आयोजन परंपरा, रचनात्मकता और उत्सव की उमंग का सुंदर संगम बनकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर गया।

कार्यक्रम की शुरूआत प्राइमरी विंग के विद्यार्थियों के ऊजार्वान व आकर्षक प्रस्तुतियों से हुई, जिन्होंने अपनी अदाओं से सभी का दिल जीत लिया। महिषासुर मर्दिनी की हृदय को झकझोर देने वाली प्रस्तुति ने अच्छाई की बुराई पर विजय को दशार्या। विद्यार्थियों ने गरबा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों और मधुर भजन गीतों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। शिक्षकों ने भी उत्साहपूर्वक डांडिया नृत्य में भाग लिया, जिससे वातावरण में आनंद और उल्लास भर गया। बच्चों द्वारा विभिन्न झांकियों और नवदुर्गा की मनोहारी प्रस्तुति ने कार्यक्रम में भक्ति की गहराई को प्रदर्शित किया ।

इस अवसर पर प्राचार्या मनीषा शर्मा ने विद्यार्थियों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि नवरात्रि जैसे त्योहार न केवल आनंद और एकता का संदेश देते हैं, बल्कि छात्रों को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परंपराओं से भी जोड़ते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे उत्सव बच्चों में एकता, सम्मान और भक्ति जैसे मूल्यों को विकसित करते हैं, जिससे वे अपनी विरासत से और गहराई से जुड़े रहते हुए उत्सव का आनंद ले सकते हैं। पूरा कार्यक्रम नवरात्रि की सच्ची भावना, एकता, संस्कृति और श्रद्धा का प्रतिबिंब बना और इसे एक अविस्मरणीय और आनंददायक अवसर बना दिया।

## स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में फार्मासिस्टों की महत्वपूर्ण भूमिका: पारस हॉस्पिटल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** फार्मासिस्टों के योगदान को सराहने के लिए हर साल 25 सितंबर को विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य चिकित्सा के क्षेत्र में फार्मासिस्टों की भूमिका का सम्मान करना है। धुर्वा स्थित पारस एचईसी अस्पताल में इस वर्ष भी 25 सितंबर को विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया जिसमें उनका योगदान की सराहना करते हुए सम्मानित किया गया। वर्ष 2025 का थीम ₹स्वास्थ्य के बारे में सोचें, फार्मासिस्ट के बारे में सोचें है। पारस एचईसी अस्पताल के फैसिलिटी निदेशक डॉ नीतेश कुमार ने कहा कि विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाने में फार्मासिस्टों की भूमिका बहुत अहम होती है। फार्मासिस्ट का मतलब दवा की सप्लाई चैन सिस्टम को मजबूत करना है। फार्मासिस्ट, दवाओं के बारे में सबसे ज्यादा जानते हैं। फार्मासिस्ट, मरीजों को दवाएं लेने के बारे में सलाह देते हैं और दवाओं के संभावित दुष्प्रभावों के बारे में चेतावनी देते हैं। फार्मासिस्ट, दवाओं के गुणवत्ता नियंत्रण में भी अहम भूमिका निभाते हैं। पारस हॉस्पिटल के सीनियर मैनेजर अनूप ठाकुर ने कहा एक फार्मासिस्ट लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए अपने सभी कर्तव्य करता है, जिसमें दवा की सही पहचान, उसकी रीस्टॉकिंग, एक्सपायरी डेट और दवाओं की उपलब्धता आदि शामिल है, ताकि किसी भी व्यक्ति के स्वास्थ्य पर इसका कोई गलत प्रभाव न पड़े।

## अडाणी एंटरप्राइजेज को खनन क्षेत्र में हाइड्रोजन ट्रक के उपयोग के लिए मिला प्रतिष्ठित पर्यावरणीय पुरस्कार

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड को खनन क्षेत्र में हाइड्रोजन ट्रक के नवाचारपूर्ण उपयोग के लिए सस्टेनेबिलिटी सिम्पोजियम एंड एक्सीलेंस अवॉर्ड्स 2025 में 'जूरी चॉइस लीडरशिप इन क्लाइमेट एक्शन अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान नई दिल्ली स्थित इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया।

कंपनी को यह पुरस्कार छत्तीसगढ़ में हाइड्रोजन-ईंधन चालित ट्रक के सफल परिचालन के लिए मिला, जो कार्बन उत्सर्जन और प्रदूषण को कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। तीन हाइड्रोजन टैंकों से सुसज्जित यह ट्रक 40 टन कोयला 200 किलोमीटर तक ढो सकता है। इसे मई 2025 में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रायपुर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था और यह वर्तमान में गारे पेलमा-क्क्क खदान से पावर प्लांट तक कोयला परिवहन में उपयोग हो रहा है। जूरी ने इस पहल को तकनीकी नवाचार, ऊर्जा दक्षता और ग्रीन लॉजिस्टिक्स में अदाणी समूह के योगदान के रूप में सराहा। अदाणी एंटरप्राइजेज स्थायी खनन के लिए ऑटोनॉमस डोजर, सोलर पावर और ट्री ट्रांसप्लांटर जैसी तकनीकों को भी अपना रहा है। कंपनी का लक्ष्य है भारत को स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना और भविष्य में और अधिक हाइड्रोजन ट्रक शामिल करना।

## जीडी गोयनका स्कूल में रामलीला व रावण दहन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** नवरात्रि के पावन अवसर पर जीडी गोयनका स्कूल में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रारंभिक कक्षाओं के बच्चों ने स्वागत गान, मां दुर्गा के नौ रूपों पर आधारित नृत्य नाटिका, गरबा और डांडिया प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे बच्चों से विद्यालय परिसर उत्साह और उल्लास से भर उठा।

माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक कक्षाओं के कार्यक्रम की शुरुआत निदेशक मदन सिंह, उपनिदेशक अमन सिंह और प्राचार्य डॉ सुनील कुमार ने दीप प्रज्वलित कर की। इसके बाद आठवीं और 11वीं कक्षा की छात्राओं ने दुर्गा आराधना पर नृत्य प्रस्तुत किया। भगवान राम के जीवन पर आधारित रामलीला का मंचन हुआ, जिसमें छात्रों की प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम का समापन रामजी की निकली सवारी झांकी और रावण दहन से हुआ। प्राचार्य ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जोड़ते हैं।

## श्याम मंदिर में विविध धार्मिक आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में शारदीय नवरात्र के अवसर पर विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। मंदिर के आचार्य द्वारा यजमान संजीत चौधरी एवं रंजना चौधरी से पूजन अनुष्ठान कराया गया। प्रतिदिन प्रातः व संध्या आरती के साथ श्रृंगार व हवन होते हैं।

अश्विन अमावस्या के महास्नान उपरांत खाटूनरेश का केसर-चंदन तिलक श्रृंगार संपन्न हुआ। अध्यक्ष गोपाल मुरारका व कोषाध्यक्ष मनोज खेतान के सान्निध्य में गुलाब, जिप्सी, गेंदा व रजनीगंधा फूलों से बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया। संध्या 5:30 बजे दर्शन के बाद पंचमेवा का प्रसाद वितरित किया गया।

शनिवार 27 सितंबर को 172वां श्री श्याम भंडारा आयोजित होगा। महाअष्टमी 30 सितंबर को 173वां सुंदरकांड व हनुमान चालीसा पाठ होगा, जिसमें सुनील मोदी परिवार अखंड ज्योति प्रज्वलित करेगा।

महानवमी (1 अक्टूबर) को प्रातः 7:15 बजे पूजन-अर्चन, हवन व कन्या पूजन होगा। 2 अक्टूबर को भक्तशिरोमणि आलू सिंह जी महाराज की 36 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि व भजन संध्या आयोजित होगी।

3 अक्टूबर को पापमोचनी एकादशी संकीर्तन में अखंड ज्योति और भजन-कीर्तन होंगे। वहीं, 6 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा महोत्सव मनाया जायेगा। इस दिन बाबा को श्वेत वस्त्र व श्वेत पुष्पों से सजाया जाएगा तथा विशेष भोग अर्पित कर संगीतमय भजन संध्या होगी। सभी कार्यक्रमों की जानकारी मंडल के महामंत्री गौरव अग्रवाल ने दी।

## झारखंड हिंदी साहित्य संस्कृति मंच ने दिनकर जयंती मनायी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड हिंदी साहित्य संस्कृति मंच के तत्वावधान में राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' की जयंती उत्साहपूर्वक मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरूआत राज रामगढ़ी द्वारा मां शारदे की वंदना से हुई। मंच सचिव विनोद सिंह गहरवार ने अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य वक्ता रांची विश्वविद्यालय हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ जेबी पांडेय ने दिनकर को आग, राग से वैराग्य तक के कवि, भारतीय संस्कृति के अग्रदूत, राष्ट्रकल्याण के धर्मनिष्ठ साधु और श्रृंगार व प्रेम के अद्भुत गायक बताया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच उपाध्यक्ष निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव ने की। उन्होंने दिनकर को आधुनिक युग का वीररस एवं राष्ट्रबोध का सर्वश्रेष्ठ कवि, इतिहासकार और गद्यकार बताते हुए उनके गद्य-पद्य दोनों में योगदान पर प्रकाश डाला। मंच सचिव विनोद सिंह गहरवार ने दिनकर को राष्ट्र चेतना का प्रखर पुरुष और राष्ट्रभक्ति का नव धर्म-प्रणेता बताया। मंच संरक्षक विनय सरावगी के संरक्षण, संयोजिका ममता मनीष सिन्हा के संयोजन और अर्पणा सिंह के संचालन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। मीडिया संयोजन की जिम्मेदारी पूनम वर्मा और ऋतुराज वर्षा ने निभायी। निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव, डॉ जेबी पांडेय, मनीषा सहाय सुमन, हिमकर श्याम, ममता मनीष सिन्हा, ऋतुराज वर्षा, डॉ. सुरेंद्र कौर नीलम, नेहाल हुसैन सरैयावी, अनीता रश्मि, अर्पणा सिंह, गीता सिन्हा गीतांजलि, डॉ रेणुबाला धार, गीता चौबे गूंज, करुणा सिंह और हास्य कवि नरेश बांका ने दिनकर को श्रद्धांजलि दी।

## महत्वपूर्ण खबरें

### बैंक ऑफ इंडिया मना रहा है सतर्कता और जागरूकता का पर्व



रांची (आजाद सिपाही)। देश के अग्रणी बैंकों में से एक, बैंक ऑफ इंडिया पूरे देश में 18 अगस्त से 17 नवंबर 2025 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मना रहा है। केंद्रीय सतर्कता आयोग और बैंक ऑफ इंडिया के प्रधान कार्यालय के मार्गदर्शन में इस अवधि में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में 15 और 24 सितंबर को आंचलिक प्रबंधक संजीव कुमार सिंह तथा उप-आंचलिक प्रबंधक बनिता महापात्रा के नेतृत्व में सतर्कता ग्राम सभायें आयोजित की गयी। इन कार्यक्रमों के तहत शाखा स्टाफ ने कुल 83 गांवों का दौरा कर ग्रामीणों को साइबर अपराध, बिचौलियों द्वारा धोखाधड़ी, एटीएम पिन से जुड़ी ठगी सहित वित्तीय सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर जागरूक किया। बैंक ऑफ इंडिया समाज को जागरूक करने और राष्ट्र की समृद्धि में योगदान देने के अपने दायित्व को निरंतर निभाता रहा है। इस वर्ष भी ग्राम सभाओं एवं अन्य सतर्कता कार्यक्रमों के माध्यम से बैंक ने यही संदेश दिया कि सतर्कता और जागरूकता ही सुरक्षित भविष्य की कुंजी है।

### नीरजा सहाय में नवदुर्गा को नमन



रांची (आजाद सिपाही)। कांके स्थित नीरजा सहाय डी ए वी में शारदीय दुर्गा पूजा के उपलक्ष्य में आयोजित रंगारंग कार्यक्रम में एल के जी से सातवीं कक्षा तक के छात्रों ने भाग लिया ककार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्या किरण यादव के कर कमलों से दीप प्रज्ज्वलित कर हुई कतदुपरांत कक्षा एल के जी की छात्राओं ने माँ दुर्गा के नौ रूपों को प्रस्तुत किया। कक्षा यू के जी की छात्र -छात्राओं ने दुर्गा स्तुति का पाठ कर उपस्थित दर्शकों की प्रशंसा बटोरी कअगले चरण में पहली कक्षा की छात्र-छात्राओं ने डांडिया नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया कदूसरी कक्षा के छात्र- छात्राओं द्वारा प्रस्तुत धुनुची नृत्य तो सोने पर सुहागा था। उपस्थित दर्शकों ने इस प्रस्तुति की दिल खोलकर प्रशंसा की। इस अवसर पर इन प्रस्तोता छात्र-छात्राओं के अभिभावकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। अपने नन्हें- मुन्नों को मंच पर अपनी प्रस्तुति देते देख कई अभिभावक तो भावुक भी हो गए। इस अवसर पर प्राचार्या किरण यादव ने कहा कि दुर्गा पूजा केवल बुराई पर अच्छाई की जीत का ही नहीं बल्कि नए संकल्पों और नयी ऊर्जा का भी त्योहार है। हमें अपनी अगली पीढ़ी को अपने संस्कारों और आदर्शों की जानकारी देने का भी यह सही समय है। इसके साथ ही प्राचार्या ने सभी को दुर्गा पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं अग्रेषित कीं । कार्यक्रम का कुशल संचालन श्रीमती अवंतिका सिंह ने किया। निवेदिता,बबली रानी, अल्का सिन्हा, माधुरी, शाम्भवी, रितिका कुमारी तथा अन्य शिक्षिकाओं एवं शिक्षकेतर कमार्चारियों के अथक प्रयासों से यह कार्यक्रम सफल रहा।

### रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति की बैठक आज



रांची (आजाद सिपाही)। रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति के तत्वावधान में आगामी शनिवार, 27 सितंबर 2025 को बिहार क्लब, कचहरी रोड स्थित सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जायेगी। इस बैठक में विभिन्न पूजा समितियों के प्रतिनिधि, हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई समुदाय के सदस्य तथा सामाजिक व धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी शामिल होंगे। उद्देश्य है कि सामाजिक सौहार्द और भाईचारे की भावना बनाये रखते हुए दुर्गा पूजा महोत्सव को हर्षोल्लास के साथ संपन्न कराया जा सके। इस संबंध में महानगर समिति का एक शिष्टमंडल रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भंजत्री से मिला और उन्हें बैठक में आमंत्रण सौंपा। साथ ही आग्रह किया कि इस बैठक में उपायुक्त के साथ-साथ वरीय आरक्षी अधीक्षक, सदर अनुमंडल पदाधिकारी, अपर जिला दंडाधिकारी, नगर आरक्षी अधीक्षक एवं यातायात आरक्षी अधीक्षक भी सम्मिलित हो। समिति का कहना है कि महोत्सव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों के सुझाव व दिशा-निर्देश अहम भूमिका निभायेंगे। शिष्टमंडल में मुख्य रूप से समिति के मुख्य संयोजक डॉ अजीत सहाय, अध्यक्ष प्रदीप राय बाबू, कार्यकारी अध्यक्ष राजन वर्मा, कोषाध्यक्ष अमरनाथ साहू तथा उपाध्यक्ष लखपति साव उपस्थित थे।

### झारखंड में स्टार्टअप पुनर्जीवन पर राज्यपाल के निर्देश का भारतीय स्टार्टअप एसोसिएशन ने स्वागत किया



रांची (आजाद सिपाही)। इंडियन स्टार्टअप एसोसिएशन झारखंड के राज्यपाल का हृदय से आभार व्यक्त करता है कि उन्होंने राज्य के स्टार्टअप समुदाय की लंबे समय से लंबित समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय हस्तक्षेप किया है। 12 सितंबर को प्रस्तुत हमारे विस्तृत प्रतिवेदन में झारखंड स्टार्टअप इकोसिस्टम के पुनर्जीवन तथा झारखंड स्टार्टअप पॉलिसी 2016 के अंतर्गत लंबित भुगतानों की त्वरित रिहाई की आवश्यकता पर बल दिया गया था। इस पर राजभवन ने औपचारिक रूप से झारखंड के मुख्य सचिव को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। यह निर्णायक कदम उन 107 स्टार्टअप्स के लिए एक मजबूत आश्वासन है, जिन्हें 2016 की नीति के अंतर्गत चुना गया था और जो अभी तक स्टाइपेंड, प्रोटोटाइप विकास अनुदान, इनक्यूबेशन सुविधाएं तथा सरकारी टेंडर भुगतानों जैसी महत्वपूर्ण सहायता की प्रतीक्षा कर रहे हैं। एसोसिएशन की सिफारिशें वित्तीय राहत और बैंकिंग सुधारों से लेकर विश्वविद्यालयों में इनक्यूबेशन, कानूनी एवं कर रियायतें, और स्टार्टअप्स से अनिवार्य खरीद तक अब औपचारिक रूप से राज्य की सर्वोच्च प्रशासनिक प्राधिकारी के समक्ष कार्यान्वयन हेतु रखी गयी हैं। इस अवसर पर इंडियन स्टार्टअप एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रथिन भद्र ने कहा: यह झारखंड के नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र के लिए एक मोड़ साबित होगा। राज्यपाल का यह समय पर किया गया हस्तक्षेप इस बात का प्रतीक है कि स्टार्टअप्स को विकास, रोजगार और आत्मनिर्भरता के इंजन के रूप में मान्यता दी जा रही है। हम मुख्य सचिव एवं संबंधित विभागों से आग्रह करते हैं कि वे राज्यपाल के निर्देश पर शीघ्र कार्यवाही करें, ताकि झारखंड अपने युवाओं की प्रतिभा, मेहनत और नवाचार को न खोयें।






## पूजा पंडालों के पट खुले, आशीष बन बरसे इंद्रदेव, सराबोर हुआ भक्तों का तन मन

# दर्शन को उमड़े श्रद्धालु, मां से मांगी आशीष

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मौसमी अड़चन के बाद भी राजधानी में दुर्गोत्सव की तैयारी पूरी हो गयी है। शहर के सभी पूजा पंडाल आभा बिखेरने लगे हैं। श्रीरामलला दुर्गा पूजा समिति, जिला स्कूल मैदान और महाशक्ति दुर्गा पूजा समिति, बूटी मोड़ का पट खुल चुका है। कई प्रमुख पंडालों के पट भी खुल गये हैं। साथ ही भक्ति के उत्सव को चार-चांद लग गया। पूरा शहर जगमग रौशनी से जगमगा उठा। कभी रुक कर तो कभी झमाझम बरस रही बरखा रानी भी भक्तों के कदम नहीं रोक पायी। बूंद बन बरस रहे बारिश को इंद्र का आशीष मान मां के दर्शन को दर्शनार्थियों का सैलाब उमड़ पड़ा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी भक्ति की डोर से बंध खींचे चले आये। उन्होने आरआर स्पोर्टिंग क्लब, रातू रोड और पंच मंदिर, हरमू दुर्गा पूजा समिति के पंडालों का अनावरण किया। विभिन्न पंडालों में बड़ी संख्या में भक्तों ने हाजिरी लगायी। कई पूजा पंडालों के शिक्षाप्रद थीम को लोग खुब सराह रहे हैं। मां भवानी और अन्य देवी-देवताओं का दर्शन कर आशीष मांगा। देर रात तक दुर्गोत्सव का लुफ्त उठाते रहे। महाषष्ठी को लगभग सारे पंडालों के पट खुल जायेंगे। फिर विजयदशमी तक चहुंओर दुर्गोत्सव का उल्लास यूं ही छाया रहेगा। आस्था के सैलाब में शहर का कोना-कोना डूब जायेगा। श्रद्धालु जहां श्रद्धाभाव से मां का दर्शन कर स्वयं को धन्य करेंगे, वहीं मनोहारी पंडाल, आकर्षक विद्युत सज्जा उन्हें लुभायेगी।



### 31 कन्याओं ने किया बकरी बाजार पूजा पंडाल का शुभारंभ



भारतीय युवक संघ बकरी बाजार के पूजा पंडाल का अनावरण शुक्रवार को 31 कन्याओं के हाथों हुआ। सांझ ढलते शोभायात्रा के रूप में सजी-धजी कन्याएं पहुंची। महिलाओं ने उनका पूजन किया। इसके बाद पूजित कन्याओं ने दीप प्रज्जवलित की। साथ ही आम दर्शनार्थियों के लिए पट खोल दिये गये। भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। किसी ने हाथा जोड़ मां से आशीष मांगा तो किसी ने जयकारा लगाते हुए अपने इष्ट के श्रीचरणों में श्रद्धा अर्पित की। जैसे-जैसे रात ढलती गयी। खराब मौसम के बावजूद पूजनोत्सव का रंग भी चटक होता गया। क्षेत्रफल में विश्व के सबसे बड़े कंबोड़िया के अंकोरवाट मंदिर में विराजमान मां और अन्य देवी-देवताओं का साकार रूप के क्या कहने। लाइटिंग से जगमग विशाल पंडाल की खूबसूरती देखते ही बन रही है। प्रकृति चीजों से सुसज्जित पंडाल और प्रतिमाएं शिल्प कला का बेजोड़ नमूना है। कई तरह के झूले, मौत का कुआ आदि बरबस ही लोगों को आकर्षित करती रही। अध्यक्ष राहुल अग्रवाल ने बताया कि अब विजयदशमी तक यहां पूजनोत्सव की धूम रहेगी।

### रांची रेलवे स्टेशन : बालाजी मंदिर में मन मोह रहा लेजर शो



रांची रेलवे स्टेशन दुर्गा पूजा समिति के पूजा पंडाल का अनावरण शुक्रवार को रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और विधायक सीपी सिंह के हाथों हुआ। पट खुलते ही दर्शनार्थियों की कतार सी लग गयी। तिरुपति बालाजी मंदिर में विराजमान मां दुर्गा और अन्य देवी-देवताओं की मनोहारी छटा ने दर्शनार्थियों का मन तो मोहा ही साथ ही मुंबई के कलाकारों द्वारा किये गये लेजर शो और 40 फीट ऊंची हनुमानजी की प्रतिमा का अलग आकर्षण रहा। देर रात तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। अध्यक्ष मुनचुन राय ने बताया कि विजयदशमी तक उत्साह बना रहेगा।

## रक्षा राज्य मंत्री ने किया चंद्रशेखर आजाद के पूजा पंडाल का अनावरण



चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति, मेन रोड के पूजा पंडाल का अनावरण शुक्रवार को रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह ने पूजन-आरती कर किया। मौके पर पदाधिकारी और सदस्यों सहित बड़ी संख्या में दर्शनार्थी उपस्थित थे। यहां जीवन एक चक्र जन्म से मृत्यु तक के सफर को दर्शाया गया है। पंडाल के अनावरण के साथ सांस्कृतिक भजन संध्या की भी शुरुआत हुई। प्रमोद प्रेमी, अनामिका जैन, नेहा निष्ठा, सोना सिंह, जूही पांडे, राजनंदनी, ज्योति सिंह, पवन बिहारी आदि ने एक से बढ़ कर एक भजन प्रस्तुत कर भक्तों को खूब झुमाया। दर्शनार्थी मां के दर्शन के साथ बह रही भक्ति सरिता में देर रात तक गोता लगाते रहे। अब विजयदशमी तक यूं ही उत्सव की धूम रहेगी।

### राजस्थान मित्र मंडल के पूजा पंडाल का खुला पट



राजस्थान मित्र मंडल के पूजा पंडाल का अनावरण शुक्रवार को शाम छह बजे किया गया। रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, राज्य सभा सांसद महुआ माझी, वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी, विधायक सीपी सिंह, महानगर अध्यक्ष वरन साहू ने पूजा-अर्चना और दीप प्रज्जवलित कर उद्घाटन किया। पट खुलते ही दर्शनार्थियों की भीड़ उमड़ पड़ी। देर रात तक मां के दर्शन को भक्तों का तांता सा लगा रहा। शिक्षा और बचपन की महत्ता समझाता पंडाल, मां और अन्य देवी-देवताओं की मनोहारी प्रतिमाएं का दर्शन पा भक्त मंत्रमुग्ध होते रहे। समिति के अध्यक्ष अशोक पुरोहित ने बताया कि शिक्षा आवश्यक है, लेकिन बचपन उससे भी अधिक महत्वपूर्ण है। इसी थीम को साकार करने का प्रयास इस बार किया गया है।

### उपायुक्त ने किया ओसीसी क्लब के पूजा पंडाल का उद्घाटन

ओसीसी क्लब दुर्गा पूजा समिति, बंगला स्कूल के पूजा पंडाल का उद्घाटन उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने मंत्रोच्चार और शंखनाद से गुंजायमान वातावरण में किया। पट खुलते ही मां के दर्शन को दर्शनार्थी उमड़ पड़े। यहां त्रिमात्रिक थीम पर निर्मित पंडाल और मां की प्रतिमा सब के मन भा रही है। आध्यात्मिक यात्रा अनुभव कराती पंडाल में दक्षिण शैली पर आधारित लकड़ी की मूर्तियां बनायी गयी हैं। मिट्टी से बने हाथी, घोड़ा और उन पर फाइबर की कलाकृतियां पंडाल लुक को और भी आकर्षक बना रही हैं। मनोहारी विद्युत साज-सज्जा के साथ पूजा स्थल पर मेला भी लगाया गया है। जहां खाने-पीने के स्टॉलों के साथ कई तरह के झूले का अलग ही आकर्षण है। अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, सचिव राजेश दास सहित बड़ी संख्या में समिति के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे।

### रंगीलो रास डांडिया नाइट में थिरके लोग



रांची (आजाद सिपाही)। मारवाड़ी युवा मंच, रांची शाखा द्वारा शुक्रवार को स्वर्णभूमि बैंक्वेट हाल में आयोजित रंगीलो रास, डांडिया नाइट कार्यक्रम का रंगारंग उत्साह और धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मंच परिवार के सैकड़ों सदस्य पारंपरिक वेशभूषा में गरबा और डांडिया की ताल पर झूम उठे। ढोल-नगाड़ों और आधुनिक संगीत की संगत में जब सदस्य व अतिथि झूमते कदमों से डांडिया की मंडली में शामिल हुए, तो पूरा माहौल रंग-बिरंगी रोशनी और तालियों की गूंज से सराबोर हो गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों का विशेष योगदान रहा। सीमित समय में भव्य आयोजन कर यह सिद्ध किया गया कि जब युवा मंच परिवार साथ होता है, तो कोई सपना अधूरा नहीं रहता। इस अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच, रांची शाखा ने सभी उपस्थित सदस्यों और सहयोगियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। उक्त जानकारी प्रवक्ता राघव जालान ने दी।

### डॉ चंदन कुमार कॉमनवेल्थ मेडिकल एसोसिएशन के चेयरमैन बने



रांची (आजाद सिपाही)। डॉ चंदन कुमार, द विनयका हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के सीइओ कॉमनवेल्थ मेडिकल एसोसिएशन के चेयरमैन बनाये गये। इस संबंध में शुक्रवार को रांची के प्रेस क्लब आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि देश के साथ झारखंड के लिए बहुत ही गर्व की बात है। राष्ट्रमंडल देशों के संगठन कॉमनवेल्थ मेडिकल एसोसिएशन जिसमें दुनिया के 56 देश शामिल है का अध्यक्ष बनाया गया।उन्होंने कहा कि यह भारतीय इतिहास में पहला है कॉमनवेल्थ मेडिकल एसोसिएशन भारतीय को अध्यक्ष बनाया गया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही राष्ट्रमंडल का एक कार्यालय रांची में खोलने का प्रयास करुंगा।

### पूर्व अखबार विक्रेता शाहजादा खान के निधन पर शोक

रांची (आजाद सिपाही)। लालपुर समाचार पत्र विक्रेता संघ सह समाचार पत्र विक्रेता समन्वय समिति रांची ने मेन रोड (फिरायालाल ) सेंटर के पूर्व अखबार विक्रेता शाहजादा खान के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। शोक व्यक्त करनेवालों में गोपाल साव, अनुज साहू, लक्ष्मण साहू, बजरंगी, तिलक नाथ, दीनानाथ, राजेश रजक, जाहिद, उपेंद्र शुक्ला, निर्मल, अजीत, जयनाथ नायक, शिवपति सेन, अमित साहु एवं सभी वितरक बंधु शामिल हैं।

**रांची मंडल के तहत एसएलआर पार्सल वैन के लिए ई-नीलामी**

सं.: सी/आरएनसी/ई-ऑक्शन/2025, दिनांक: 26.09.2025

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची-834003 द्वारा रांची मंडल के तहत ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। सूचीपत्र पहले की आईआरईपीएस वेबसाइट पर प्रकाशित कर दिया गया है। विवरण निम्नानुसार है: **श्रेणी:** पार्सल। **सूचीपत्र सं.:** आरएनसीपार्सल25-2। **सम्पत्ति का विवरण:** रांची मंडल से यात्रा आरम्भ करने वाली 21 अदद पैसेंजर/मेल एक्सप्रेस ट्रेनों के एसएलआर कम्पार्टमेंट पट्टे पर प्रदान करने हेतु 21 अदद सम्पत्तियों के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू:** 09.10.2025 को सुबह 10.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख:** 09.10.2025 को अपराह्न 01.50 बजे। **टिप्पणी:** प्रत्याशित बोलीदाताओं से आईआरईपीएस की वेबसाइट (**www.ireps.gov.in**) पर ई-नीलामी पट्टा प्रारूप देखने का अनुरोध किया जाता है। ऊपर उल्लेखित सूचीपत्र के अंतर्गत लॉट वार विवरण उपलब्ध है। **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, रांची**

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा
(PR-675)

## 2 को शालीमार बाजार एचइसी में धूमधाम से होगा रावण दहन

**आलोक दुबे, संजीत यादव और समिति पदाधिकारियों ने शिल्पा नेहा तिर्की एवं डॉ इरफान अंसारी को दिया आमंत्रण**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं विजयादशमी रावण दहन समिति, एचइसी के मुख्य संरक्षक आलोक दुबे ने बताया कि 2 अक्टूबर को शालीमार बाजार, एचइसी धुर्वा में धूमधाम से विजयादशमी रावण दहन समारोह का आयोजन किया जायेगा। समिति के मुख्य संरक्षक आलोक दुबे, अध्यक्ष संजीत यादव एवं पदाधिकारियों ने झारखंड सरकार की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पा नेहा तिर्की एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी से मुलाकात कर उन्हें समारोह में शामिल होने का आमंत्रण दिया। दोनों मंत्रियों ने कार्यक्रम में सम्मिलित होने की सहमति प्रदान की है। आलोक दूबे ने जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन से व्यापक सुरक्षा और अग्निशमन व्यवस्था सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। समिति के अध्यक्ष संजीत यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मंत्री दीपिका पांडे सिंह एवं लोहरदगा विधायक डॉ रामेश्वर उरांव सहित कई विशिष्ट अतिथियों को भी आमंत्रित किया जा रहा है। साथ ही, सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति की ओर से 28 सितंबर को डोरंडा छप्पन सेट में मां दुर्गा का पट खोलने एवं पूजा पंडाल का उद्घाटन करने के लिए भी विशेष आमंत्रण दिया गया है।

## डीएवी सरला स्कूल तुपुदाना में बच्चों के लिए नवरात्रि डांडिया कार्यक्रम आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** इपावन अवसर नवरात्रि पर डीएवी सरला स्कूल तुपुदाना में छोटे बच्चों के लिए एक रंगीन डांडिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व प्रधानाचार्य मेहुल दॅबे ने किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने पारंपरिक वेश भूषा के साथ डांडिया नृत्य में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने आनंद और उत्सव की भावना को प्रस्तुत किया। इसके साथ ही उन्हें नवरात्रि और अन्य भारतीय त्योहारों के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व के बारे में भी शिक्षा दी गयी। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका आरती मिंज, मेघा बाखला और महिमा सिंह की गरिमामय उपस्थिति भी रही, जिन्होंने कार्यक्रम में बच्चों का मार्गदर्शन और उत्साह बढ़ाया। प्रधानाचार्य मेहुल दुबे ने बच्चों को त्योहार का आनंद लेते और संस्कृति का ज्ञान प्राप्त करते देखकर अपनी खुशी व्यक्त की और बोला नवरात्रि का यह उत्सव बच्चों के लिए न केवल मनोरंजन का माध्यम है, बल्कि यह उन्हें हमारी संस्कृति, परंपराओं और त्योहारों के महत्व को समझने का अवसर भी प्रदान करता है। डीएवी सरला स्कूल में हम शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में सांस्कृतिक जागरूकता और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED**
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, Kutchery Road, Ranchi-834001, Jharkhand.
Ph No.: +91-651-2225878,
CIN: U45200JH2013SGC001752
E-mail Id - juidcolimited@gmail.com

NIT No.: JUIDCO/NIT/EMP/O&M/SL/2025- 665 Date- 26.09.2025
e-Procurement (Tender Notice)

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Request for Pre-Qualification for Empanelment of Agency for Operation & Maintenance of LED Street Lights in Urban Local Bodies of Jharkhand |
| 2 | Mode of Bid Submission | e-tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 3 | Tender Fee to be submitted online | Tender document fee: Rs 25,000/- (Rupees Twenty-Five Thousand) only Non-Refundable *(to be submitted online).* |
| 4 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 27.09.2025; 14:00 Hrs |
| 5 | Last Date/Time of Bid Submission | 21.10.2025; 17:00 Hrs |
| 6 | Date/Time of opening of Bid | 24.10.2025; 17:00 Hrs |
| 7 | Bid Submission Address | Jharkhand Urban Infrastructure Development Company Ltd., JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi, Jharkhand- 834001 |
| 8 | Helpline Number of e-procurement Cell | 0651-2225878 |

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
Sd/-
Project Director (Technical)
PR 363006 Urban Development (25-26)_D JUIDCO Ltd, Ranchi

## युवा दस्ता ने श्री दुर्गापूजा महोत्सव 2025 को सफल बनाने के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** युवा दस्ता ने श्री दुर्गापूजा महोत्सव 2025 को सफल बनाने के लिए शुक्रवार को हेल्पलाइन नंबर जारी किया। युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा ने कहा कि युवा दस्ता के सदस्यों को सेवा कार्य विसर्जन तक जारी रहेगा। मिश्रा ने सभी मां भवानी के भक्तों और दर्शनार्थियों से बेफिक्र हो कर मां भवानी के दर्शन करने का आवाहन किया। उन्होंने आम लोगों को सुझाव देते हुए कहा कि बच्चों और बुजुर्गों के पॉकेट में नाम, पता और फोन नंबर लिख कर डालने की अपील की।

मिश्रा ने युवा दस्ता का हेल्पलाइन नंबर जारी किया और बताया कि अगर किसी प्रकार की सहायता की जरूरत हो तो वो दिये गये नंबर पर संपर्क कर सकते है।

**जारी नंबर इस प्रकार से हैं**

1. राजीव रंजन मिश्रा - 9431574184
2. राजेश गुप्ता - 7903714760
3. गोपाल पारीक - 9470371244
4. पीयूष आनंद - 8210311003
5. राहुल सिन्हा चंकी - 9334947541
6. मंटू दुबे - 9431762726
7. राकेश कुमार सिंह - 8877111185
8. राजेश राम -9934582050
9. नवनीत पांडेय - 7903340844
10. करण नायक - 9661758688
11. टिंकू महतो - 6201552515

**ग्रामीण क्षेत्र के लिए जारी हेल्पलाइन नंबर**

1. मदन साहू - 9304889906
2. मनीष केसरी - 9631894757
3. ज्योति शंकर - 9334355968

### आकर्षक पुरस्कार देने का निर्णय

युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा ने बताया इस वर्ष श्री दुर्गा पूजा महोत्सव में आकर्षक प्रतिमा के साथ परंपरागत पूजा करने वाले पूजा पंडालों को वरिष्ठ पत्रकार स्व हरिनारायण सिंह, औद्योगिक दुगार्पूजा समिति के पूर्व अध्यक्ष सह वार्ड पार्षद स्व वेद प्रकाश सिंह, स्व तिलक आजमानी, स्व ज्ञान प्रकाश जलन और स्व उदय शंकर ओझा के स्मृति में आकर्षक पुरस्कार देने का निर्णय लिया है। पुरस्कार के चयन के लिए एक निर्णायक मंडल का गठन किया गया है। इसमें अधिवक्ता किशोर साहू, शंकर दुबे, बीरेंद्र साहू और शोभा यादव को बनाया गया। ये लोग सभी पूजा पंडाल का भ्रमण कर निर्णय लेंगे। मिश्रा ने बताया कि युवा दस्ता के सभी सदस्य अपने अपने क्षेत्र के पूजा पंडालों में सेवा कार्य के तैनात हो जायेंगे। मिश्रा ने बताया कि युवा दस्ता पिछले 36 वर्षों से लगातार सेवा कार्य के लिए तत्पर रहा है और इस वर्ष भी दस्ता के सैकड़ो सदस्य विषर्जन तक अपनी सेवा देने के लिए तैयार है।

**युवा दस्ता महासमिति का प्रतिनिधि मंडल मुख्य सचिव से मिला :** गुरुवार को युवा दस्ता महासमिति रांची के प्रतिनिधि मंडल मुख्य सचिव अलका तिवारी से मुलाकात किया था। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य सचिव को दुगार्पूजा महोत्सव में होने वाले समस्याओं से अवगत कराया था।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमण्डल, लातेहार**

**अति–अल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा सूचना सं0– DWSD/LTR-22/2025-26 (1st Call) दिनांक 25.09.2025

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | विभाग का नाम | :– | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड। |
| 02 | परिमाण विपत्र विक्री की अंतिम तिथि | :– | 03.10.2025 अपराहन 03.00 बजे तक। |
| 03 | परिमाण विपत्र विक्री का स्थान | | 1. कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल लातेहार। 2. सहायक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल लातेहार। |
| 04 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | :– | 04.10.2025 अपराहन 03:00 बजे तक। |
| 05 | निविदा जमा करने का स्थान | :– | 1. कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल लातेहार। |
| 06 | निविदा खोलने की तिथि एंव समय | :– | 04.10.2025 अपराहन 04.00 बजे । |
| 07 | निविदा आमंत्रित करने का पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम | :– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्व0 प्रमंडल लातेहार। |
| | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का मो0 न0 | :– | 6201242103 |

**Detail of work;-**

| Sl No | Name of work | Group No | No of Scheme | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of Boq | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction for Rain Water Harvesting in Different Aganbari Centre in District Latehar For F.Y 2025-26 | Balumath | 59 | 944000 | 19000 | 1250 | 45 Days |
| 2 | | Chandwa | 41 | 656000 | 13500 | 1250 | 45 Days |
| 3 | | Latehar | 45 | 720000 | 15000 | 1250 | 45 Days |
| | | Mahuwadanr | 35 | 560000 | 11500 | 1250 | 45 Days |

1. Estimated Cost & EMD coat may Be Changed
2. Further details can be seen on notice board of Office
3. Only Registerd Contractor in this Department in (Appropritate Class) Participate in said Tender.
4. उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी, लातेहार का पत्रांक– 906 दि0– 29.08.2024 के आलोक में लातेहार जिले में निबंधित सम्वेदक को प्राथमिकता देते हुए कार्य आवंटित किया जाएगा।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल लातेहार

PR 362949 Drinking Water and Sanitation(25-26)#D

# अजब-गजब खबरें

आज हर जगह आपा-धापी सी मची हुई है। आज राजनीति के अलावा दुनिया में और भी बहुत कुछ अजब-गजब हो रहा है। 12 मार्च को गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) में फर्रुखाबाद के रहने वाले पीयूष तथा निशा नामक कपल के शव बरामद हुए जो रिश्ते में भाई-बहन लगते थे। दोनों ने 17 फरवरी को कोर्ट मैरिज की थी और गाजियाबाद में आकर किराये के मकान में रह रहे थे। आरोप है कि निशा के 3 बड़े भाई और पिता उन्हें धमकियां दे रहे थे, लिहाजा दोनों ने आत्महत्या कर ली। 4 जून को शाहजहांपुर (उत्तर प्रदेश) में 4 बच्चों की एक विधवा मां ने, जिसके पति का 3 वर्ष पहले निधन हो गया था, अपने से 23 वर्ष छोटे युवक से शादी कर ली, जिसे उसने अपनी बेटी के लिए पसंद किया था। महिला की फोन पर अपने भावी दामाद से बातचीत होती रहती थी, जो जल्दी ही प्यार में बदल गयी और दोनों ने मंदिर में सात फेरे ले लिये। 9 जून को बदायूं (उत्तर प्रदेश) में एक युवती शादी से एक दिन पहले अपने प्रेमी के साथ घर से फरार हो गयी। बदनामी के डर से युवती के घर वालों ने वर पक्ष को पूरी बात बतायी और युवती की छोटी बहन से युवक की शादी करवा दी। उल्लेखनीय है कि इधर छोटी बहन विदा हुई और उधर पुलिस ने बड़ी बहन को भी उसके प्रेमी के साथ ढूंढ निकाला। 18 अगस्त को मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश) में 2 बहनों दीपांशी तथा निकिता ने आपस में शादी कर ली और अब पति-पत्नी की तरह इकट्ठी रह रही हैं। दोनों एक प्राइवेट फैक्टरी में नौकरी करती हैं। 23 अगस्त को धुले (महाराष्ट्र) के बलदे गांव में एक बंदर पर आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया तथा समय पर इलाज न मिलने के कारण उसकी मौत हो गयी। यह खबर सुनकर गांव भर में शोक की लहर दौड़ गयी। गांव वालों ने इस बंदर को परिवार का सदस्य मान कर विधिपूर्वक उसका अंतिम संस्कार किया। पूरे गांव ने पांच दिनों तक शोक मनाया। सारे गांव के पुरुषों ने अपना मुंडन करवाया और बंदर के लिए हनुमान मंदिर में अनुष्ठान करवाया। 9 सितंबर को बरेली (उत्तर प्रदेश) के कमालूपुर में 2 बच्चों का बाप अपनी पत्नी को छोड़कर साली को भगा कर ले गया और उसके अगले ही दिन उसका साला अपने नये बने जीजा जी की बहन को लेकर फरार हो गया। 22 सितंबर को मुंबई में कांग्रेस कार्यकर्ता प्रकाश मामा पगारे (73) ने सोशल मीडिया पर पीएम मोदी की एक मार्फ्ड (कंप्यूटर द्वारा छेड़छाड़ करके बनायी गयी) फोटो शेयर कर दी, जिसमें वह साड़ी में नजर आ रहे थे। इस पोस्ट के सामने आते ही भाजपा नेताओं का गुस्सा भड़क उठा और उन्होंने प्रकाश मामा पगारे को बुला कर उसे साड़ी पहना दी। 22 सितंबर को ही अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने कट्टर समर्थक चार्ली किर्क जिसकी हाल ही में हत्या कर दी गयी थी, की शोकसभा में गये। माहौल काफी गंभीर था, परंतु तभी ट्रंप को न जाने क्या सूझी कि उन्होंने खड़े होकर नाचना शुरू कर दिया, जिसे देख कर वहां मौजूद लोग हैरान रह गये। 23 सितंबर को जालंधर (पंजाब) में घर में ब्लड सैम्पल लेने आये निजी लैब के कर्मचारी ने घर के बाथरूम में नहा रही महिला का न्यूड वीडियो बना लिया। यह देख कर नहा रही महिला ने शोर मचा दिया, जिस पर घर में मौजूद लोगों ने उक्त युवक की जम कर धुनाई करने के बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया।

**22 सितंबर को ही अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने कट्टर समर्थक चार्ली किर्क जिसकी हाल ही में हत्या कर दी गयी थी, की शोकसभा में गये। माहौल काफी गंभीर था, परंतु तभी ट्रंप को न जाने क्या सूझी कि उन्होंने खड़े होकर नाचना शुरू कर दिया, जिसे देख कर वहां मौजूद लोग हैरान रह गये।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**मोदी के विजन ने अध्यात्म, स्वास्थ्य, एडवेंचर और व्यावसायिक पर्यटन पर जोर देते हुए अतुल्य भारत 2.0 में नयी जान फूंक दी है। बौद्ध सर्किट, रामायण सर्किट जैसे विशेष सर्किट, वाराणसी में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और गुजरात में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी लाखों लोगों को आकर्षित करने वाली ऐतिहासिक परियोजनाएं हैं। केदारनाथ, जो कभी त्रासदी से तबाह हो गया था, साल 2024 में 16 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों का स्वागत करने के लिए फिर से तैयार हो गया।**

# एक अतुल्य पर्यटन स्थल के रूप में भारत का विकास

**रितेश अग्रवाल**



**एक दशक पहले तक यह आंकड़ा केवल 40,000 का था। महाकाल की नगरी के रूप में पुनर्जीवित उज्जैन ने साल 2024 में 7.32 करोड़ आगंतुकों को आकर्षित किया। काशी ने 11 करोड़ तीर्थयात्रियों का स्वागत किया, जबकि बोधगया और सारनाथ ने साल 2023 में 30 लाख से अधिक साधकों को आकर्षित किया।**

भारत की समृद्ध संस्कृति, आध्यात्मिक विरासत, प्राकृतिक सौंदर्य और ऐतिहासिक महत्व इसे दुनिया भर के पर्यटकों के लिए एक मनपसंद पर्यटन स्थेल बनाते हैं। फिर भी, इस क्षेत्र को वर्तमान मोदी सरकार के कार्यकाल में ही वह प्राथमिकता मिली है, जिसका यह हकदार है—अर्थव्यवस्था के प्रमुख चालक और सॉफ्ट पावर के एक साधन, दोनों ही रूपों में। प्रधानमंत्री मोदी ने इस क्षमता को गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए भी पहचाना था। पर्यटन भारत में अब केवल फुरसत में छुट्टियां बिताने का साधन भर नहीं रह गया है; यह रोजगार, गौरव और विश्व मानचित्र पर भारत को स्थाापित करने का माध्यिम भी बन गया है।

पिछले एक दशक के दौरान, भारत में परिवहन अवसंरचना का व्यापक विस्तार हुआ है। राजमार्ग, रेलवे और विमानन नेटवर्क उन क्षेत्रों तक पहुंच चुके हैं, जो पहले दुर्गम हुआ करते थे। स्वदेश दर्शन (विषय-आधारित पर्यटन) और प्रशाद (PRASHAD) - तीर्थयात्रा पुनरुद्धार एवं आध्यात्मिक संवर्धन अभियान - जैसी योजनाओं ने आस्था और संस्कृति के प्राचीन मार्गों को पुनर्जीवित किया है और साथ ही छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर भी पैदा किये हैं। पिछले दशक के दौरान निर्मित प्रत्येक राजमार्ग, हवाई अड्डा और तीर्थ गलियारा केवल अवसंरचना मात्र नहीं है - यह भारत की विरासत की ओर एक सेतु है।

**योग और आयुर्वेद के प्रति उनके वैश्विक प्रोत्साहन ने भारत को समग्र स्वास्थ्य के केंद्र के रूप में स्थापित किया है।**

मोदी के विजन ने अध्यात्म, स्वास्थ्य, एडवेंचर और व्यावसायिक पर्यटन पर जोर देते हुए अतुल्य भारत 2.0 में नयी जान फूंक दी है। बौद्ध सर्किट, रामायण सर्किट जैसे विशेष सर्किट, वाराणसी में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और गुजरात में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी लाखों लोगों को आकर्षित करने वाली ऐतिहासिक परियोजनाएं हैं। केदारनाथ, जो कभी त्रासदी से तबाह हो गया था, साल 2024 में 16 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों का स्वागत करने के लिए फिर से तैयार हो गया। एक दशक पहले तक यह आंकड़ा केवल 40,000 का था। महाकाल की नगरी के रूप में पुनर्जीवित उज्जैन ने साल 2024 में 7.32 करोड़ आगंतुकों को आकर्षित किया। काशी ने 11 करोड़ तीर्थयात्रियों का स्वागत किया, जबकि बोधगया और सारनाथ ने साल 2023 में 30 लाख से अधिक साधकों को आकर्षित किया। अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के केवल छह महीनों के भीतर, 11 करोड़ से अधिक भक्तों ने दर्शन किये। महाकुंभ 2025, विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक समागम, में 65 करोड़ से अधिक श्रद्धालु आये। केदारनाथ का पुनरुद्धार, काशी का कायाकल्पम और अयोध्या का पुनर्जन्म यह दर्शाता है कि किस प्रकार आस्था और अवसंरचनाएं मिल कर यात्रा को पुनर्परिभाषित कर सकते हैं।

डिजिटल इंडिया और स्मार्ट सिटीज पर ध्यान केंद्रित करने से बुनियादी ढांचों और पहुंच में और सुधार हुआ है। आधुनिक हवाई अड्डे, उन्नत राजमार्ग, बेहतर रेल संपर्क और निर्बाध डिजिटल बुकिंग प्रणालियों ने यात्रा को और अधिक सुविधाजनक और विश्वसनीय बना दिया है। डिजिटल ऐप्स, बहुभाषी हेल्पलाइन और अंतिम छोर तक कनेक्टिविटी भले ही छोटे बदलाव लगें, लेकिन इन सबने मिलकर भारत को दुनिया के सबसे ज्यादा यात्री-अनुकूल स्थलों में से एक बना दिया है।

साथ ही, वीजा मानदंडों में ढील और विस्तारित ई-वीजा नीति ने विदेशी पर्यटकों के आगमन को उल्लेखनीय रूप से बढ़ावा दिया है। सरकार ने इको-टूरिज्म, वेलनेस टूरिज्म और एडवेंचर स्पोर्ट्स को भी बढ़ावा दिया है, जिससे यह सुनिश्चित हुआ है कि भारतीय पर्यटन का भविष्य संतुलन में है - विकास के साथ-साथ स्थापयित्वय, बुनियादी ढांचों के साथ-साथ विरासत और आधुनिकता के साथ-साथ परंपरा।

जी-20 शिखर सम्मेलन जैसे उच्च-स्तरीय वैश्विक आयोजनों की भारत द्वारा मेजबानी ने न केवल आतिथ्य सत्कार, बल्कि सांस्कृतिक गहराई को भी प्रदर्शित किया। ऐसे अवसरों ने भारत को एक आधुनिक अर्थव्यवस्था और एक शाश्वत सभ्यता, दोनों के रूप में स्थापित किया, जिसने अंतर्राष्ट्रीय ध्यान आकर्षित किया और विदेशों से अधिक से अधिक पर्यटकों को प्रोत्साजहित किया।

नीतियों से परे, मोदीजी जिस तरह से भारतीय संस्कृति और पर्यटन स्थलों का समर्थन करते हैं, उसका एक व्यक्तिगत पहलू भी है। योग को दुनिया भर में लोकप्रिय बनाने से लेकर केदारनाथ में नंगे पैर चलने और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के पानी में गोता लगाने तक, उन्होंने न केवल भाषणों के माध्यम से, बल्कि अपने अनुभवों के माध्यम से भी दुनिया को भारत से परिचित कराया है। ऐसा करके, वे स्वयं एक सांस्कृतिक राजदूत बन गये हैं और इस विचार को पुष्ट कर रहे हैं कि ब्रांड इंडिया का निर्माण केवल बोर्ड रूम या नीतिगत दस्तावेजों में ही नहीं, बल्कि वाराणसी के घाटों, हिमालय की चोटियों और केरल के तटों पर भी हो रहा है।

श्री मोदी पर्यटन का सिर्फ.समर्थन ही नहीं करते; वे उसे साकार भी करते हैं। सोशल मीडिया पर भारतीय स्थलों का बार-बार प्रदर्शन, भाषणों में स्थानीय त्योहारों और परंपराओं का ज़िक्र, और भारतीयों से पहले भारत को जानो का आह्वान, इन सबने घरेलू पर्यटन के प्रति गौरव का भाव जगाया है। यहां तक कि आधिकारिक दौरों पर उनका पहनावा – चाहे नागा शॉल हो, हिमाचली टोपी हो या तमिल वेष्टि – क्षेत्रीय पहचान और परंपराओं के प्रति उनका सम्माोन होता है, जो विविधता में एकता का प्रतीक है।

एक राष्ट्रीय नेता और एक वैश्विक राजनेता, दोनों के रूप में मोदी भारत की सौम्य शक्ति, संस्कृति और आध्यात्मिकता के महत्व को समझते हैं। संयुक्त राष्ट्र, विश्व आर्थिक मंच और जी-20 शिखर सम्मेलन में उनके संबोधन अक्सर भारत की विरासत को गौरवान्वित करते हैं। योग और आयुर्वेद के प्रति उनके वैश्विक प्रोत्साहन ने भारत को समग्र स्वास्थ्य के केंद्र के रूप में स्थापित किया है। आज, देश भर के ध्यासन-आश्रम 120 से अधिक देशों के साधकों को आकर्षित करते हैं, जो इस बात का प्रमाण है कि कैसे प्राचीन पद्धतियां दुनिया भर में आधुनिक जीवनशैली को आकार दे रही हैं।

इस प्रकार, उनके नेतृत्व में पर्यटन रोजगार, विकास और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का एक सशक्त माध्यम बनकर उभरा है। भारत में साल 2024 में घरेलू पर्यटकों की संख्या 294.76 करोड़ थी, जो पिछले वर्ष की तुलना में 17.36% अधिक है। जैसे-जैसे यह क्षेत्र निरंतर विस्तृथत हो रहा है, भारत न केवल अपने अतीत का जश्न मना रहा है, बल्कि एक ऐसे भविष्य का निर्माण भी कर रहा है, जहां हर क्षेत्र का वैश्विक मानचित्र पर अपना एक स्थान हो।

प्रत्येक राज्य, शहर और गांव को अब अपनी कहानी कहने का अवसर मिला है—और मोदीजी के नेतृत्व में ये कहानियां दुनिया तक पहुंच रही हैं। एक ऐसे नेता के साथ जो ब्रांड इंडिया की शक्ति में विश्वास रखता है, भारतीय पर्यटन का भविष्य मजबूत, गतिशील और चिरस्थायी है।

**(लेखक : एक आतिथ्य श्रृंखला, PRISM के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं। इस लेख में व्यक्त विचार और राय उनके निजी हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

# सरायकेला-खरसावां में बिजली संकट गहराया

**डीवीसी की सप्लाई लाइनें बनी परेशानी, उद्योगों में उत्पादन प्रभावित**

**सुमित सिंह**



**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिला जिसे एशिया के सबसे बड़े उभरते औद्योगिक क्षेत्रों में गिना जाता है वह इन दिनों गंभीर बिजली संकट से जूझ रहा है। हल्की बारिश हो या मामूली तकनीकी खराबी, बिजली सप्लाई घंटों तक ठप हो जाती है। जिससे क्षेत्र की कई छोटी-बड़ी औद्योगिक इकाइयों को उत्पादन ठप करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। इस क्षेत्र की अधिकतर इकाइयां डीवीसी की बिजली आपूर्ति पर निर्भर हैं। वहीं सबसे अधिक समस्या देखने को मिल रही है। डीवीसी की सप्लाई लाइनें इतनी कमजोर हो चुकी हैं बारिश की हल्की बौछारें भी पूरे औद्योगिक चेन को ठप कर देती हैं। नतीजतन कंपनियों को एक ओर उत्पादन का भारी नुकसान उठाना पड़ता है, वहीं दूसरी ओर श्रमिकों को बिना काम के भी वेतन देना पड़ता है। उद्योगपतियों के अनुसार अब यह समस्या अपवाद नहीं रही, बल्कि दिनचर्या बन चुकी है। हर दिन कोई न कोई तकनीकी खराबी या लाइन फॉल्ट होता है। विभाग के अधिकारी और कर्मचारी शिकायतें सुनने के बावजूद समय पर समाधान नहीं करते।एक स्थानीय उद्यमी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया। स्थानीय उद्यमियों और यूनियन पदाधिकारियों का आरोप है बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारी इस गंभीर समस्या को लेकर उदासीन हैं। विभागीय कर्मचारी जहां समय पर वेतन पा रहे हैं, वहीं उद्योगों को हर दिन नुकसान उठाना पड़ रहा है। अब तक यूनियन द्वारा कई बार विभाग से मिलकर समस्या के समाधान की मांग की गई है, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। औद्योगिक क्षेत्र के कुछ हिस्सों में जहां जुस्को द्वारा बिजली आपूर्ति की जाती है, वहां बिजली की व्यवस्था अपेक्षाकृत बेहतर है। जुस्को का प्रोटेक्शन सिस्टम मजबूत है और फॉल्ट की स्थिति में भी बिजली जल्दी बहाल हो जाती है। लेकिन यह सुविधा केवल सीमित क्षेत्रों तक ही है। डीवीसी सप्लाई से जुड़ी अधिकांश कंपनियां आज भी फॉल्ट, ट्रिपिंग और ओवरलोड जैसी समस्याओं से जूझ रही हैं।

**सरकारी उदासीनता से भविष्य में संकट गहराने की आशंका**

**स्थिति की गंभीरता को देखते हुए औद्योगिक संगठनों ने चेतावनी दी यदि जल्द इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो आने वाले समय में कई कंपनियां इस क्षेत्र से पलायन कर सकती हैं और अन्य राज्यों में अपना यूनिट शिफ्ट कर सकती हैं। इससे न केवल राज्य को राजस्व का नुकसान होगा बल्कि हजारों लोगों की नौकरियां भी संकट में आ जायेगी।**

### लौहनगरी में ग्रामीण विकास मंत्री ने डॉ मनमोहन सिंह की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

# कांग्रेस की नीतियां आज भी देश की एकता और समावेशी विकास की नींव : दीपिका पांडेय सिंह

**अभिजीत अधरजी**



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह का लौहनगरी आगमन पर कांग्रेसियों ने भव्य स्वागत किया। शुक्रवार को जिला कांग्रेस सहकारिता विभाग के जिला अध्यक्ष चिन्ना राव के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने मंत्री श्रीमती पांडे को पुष्पगुच्छ भेंट कर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।मौके पर ग्रामीण विकास मंत्री ने साकची पलंग मार्केट स्थित कांग्रेस कार्यालय में आयोजित भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह की जयंती समारोह में उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर मंत्री ने राजनीतिक यात्रा की शुरूआत स्थान को याद किया। मंत्री दीपिका पांडे सिंह भावुक होते हुए बोलीं 2010 में युवा कांग्रेस की सदस्य के रूप में यहीं से अपनी राजनीतिक यात्रा की शुरूआत की थी। आज डॉ. मनमोहन सिंह जैसे महान नेता की जयंती मना रही हूं। यह स्थान आज मेरे लिए और भी खास हो गया। उन्होंने डॉ मनमोहन सिंह के योगदानों को याद करते हुए कहा उन्होंने 1991 में किये आर्थिक सुधारों ने देश को नयी दिशा दी। आज सूचना प्रौद्योगिकी, सेवा क्षेत्र में क्रांति और मनरेगा जैसे कानूनों ने आम जन तक विकास पहुंचाया। उनकी इमानदारी, दूरदर्शिता और सादगी हम सबके लिए प्रेरणास्त्रोत है। मंत्री ने उपस्थित कार्यकताओं को डॉ सिंह के आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कांग्रेस की नीतियां आज भी देश की एकता और समावेशी विकास की नींव हैं। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन चिन्ना राव ने की। मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजय यादव, परविंदर सिंह, जिला उपाध्यक्ष रजनीश सिंह, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश साहू, साकची प्रखंड अध्यक्ष धर्मा राव, राजकिशोर सिंह, शैलेंद्र सिंह चंदेल, अविनाश यादव, आशुतोष सिंह, प्रवेश आलम, अरुण पटेल, राजू कुमार, संदीप रावत, विशाल शर्मा, अमित दोसज समेत कई कांग्रेस एवं युवा कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

# उचित मजदूरी और बोनस भुगतान को लेकर मजदूरों का प्रदर्शन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**आदित्यपुर।** आदित्यपुर इंडस्ट्रियल एरिया में ऑटो प्रोफाइल कंपनी के कामगारों ने कम मजदूरी और बोनस भुगतान को लेकर प्रबंधन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। नाराज कामगारों ने कंपनी प्रबंधन पर शोषण का आरोप लगाया। उन्होंने कहा बिना किसी वार्ता या सहमति के उन्हें सिर्फ 8.33% बोनस देने की घोषणा की गई जो सरासर अन्याय है।प्रदर्शन के दौरान कामगारों ने कहा कंपनी में स्थिति गुलामी जैसी हो गई है।पूरे साल मेहनत के बाद जब हक की बात आती है तो हमें नजर अंदाज कर दिया जाता है।मौके कामगारो ने नाराजगी जताते हुए कहा प्रबंधन से तीखी नोकझोंक के बाद आंशिक राहत मिली।उन्होंने कहा प्रदर्शन के बीच कंपनी प्रबंधन के पुत्र विप्लव मुखर्जी मौके पर पहुंचे और कामगारों से बातचीत की। शुरूआत में उन्होंने साफ शब्दों में कहा अगर आपको लगता है शोषण हो रहा है, तो आप काम करने के लिए बाध्य नहीं हैं।इस बयान से कामगार और भड़क गए और प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी तेज कर दी।हालांकि बाद में विप्लव मुखर्जी ने स्थिति को संभालते हुए बोनस दर में वृद्धि करने की सहमति जतायी, जिससे कामगारों को आंशिक राहत मिली। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया आने वाले दिनों में मजदूरी दर और काम की शर्तों पर फिर से विचार किया जायेगा। अब सभी की नजरें सरायकेला जिले के श्रम अधीक्षक अविनाश ठाकुर पर टिकी है,वे इस विवाद पर क्या संज्ञान लेते हैं। कामगारों ने श्रम विभाग से मांग की बोनस दर को न्यूनतम 20% तक बढ़ाया जाए, मजदूरी दर की पुनर्समीक्षा की जाए, श्रम कानूनों का पालन सुनिश्चित किया जाए और प्रबंधन की मनमानी पर रोक लगे।

# मेघाहातुबुरु में महिलाओं ने पारंपरिक परिधान में किया गरबा और डांडिया नृत्य



**गुवा (आजाद सिपाही)।** नवरात्रि के अवसर पर मेघाहातुबुरु प्रगति महिला समिति के द्वारा डांडिया नाइट का आयोजन किया गया। सामुदायिक भवन में आयोजित डांडिया नाइट में महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हर्ष उल्लास के साथ रंगों से भर दिया। कार्यक्रम की शुरूआत समिति के अध्यक्ष स्टेला सेलवम के द्वारा दीप प्रज्जलित कर किया गया। उनके साथ कई विशिष्ट महिलाएं भी मंच पर उपस्थित रहीं। इस अवसर पर पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं और युवतियों ने गरबा और डांडिया की धुनों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत की। देवी गीतों की भक्तिमय लहरियों और तालियों की गूंज ने माहौल को और भी जीवंत बना दिया। कार्यक्रम देर रात तक चली और सामुदायिक एकता का प्रतीक देंखने को मिला। इस अवसर पर सैकड़ों महिलाएं और बच्चियां उपस्थित रहीं।

# छोटा गोविंदपुर में गौतम बुद्ध थीम पर आधारित दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** छोटा गोविंदपुर स्थित श्री श्री दुर्गा पूजा समिति दुर्गा हाट बाजार द्वारा आयोजित 57वें वार्षिक दुर्गा पूजा महोत्सव का उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। शुक्रवार को उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका सिंह पांडे, विशिष्ट अतिथि जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी और सम्मानित अतिथियों में जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, जिला परिषद डॉक्टर परितोष सिंह,उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा,पूर्व अध्यक्ष राजकुमार सिंह सहित अन्य शामिल हुए।मौके पर ग्रामीण विकास मंत्री श्रीमती दीपिका सिंह पांडे और जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने पूजा पंडाल का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर मंत्री ने मां दुर्गा से प्रदेशवासियों के सुख,शांति और समृद्धि के लिए कामना की। समिति द्वारा आयोजित पूजा पंडाल की थीम ह्लगौतम बुद्धह्व पर आधारित है। जो शांति,अहिंसा और धैर्य का संदेश देती है। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक चौधरी, विजय यादव, बबुआ सिंह व दुर्गा पूजा केंद्रीय समिति के प्रतिनिधि भूपेंद्र सिंह,धर्मेंद्र प्रसाद,गौतम प्रसाद सहित सैकड़ो स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## रेड क्रॉस सोसाइटी ने आयोजित किया रक्तदान शिविर, 20 यूनिट रक्त संग्रह



रंका (आजाद सिपाही)। केंद्र की मोदी सरकार की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 17 सितंबर को जन्म दिवस से लेकर दो अक्टूबर (गांधी जयंती) तक 'स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार'कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। जिसका उद्घाटन बीडीओ सुभम बेला तोपनो, रेड क्रॉस सोसाइटी के पेट्रॉन सदस्य डॉ यासीन अंसारी, चेयरमैन डॉ मुरली प्रसाद गुप्ता, रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ असजद अंसारी, समाजसेवी दया शंकर गुप्ता, उमेश अग्रवाल और डॉ एकरामुद्दीन ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर बीडीओ ने कहा कि रंका जैसे इलाकों में रक्तदान शिविर का आयोजन करना सराहनीय कार्य है। इस तरह के शिविर में महिलाओं को आगे आकर रक्तदान में योगदान देना चाहिए। वहीं, समाजसेवी डॉ यासीन अंसारी ने कहा कि रक्तदान करने से रक्तचाप संतुलित रहता है और हार्ट अटैक होने की संभावना कम होती है। कहा कि किसी की जान बचाना ही सबसे बड़ा मानव सेवा है। डॉ मुरली प्रसाद गुप्ता ने कहा कि स्वास्थ्य शिविर हो या रक्तदान शिविर या अन्य कई सामाजिक कार्यों में रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा बढ़चढ़ कर कार्य किया जाता है। रंका अस्पताल के प्रभारी डॉ असजद अंसारी ने कहा वो खुद अब तक 37 बार रक्तदान कर चुके हैं। आज उनका 38वां रक्तदान है। मंच का संचालन दया शंकर गुप्ता ने की। इस दौरान स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार का परिचय देते हुए सबसे पहले महिला चिकित्सक डॉ प्रीति सिंह ने रक्तदान कर शिविर की शुरूआत की। इस मौके पर डॉ मुरली प्रसाद गुप्ता, दया शंकर गुप्ता, अमन गुप्ता, उमेश अग्रवाल, डॉ गोरखनाथ पांडेय, डॉ प्रीति सिंह, डॉ इश्तेयाक, डॉ सुष्मिता सिंह, खालिद अनवर, बीपीएम नारायण कुमार और दिनेश गुप्ता आदि उपस्थित थे। दूसरी ओर, शिविर में 20 यूनिट रक्त संग्रह किया। रक्तदान करने वालों में डॉ असजद अंसारी, डॉ प्रीति सिंह तिवारी, डॉ कृष्णा कुमार, सचिन कुमार, मुकेश कुमार सोनी, सतीश कुमार, रंजित कुमार, विवेक कुमार पांडेय, लव कुमार पांडेय, किरण देवी, सतीश भगत, दीपक गुप्ता और पंकज कुमार आदि शामिल रहे।

## आरके पब्लिक स्कूल में मनाया गया दुर्गा पूजा उत्सव



मझिआंव (आजाद सिपाही)। आरके पब्लिक स्कूल में दुर्गा पूजा भक्ति भावना के साथ मनाया। जिसमें सभी छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई। कक्षा 9ए की छात्रा अनन्या वर्मा ने एक सारगर्भित भाषण दिया। वहीं, प्रधानाचार्य केआर झा ने अपने संबोधन में दुर्गा पूजा के गहरे दार्शनिक अर्थ पर प्रकाश डाला। कहा कि दुर्गा पूजा अंतर्निहित रूप से महिला सशक्तिकरण का प्रतीक है। वहीं, स्कूल के निदेशक अलख नाथ पांडे ने अपने विचार रखे। उन्होंने छात्रों के अद्भुत प्रदर्शन और समर्पण की अत्यधिक सराहना की।

## झगड़ाखांड में 34 वें वर्ष रामलीला मंचन का शुभारंभ



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत झगड़ाखांड में दुर्गा पूजा के अवसर पर आयोजित रामलीला का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख शोभा पाठक ने दीप प्रज्वलित कर किया। बताते चलें कि झगड़ाखांड में पिछले 34 वर्षों से ग्रामीण कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया जाता है, जो क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर के रूप में स्थापित हो चुका है। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख शोभा पाठक ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन आदर्शों से भरा है। उनके चरित्र को समाज और जीवन में आत्मसात करना जरूरी है। उन्होंने नारी सम्मान और सुरक्षा पर विशेष जोर देते हुए ग्रामीणों से शांति और भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की। इस मौके पर प्रमुख पति शैलेन्द्र पाठक, मंच संचालक पूजा समिति के सचिव निरंजन पाठक, पूजा समिति के अध्यक्ष जनक राम, कोष प्रमुख संतोष यादव, कामेश्वर वैद्य, आनंद साह, राजेंद्र साह, अंजनी कुमार, बसंत राम, महेंद्र ठाकुर, रविशंकर पाठक, शशिकांत ठाकुर, बैजनाथ सिंह, रामनिवास साह, गोपाल प्रसाद, पंकज, विपुल, विशाल, पारसनाथ आदि मौजूद थे।

## नवकन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शुक्रवार को शारदीय नवरात्र के अवसर पर नवकन्या पूजन कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रधानाचार्य जयंत कुमार ने नवरात्र के विशेष महत्व को बताते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने से विद्यार्थियों में आध्यात्म के प्रति आस्था की प्रेरणा जागृत होती है। वहीं, आचार्य एवं दीदीजी ने कन्याओं के चरण धोये, जिसके बाद विधिवत पूजा की गयी। मंच संचालन रीता चौबे ने किया। इस मौके पर आचार्य अशोक कुमार, नीतू गुप्ता, प्रीति शर्मा, अनुज कुमार, अजीत चौबे, अरुण कुमार साह, रमेश विश्वकर्मा, इन्द्रजीत गुप्ता, रामकेवल साह, नीता गुप्ता, अमृता पाठक, सुभद्रा देवी आदि उपस्थित थे।

## खड़ार टोला में गिरा कच्चा घर, मुआवजे की मांग



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के अरसली उतरी पंचायत के खड़ार टोला निवासी योगेंद्र भुइयां का कच्चा घर शुक्रवार की सुबह अचानक भरभरा कर गिर गया। इस हादसे में घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और खाने-पीने का सामान मलबे में दब गया। हालांकि इस हादसे में परिवार के किसी सदस्य के घायल होने की सूचना नहीं है। उधर, खबर पाकर वार्ड पति दयानंद प्रजापति मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया कि वे इस मामले को सरकार के समक्ष उठाएंगे। कहा कि घटना की जांच होनी चाहिए और योगेंद्र भुइया को तत्काल मुआवजा मिलना चाहिए, ताकि वे अपने परिवार के लिए पुनः आवास और आवश्यक सामग्री की व्यवस्था कर सकें।

# मां दुर्गा की भक्ति में डूबा मझिगावां एवं हरिहरपुर

## पांचवें दिन स्कंद माता की हुई पूजा-अर्चना, माता के दरबार में दर्शनार्थियों का तांता

आजाद सिपाही संवाददाता



शारदीय नवरात्र में जगह-जगह हो रही मां दुर्गा की पूजा। मंदिरों में उमड़े लोग।

**हरिहरपुर।** शारदीय नवरात्र ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया है। जगह-जगह मां दुर्गा के जयकारे गूंज रहे और मंदिर एवं पूजा पंडालों में श्रद्धा का सैलाब उमड़ रहा है। प्रखंड क्षेत्र के मझिगावां पंचायत स्थित भास्कर युवा क्लब मझिगावां बस्ती शिव मंदिर परिसर में इस वर्ष भी धूमधाम से दुर्गा पूजा का आयोजन हो रहा है। यहां दुर्गा पूजा की परंपरा साल 1954 से चली आ रही है। गांव के स्वर्गीय गायत्री चौबे (मुखिया जी), भूतपूर्व शिक्षक रामलखन चौबे और रतन साह की अगुवाई में पूजा की शुरुआत हुई थी। उस दौर में मूर्ति बिहार के डेहरी-ऑन-सोन से नाव के सहारे सोन नदी पार कर कंधे पर लादकर लायी जाती थी। समय के बदलाव के साथ पूजा स्थल और स्वरूप में परिवर्तन तो आया, लेकिन परंपरा आज भी उसी श्रद्धा और उत्साह से निभाई जा रही है। वर्तमान में पूजा कमेटी के अध्यक्ष शंभू नाथ साह ने बताया कि पूर्वजों की परंपरा को आगे बढ़ाना ही हमारा संकल्प है। वहीं, आचार्य अतुल मिश्रा बड़े धूम धाम से पूजा संपन्न प्रतिदिन शुभ मुहूर्त में करवाया करते हैं। दूसरी ओर, हरिहरपुर गांव स्थित देवी धाम बाजारी प्रांगण और दुर्गा मंदिर में भी नवरात्र के दौरान भारी भीड़ उमड़ रही है। पांचवें दिन शुक्रवार को स्कंद माता की पूजा-अर्चना विशेष श्रद्धा से संपन्न हुई। सुबह से ही माता के दरबार में दर्शनार्थियों की लंबी कतार लगी रही। मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों, झालरों और विद्युत लाइटों से सजाया गया। माता की प्रतिमा के विशेष श्रृंगार ने भक्तों को भावविभोर कर दिया। पूजा करा रहे पंडित राजकुमार पांडेय और दीपेंद्र देव विद्यार्थी ने बताया कि नौ देवी पूजन का सनातन धर्म में बड़ा महत्व है। स्थानीय मान्यता है कि यहां पूजा-अर्चना से मां दुर्गा विशेष कृपा बरसाती हैं और श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इसी कारण आसपास के गांवों-कस्बों से बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंच रहे हैं। वहीं, युवा टोली व्यवस्था संभालने में सक्रिय भूमिका निभा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यहां नवरात्र का आयोजन केवल धार्मिक आस्था का ही नहीं बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक बन चुका है।

## समाज सेवा के क्षेत्र में जायंट्स ग्रुप सदैव तत्पर है : राकेश केसरी



गढ़वा (आजाद सिपाही)। जायंट्ससेवा सप्ताह का समापन अध्यक्ष राकेश केशरी की अध्यक्षता में ज्ञान निकेतन स्कूल में संपन्न हुआ। इसमें गढ़वा जायंट्स, जायंट्स सहेली एवं जायन्ट्स आस्था के सदस्यों एवं पदाधिकारी ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष अलख नाथ पाण्डेय, विनोद कमलापुरी, मदन प्रसाद केशरी, फेडरेशन के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज केशरी रूपा गंजी, स्पेशल कमेटी के पूर्व सदस्य विजय केशरी, ग्रुप अध्यक्ष राकेश केशरी, सहेली अध्यक्ष सुनीता केशरी ने किया। जबकि संचालन फेडरेशन के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी एवं धन्यवाद ज्ञापन आस्था अध्यक्ष विराट राजा विश्वास ने किया। इस दौरान सभी ग्रुप के प्रशासनिक निदेशक ने अपने-अपने ग्रुप की ओर से किये गए सेवा कार्यो का विवरण प्रस्तुत किया। मौके पर जायंट्स के पूर्व अध्यक्ष दीपक तिवारी, बिनोद गुप्ता, ध्रुव केशरी, मनोज केशरी हिंदुस्तान सेनेटरी, कमलेश गुप्ता,अशोक केशरी, अवधेश कुशवाहा, मनोज केशरी पोस्टऑफिस, चंदन चंद्रवंशी,अशोक विश्वकर्मा, रविंद्र केशरी, चंद्रभूषण सिन्हा, मंदीप प्रसाद, रितेश केशरी मोनु, गुप्तेश्वर सोनी, जायन्ट्स सहेली की फाउंडर अध्यक्ष रश्मि कमलापुरी, पूर्व अध्यक्ष सिमा केशरी, माला केशरी, सुषमा केशरी, रितु जायसवाल, रंजना जायसवाल, संध्या केशरी, रीमा देवी, पल्लवी पुंज, संगीता गुप्ता, बिमला केशरी, रीना सोनी, वर्षा अग्रवाल, रीना केशरी, करुणा केशरी, प्रीति सोनी, जायंट्स आस्था के पूर्व अध्यक्ष डॉ अशोक सोनी, उत्तम जायसवाल और डॉ आशीष गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## नवरात्रि जैसे पवित्र त्योहार में खुलेआम बेचे जा रहे मांस-मछली-अंडे और शराब : रितेश



गढ़वा (आजाद सिपाही)। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रितेश चौबे ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि नवरात्रि जैसे पवित्र त्योहार में खुलेआम मांस, मछली, अंडे और शराब बेचे जा रहे हैं। जिससे पूजा पाठ में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। कहा कि जिला प्रशासन अविलंब कार्रवाई करते हुए दशहरा तक मांस, मछली और अंडे शराब की खुलेआम बिक्री पर प्रतिबंध लगाए। कहा कि झामुमो सरकार में हिन्दू त्योहार पर हमेशा व्यवधान उत्पन्न करने की साजिश की जाती है। आरोप लगाया कि हर त्योहार में स्थानीय स्तर पर समाजसेवी पूजा पंडाल के लोगों के साथ प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक होती है। पर उसके बाद भी मांस मछली अंडे शराब सहित अन्य व्यवस्था पर प्रशासन का ध्यान नहीं है।

## दर्शन पूजन से होती है मनोकामना पूरी : विजय



मेराल (आजाद सिपाही)। मेराल और आसपास गांव के आस्था का केंद्र प्रसिद्ध मां शायर देवी धाम में शारदीय नवरात्र के अवसर पर दर्शन पूजन के लिए प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भीड़ लग रही है। देवी धाम संचालन समिति के संरक्षक संजय भगत, नव पदस्थापित अध्यक्ष विजय प्रसाद ने बताया कि शारदीय नवरात्र हिन्दू धर्म का प्रमुख पर्व है, जिसमें मां दुर्गा के नौ रूपों की विधि-विधान से पूजा की जाती है। इस वर्ष देवी धाम में दर्जन भर कलश स्थापना कर श्रद्धालु भक्ति भाव से मां की आराधना की जा रही हैं। मेराल मुख्यालय के सभी 11 पूजा पंडालों एवं कई लोग अपने घरों में भी कलश स्थापना कर मां की भक्ति में लीन नजर आ रहे हैं। मंदिरों और पंडालों में भक्त, मां की पूजा अर्चना करने पहुंच रहे हैं। देवी धाम की ऐसी मान्यता है कि यहां दर्शन पूजन करने से श्रद्धालु की मन्नत पूरी होती है। इस अवसर पर अस्पताल चौक दुर्गा पूजा पंडाल में श्री राम कथा चल रहा है तो गोंदा और हासनदाग में स्थानीय कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया जा रहा है।

## नामकरण संस्कार का मानव जीवन गहरा प्रभाव : धीरूभाई जी महाराज



मेराल (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय के हॉस्पिटल चौक दुर्गा पूजा पंडाल में फ्रेंड्स क्लब की ओर से आयोजित 9 दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के चौथे दिन गुरुवार की रात कथावाचक धीरू भाई जी महाराज ने भगवान राम सहित चारों भाइयों के नामकरण संस्कार की कथा सुनाई। कहा कि राजा दशरथ के कहने पर गुरु वशिष्ठ द्वारा नामकरण संस्कार कराया गया, जिसमें चारों पुत्रों का नाम राशि, नक्षत्र और काल का वर्णन करते हुए बड़े पुत्र का नाम राम, भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न रखा गया।

## रंका प्रखंड परिसर में चलाया गया स्वच्छता जागरूकता अभियान

# स्वच्छता अपनायें और बीमारी को दूर भगायें : बीडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता



**रंका।** गढ़वा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के निर्देश के आलोक में शुक्रवार को रंका बीडीओ शुभम बेला तोपनों के नेतृत्व में प्रखंड परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसमें बीडीओ सहित काफी संख्या में प्रखंड एवं अंचल कर्मी, जल सहिया एवं अन्य लोगों ने शामिल होकर पूरे प्रखंड परिसर की साफ सफाई की। इसके बाद रैली निकालकर चेक नाका से लेकर दौनादाग स्कूल तक लोगों को स्वच्छता के बारे में जागरूक और स्वच्छता का संदेश दिया गया। बीडीओ ने कहा कि स्वच्छता की शुरूआत हम सभी को सबसे पहले अपने-अपने घरों से ही करनी चाहिए। कहा कि 'स्वच्छता अपनाएं , बीमारी दूर भगाएं'। वहीं, प्रधान सहायक मुकेश कुमार ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वच्छता के महत्व को समझना और बीमारी से बचना है। पीएलवी समाजसेवी अमरेंद्र कुमार ने कहा कि स्वच्छ मन स्वच्छ तन यही है जीवन का प्रण। इस मौके पर नाजीर शिव शंकर कुमार, पेय जल स्वच्छता विभाग के जिला कोऑर्डिनेटर महावीर प्रसाद, कंचनपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि चंद्रशेखर कुमार, रंकाकला के मुखिया रणजीत सोनी, कंप्यूटर ऑपरेटर मुकेश मेहता, सोनू तिवारी, पीएलबी कैमुद्दीन अंसारी, अमरेंद्र कुमार, वीरेंद्र बारी, पीएलबी राजेश कुमार चौधरी और जल सहिया शांति देवी आदि उपस्थित थे।

## वरिष्ठ एएनएम सुषमा गुप्ता का निधन



बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। अनुमंडल अस्पताल की वरिष्ठ एएनएम सुषमा गुप्ता का गुरुवार की रात इलाज के दौरान उत्तर प्रदेश के लखनऊ पीएमसीएच अस्पताल में निधन हो गया। वे 58 वर्ष की थी। वे अनुमंडल अस्पताल में लंबे समय से सेवा दे रही थीं। जानकारी के अनुसार अस्पताल की वरिष्ठ एएनएम सुषमा गुप्ता 15 सितंबर को जितिया पर्व पर उपवास की थी। उसके अगले ही दिन अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और वे बेहोश होकर गिर पड़ी थी। अनुमंडल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिये बाहर रेफर कर दिया गया था। परिजन उन्हें लखनऊ पीएमसीएच अस्पताल ले गये। जांच के क्रम में ब्रेन हेमरेज की पुष्टि हुई, जिसके बाद ऑपरेशन भी किया गया, लेकिन हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। उलटे और गंभीर हो गया। हालत गंभीर होने पर उन्हें वेंटिलेटर पर रखना पड़ा। अंततः उन्होंने दम तोड़ दिया। उधर, निधन की खबर पाकर शोक सभा आयोजित की गयी, जिसमें अस्पताल की उपाधीक्षक डॉ सुचित्रा कुमारी, डॉ गोखुल प्रसाद, प्रधान सहायक राजेश सिन्हा, सूरज, एकाउंटेंट राजीव कुमार, डाटा मैनेजर अनुरंजन पांडेय, एमपीडब्ल्यू असफाक अंसारी, शैलेश ठाकुर आदि ने शोक प्रकट किया। वहीं, रमना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भी सुषमा गुप्ता के निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। जहां स्वास्थ्यकर्मियों ने उनके निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी।

## पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने किया रंका-चिनियां का भ्रमण, दुर्गा पूजा समितियों का किया सहयोग



रंका (आजाद सिपाही)। राज्य के पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने रंका और चिनियां प्रखंड का भ्रमण किया। इस दौरान विभिन्न दुर्गा पूजा समिति के लोगों से मिलकर सहयोग किया और मां दुर्गा को नमन कर जिला और राज्य की खुशहाली की प्रार्थना की। मिथिलेश ठाकुर रंका प्रखंड के दूधवल पंचायत के बेलवादामर, अनहर, चुतरू पंचायत के बांदू बाजार दुर्गा मंडप, चुटिया पंचायत के भौंरी, गोदरमाना, विश्रामपुर पंचायत के बाईस प्लौट, कटरा पंचायत के टिकरचुइयां, सिरोई पंचायत के मझिगावां, बीरबांध, सेवड़ी गुजरी कंचनपुर पंचायत के रंका खुर्द देसहवा टोला, बाहाहारा पंचायत, तमगेकला पंचायत, मानपुर पंचायत, रंका दुर्गा मंदिर थाना मोड़, दुर्गा मंडप रंका, खरडीहा पंचायत के बजनवां मंदिर, शेरशाम एवं अन्य पंचायत के विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों में पहुंचे। इसके अलावा चिनियां प्रखंड के विलायतीखैर, खुर्री, डोल, हेताड़कला, बरवाडीह और बेता पंचायत के विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों में जाकर मां दुर्गा से क्षेत्र में शांति-सौहार्द की प्रार्थना की। उन्होंने भक्तों के साथ मां दुर्गा की आराधना की और सभी को नवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर झामुमो जिला अध्यक्ष शंभू राम, जिला उपाध्यक्ष रौशन पाठक, पूर्व बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष, केंद्रीय समिति सदस्य नितेश सिंह, प्रखंड अध्यक्ष जैनुल्लाह अंसारी, सचिव रतन सिंह और दीपक गुप्ता आदि मौजूद थे।


जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा
मध्यस्थता की चरणबद्ध प्रक्रिया

मध्यस्थता क्या है और इसका उद्देश्य क्या है?
मध्यस्थता (Mediation) एक स्वैच्छिक (voluntary), पक्ष–केन्द्रित (party&centric) वार्ता प्रक्रिया है, जिसमें एक निष्पक्ष तृतीय पक्ष, जिसे मध्यस्थ (Mediator) कहा जाता है, विशेष संवाद और वार्ता की विधियों का उपयोग करके पक्षकारों को उनके विवाद सुलझाने में सहायता करता है।

इसमें यह निर्णय पक्षकार स्वयं लेते हैं कि वे समझौता करना चाहते हैं या नहीं और यदि करते हैं, तो उसकी शर्तें क्या होगी । निर्णय मध्यस्थ का नहीं होता । जब समझौते की शर्तों पर दोनों पक्ष सहमत होकर हस्ताक्षर कर देते है और मध्यस्थ भी उसपर हस्ताक्षर करता है , तो वह समझौता अदालत के आदेश की तरह बाध्यकारी और लागू करने योग्य (binding & enforceable) हो जाता है।

मध्यस्थता में साक्ष्य (evidence) या प्रक्रिया (procedure) के नियम लागू नहीं होते। बातचीत गोपनीय (confidential) होती है और 'बिना पूर्वाग्रह' (ithout prejudice) के आधार पर होती है। अर्थात् इसे अदालतों में उपयोग नहीं किया जा सकता। यदि मध्यस्थता में समझौता नहीं हो पाता है, तो पक्षकार हमेशा अदालत या पंच (Arbitrator) के पास वापस जा सकते हैं।

मध्यस्थता क्यों चुनें?

* विवादों का निश्चित समय–सीमा के भीतर शीघ्र, आसान और प्रभावी समाधान।
* अदालत की तुलना में लागत प्रभावी।
* लचीली और अनौपचारिक प्रक्रिया, क्योंकि इसमें साक्ष्य या प्रक्रिया के नियम बाध्यकारी नहीं होते।
* मध्यस्थता में हुई चर्चाएँ गोपनीय रहती है।
* आपसी संबंधों में सुधार और उन्हें पुनः स्थापित करने में सहायक।
* मध्यस्थता ऑनलाइन या आमने –सामने दोनों तरीकों से की जा सकती है।
* पक्षकारों को आपसी सहमति से शर्तें तय करने का अवसर।
* चर्चा के दौरान दिए गए प्रस्ताव 'बिना पूर्वाग्रह' माने जाते हैं।
* समझौता पूरी तरह से पक्षकारों की स्वैच्छिक सहमति से होता है।
* यदि मध्यस्थता से समझौता नहीं होता है, तो अदालत में वापस जाने का विकल्प है ।
* मध्यस्थ के समक्ष हुआ समझौता कानूनन बाध्यकारी और लागू करने योग्य होता है, जैसे कि डिक्रीध पंचाट (award) ।
* मुकदमेबाजी के तनाव से बचाता है और सभी पक्षों के लिए लाभकारी होता है।
* न्यायालयों और न्यायाधीशाओं द्वारा समर्थित।

पहला चरण

पक्षकारों के अनुरोध पर न्यायालय किसी मामले को मध्यस्थता हेतु भेज सकता है। प्रारंभ में मध्यस्थ व्यक्ति सभी पक्षकारों के साथ बैठक करता है और मध्यस्थता की प्रक्रिया समझाता है। वह बताता है कि यह प्रक्रिया स्वैच्छिक एवं गोपनीय है तथा समझौते की शर्तें भी वह (मध्यस्थ) स्वयं तैयार नहीं कर सकता। लेकिन एक बार जब शर्तें तय हो जाती हैं और दोनों पक्ष उस पर हस्ताक्षर कर देते हैं, तो वह कानूनी रूप से बाध्यकारी हो जाती है। इस चरण में पक्षकार अपने विवाद के कारणों को भी संक्षेप में बताते हैं।

दूसरा चरण

इसके बाद मध्यस्थ आम तौर पर प्रत्येक पक्ष से अलग–अलग मिलकर बातचीत करता है ताकि सीधे टकराव की स्थिति उत्पन्न न हो। मध्यस्थ पक्षकारों की बातों को ध्यानपूर्वक सुनता है और उनकी वास्तविक इच्छाओं और समस्याओं को समझने की कोशिश करता है तथा समझौते के विकल्प तलाशता है। अलग–अलग बैठक करने से पक्षकारों की मान–प्रतिष्ठा भी बची रहती है क्योंकि शर्तें थोपी नहीं जाती, उसमें बदलाव करने का अवसर होता है।

तीसरा चरण

मध्यस्थ एक पक्ष के दृष्टिकोण और प्रस्ताव को दूसरे पक्ष तक पहुँचाता है, किसी भी कठोर शब्द को कोमल शब्दों में व्यक्त करता है, दोनों पक्षों के हितों का ध्यान में रखते हुए नए विकल्प विकसित करने के लिए पक्षों का मार्गदर्शन करता है और गतिरोध से बचाता है।

चौथा चरण

जब पक्षों के बीच उनकी संतुष्टि और कानून के अनुसार मौखिक समझौता हो जाता है, तो मध्यस्थ समझौते को लिखित रूप में प्रस्तुत करता है और उस पर पक्षों और मध्यस्थ द्वारा हस्ताक्षर किए जाते हैं, इसलिए यह कानूनी रूप से बाध्यकारी और लागू करने योग्य होता है।

मध्यस्थता के लिए कौन जा सकता है?

कोई भी व्यक्ति, कम्पनी या समूह, जो विवादोंध्सम्भावित विवादों से बचना या उन्हें समाप्त करना चाहता है, मध्यस्थता–उचित विवादों की सूची निम्नलिखित है, परंतु मध्यस्थता केवल इन्हीं विवादों तक सीमित नहीं है।

* वाणिज्यिक विवाद
* उपभोक्ता विवाद
* वैवाहिक या पारिवारिक विवाद
* अनुबंध आधारित कार्य और भुगतान से संबंधित विवाद
* प्रसारण और दूरसंचार संबंधी विवाद
* रोजगार या कार्यस्थल से जुड़े विवाद
* चेक वापसी
* किरायेदारी या संपत्ति विवाद
* कुछ विशेष आपराधिक विवाद (इत्यादि)

मध्यस्थता के लिए कहाँ, कब और कैसे जाएँ?

कहाँ: न्यायालय से संबद्ध मध्यस्थता केंद्र या सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा (दूरभाष–6200937857) या न्यायालय द्वारा निर्देशित किसी अन्य मध्यस्थता संस्था अथवा मध्यस्थ के पास।

कब और कैसे: मुकदमे के लम्बित रहने के दौरान, न्यायालय या मध्यस्थ के समक्ष मुक़दमे में पक्षकार किसी भी स्तर पर मध्यस्थता के लिए जाने के लिए सहमत हो सकते हैं और न्यायालय के अनुरोध कर सकते हैं कि मामले को न्यायालय से संबद्ध मध्यस्थता केन्द्र या किसी अन्य मध्यस्थता संस्था या किसी प्रतिष्ठित मध्यस्थ के पास मध्यस्थता के लिए भेजा जाए।

ह/0
सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकार,,कोडरमा

PR 363057 Law(25-26)D

## मुरहू में विधायक रामसूर्या मुंडा ने सोलर पंपसेट का वितरण किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** किसानों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने और खेती की लागत कम करने के उद्देश्य से शुक्रवार को मुरहू प्रखंड में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक रामसूर्या मुंडा ने किसानों के बीच सोलर आधारित पंपसेट का वितरण किया।विधायक ने कहा कि सौर ऊर्जा से चलने वाले पंपसेट किसानों को डीजल और बिजली की महंगाई से राहत देंगे। इससे सिंचाई की लागत में कमी आयेगी और उत्पादन क्षमता में बढ़ोतरी होगी। उन्होंने इसे आत्मनिर्भर खेती की दिशा में सरकार की महत्वपूर्ण पहल बताया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि डिक्सन पूर्ति, प्रखंड प्रमुख एलिस ओड़िया, बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा, आत्मा के प्रोजेक्ट डायरेक्टर अनुरंजन सिंह, बीटीएम शिप्रा शालिनी, बीओ पुराण ओरांव, सीओ शंकर कुमार विद्यार्थी, इंडीपीड़ी पंचायत के मुखिया सुखराम सरूकद समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

## उर्सुलाइन कॉन्वेंट स्कूल की शिक्षिका अल्बिना भेंगरा को उत्कृष्ट सेवा के लिए किया गया सम्मानित

**रांची सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स ने शिक्षिका को उत्कृष्ट सेवा के लिए डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम पुरस्कार से सम्मानित किया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** उर्सुलाइन कॉन्वेंट स्कूल की वरिष्ठ शिक्षिका अलबीना भेंगरा को रांची सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स के द्वारा उनके उत्कृष्ट सेवा के लिए डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह का आयोजन रांची के गुरु नानक पब्लिक स्कूल में 20 सितंबर को आयोजित किया गया था। इस अवसर पर शुक्रवार को उर्सुलाइन कॉन्वेंट स्कूल खलारी में विद्यार्थियों और शिक्षकों की उपस्थिति में उनके लिए सम्मान समारोह रखा गया, जिसमें उन्हें स्मृति चिन्ह और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. सिस्टर निर्मला सैमुएल ने उनके उत्कृष्ट सेवा के लिए उन्हें धन्यवाद दिया तथा उनके लंबी सेवा में उनके द्वारा विद्यार्थियों के लिए योगदान को प्रस्तुत किया। वहीं मैडम अल्बीना भेंगरा ने अपने संबोधन में उनके सहयोग के लिए विद्यालय प्रबंधन तथा सभी शिक्षकों को धन्यवाद दिया तथा विद्यार्थियों को ईमानदार बनने और पढ़ाई पर कड़ी मेहनत करने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या डॉ. सिस्टर निर्मला सैमुएल, उप-प्राचार्या सिस्टर नेली, शिक्षक प्रतिनिधि मुकेश कुमार सिंह, शशि कुमार चौधरी, अल्का राही सहित सभी शिक्षक - शिक्षिकायें और विद्यार्थी उपस्थित थे।

## ट्रक ने बिजली पोल को धक्का मारा, चालक की मौत

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा थाना क्षेत्र के रहमत कॉलोनी, कुलडा के पास एक ट्रक ने सड़क किनारे बिजली के पोल को धक्का मार दिया। धक्का लगने के बाद बिजली का पोल टूटकर ट्रक में फंस गया। उसी अवस्था में चालक ट्रक को चलाता हुआ लगभग आधा किलोमीटर दूर तक चला गया। कच्छप पेट्रोल पंप से थोड़ी दूर आगे जाकर चालक ने ट्रक को रोक दिया। घटना रात लगभग दो बजे की बतायी जाती है। बताया जाता है कि ट्रक रोकने के बाद चालक ट्रक के अंदर ही सो गया। सुबह में लोगों ने देखा कि वह मृत पड़ा है। संभावना व्यक्त की जा रही है कि हार्ट अटैक से उसकी मौत हो गयी। चालक की पहचान अमित कुमार राणा (40) के रूप में हुई। वह हजारीबाग जिले के चौपारण थाना क्षेत्र के मानगढ़ गांव का रहने वाला था। वह ट्रक पर सीमेंट डस्ट लेकर राउरकेला से लेकर पतरातू (रामगढ़) जा रहा था। घटना की जानकारी मिलने पर तोरपा थाना की पुलिस वहां पहुंची। घटना की जानकारी चालक के परिजनों को दी गयी। सूचना पाकर परिजन भी घटनास्थल पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

## सिल्ली पुलिस ने अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया



**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** सिल्ली पुलिस प्रशासन ने मेन रोड, बस स्टैंड, बुढ़ु मोड़ से लेकर लोहाडीह तक अतिक्रमण अभियान चलाया। सिल्ली अंचल अधिकारी अरुणिमा इक्का और थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर के नेतृत्व में पुलिस बल ने सड़क किनारे दुकानों और अतिक्रमण को हटवाया। दो दिन में सड़क किनारे सभी दुकनदारों को छज्जा हटाने रास्ते में दुकान का सामान हटाने के लिए दो दिन में सड़क किनारे हटाने का निर्देश दिया नहीं तो कानूनी कार्रवाई की जायेगी। पुलिस का कहना है कि इस अभियान का उद्देश्य पैदल चलने वाले लोगों और बाइक सवारों को सहज यातायात उपलब्ध कराना है ताकि वे पूजा के दौरान बिना किसी बाधा के घूम-फिर सकें और उत्सव का आनंद ले सकें।

## पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** सांसद कालीचरण मुंडा के आवासीय कार्यालय में जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा की अध्यक्षता में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय मनमोहन सिंह की 92 वी जयंती पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। मौके पर जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि उनके जैसे प्रतिभाशाली व्यक्ति शायद ही भारत वर्ष का प्रतिनिधित्व करने लायक हो। उनके जैसा अर्थशास्त्री एवं देश को आगे की ओर ले जाने वाले व्यक्ति को हम नमन करते हैं।

सांसद कालीचरण मुंडा ने कहा कि संपूर्ण भारत वर्ष में उनके जैसा नेक हर दिल अजीज प्रधानमंत्री होना असंभव है। उनके नेतृत्व में देश हमेशा आगे बढ़ जा रहा था, परंतु जब से भाजपा की सरकार आई, देश रसातल में चला गया। मौके पर सहकारिता प्रकोष्ठ के महासचिव नईमुदीन खां, आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष विलसन तोपनो, सांसद प्रतिनिधि पाडेया मुंडा, जिला प्रवक्ता रविकांत मिश्रा, गोपाल भगत, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता गोप, जेम्स तोपनो, पीटर मुन्डू, जुलियूस भेंगरा, रितूराज झा, जुनैद अहमद, शांता खाखा, सुषमा भेंगरा, मगरीता, अनीता, सुसारी, अजय साहू, अनमोल होरो आदि उपस्थित थे।

## गजगांव में रोजगार मेले का आयोजन




**खूंटी (आजाद सिपाही)।** बैंक ऑफ इंडिया आर सेटी खूंटी के तत्वावधान में शुक्रवार को मुरहू प्रखंड के गजगांव में रोजगार मेला का आयोजन किया गया। रोजगार मेले का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को रोजगार से जोड़कर उन्हें एक सफल उद्यमी बनना था। आर सेटी द्वारा समय-समय पर गांव में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है, ताकि बेरोजगार लोगों को रोजगार से जोड़ा जाए। भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आर सिटी में 64 प्रकार के प्रशिक्षण दिए जाते हैं। प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 900 सदस्यों को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लक्ष्य के विरुध अब तक 442 लोगों को प्रशिक्षण दिया गया है। इस वर्ष सरकार द्वारा शता प्रतिशत लक्ष्य को पूरा करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही सफल प्रशिक्षुओं को ;.ऋण उपलब्ध कराना है, ताकि कोई भी व्यक्ति बैंकिंग सेवा से वंचित न हो। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बैंक ऑफ इंडिया आर सेटी के सुशील कुमार ने कहा कि सभी व्यक्ति को प्रशिक्षण से जुड़कर हूनरमंद बनना चाहिए, ताकि खूंटी जिले को पूरे भारत में खूंटी जिले को उत्कृष्ट जिला बनाया जा सके। जागरूकता कार्यक्रम में 45 प्रशिक्षुओं ने प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए आवेदन पत्र भरा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से रोजगार सेवक, लीड्स के प्रकाश कुमार, विनोद राय आदि उपस्थित थे।

## शोकसभा कर ग्राम प्रधान संरक्षक को दी श्रद्धांजलि

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बारुहातू पंचायत भवन में प्रखंड ग्रामप्रधान संघ ने शोक सभा का आयोजन किया। शोक सभा में संघ के पूर्व अनुमंडल ओर प्रखंड संघ के अध्यक्ष वर्तमान संरक्षक मुंडा कृष्ण कुमार सिंह के निधन पर दो मिनट का मौन रख, उनके चित्र पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।इनका निधन 21 सितंबर को हुआ था। मौके पर संघ के सचिव गोपाल सिंह मानकी, उपाध्यक्ष जगत पाल बडाईक, कोषाध्यक्ष युगल किशोर सिंह मुंडा, फणिभूषण सिंह मुंडा, ब्रम्ह नारायण सिंह मुंडा, लेलिन पहान, जीवाधन सिंह मुंडा, रवि सिंह मुंडा, सुरेन्द्रनाथ सिंह मुंडा सहित कई ग्रामप्रधान मौजूद थे।

## तमाड़ स्टैंड चौक से कोठारी चौक तक सड़क बनी तालाब



सड़क पर जमा पानी।

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ स्टैंड चौक से कोठारी चौक तक की सड़क बारिश की वजह से तालाब बन गयी है। दुर्गा पूजा में लोगों को आने जाने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर जगह-जगह तीन से चार फीट तक पानी भरा हुआ है। इसी सड़क से होकर कोठारी बंधु चौक पूजा में आकर्षक पंडाल बन रहा है। मोदीडीह दुर्गा पूजा समिति का भी पंडाल इसी सड़क से होकर जाना पड़ता है। रायडीह-तमाड़ सड़क भी तालाब के पास टूटा हुआ है। इसी पर जान हथेली पर रखकर लोग आना जाना कर रहे हैं। इसे सड़क पर कहीं मौज मस्ती के चक्कर में कोई अनहोनी ना हो जाये, क्योंकि सड़क पर बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे बन गये हैं जिसमें लबालब पानी भरा हुआ है। सड़क के पत्थर बाहर निकल आये हैं। वर्षों पुर्व यह सड़क बनी थी लेकिन आज इस सड़क की सुधी लेने वाला कोई नहीं है। जनप्रतिनिधि सब कुछ जानते हुए खामोश है।

## आदि सेवा केद्रों के प्रभावी संचालन और विलेज विजन एक्शन प्लान को लेकर बैठक



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** आदि कर्मयोगी अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित किये जा रहे आदि सेवा केंद्र के प्रभावी संचालन तथा विलेज विजन एक्शन प्लान तैयार करने को लेकर शुक्रवार को समाहरणालय स्थित सभागार में बैठक आयोजित की गयी, जिसकी अध्यक्षता परियोजना निदेशक आइटीडीए आलोक शिकारी कच्छप ने की। बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी समेत जिला स्तरीय अधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी उपस्थित थे। परियोजना निदेशक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आदि सेवा केंद्र को संचालित करने के लिए आदि सहयोगी, आदि साथी एवं आदि प्रभारी नियुक्त किये गये हैं।

## विद्यार्थी परिषद ने बिरसा कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद खूंटी के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को बिरसा कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य चंद्र किशोर भगत को मांगों से संबंधत पांच सूत्रीं ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में शिक्षक और कर्मचारियों की त्वरित बहाली, प्रशासनिक कार्यों का समयबद्ध समाधान, लाइब्रेरी एवं प्रयोगशाला की सुचारू व्यवस्था, छात्रावास, पेयजल और स्वच्छता सुविधा उपलब्ध कराना और इंफ्रास्ट्रक्चर एवं विद्युत सेवाओं की अच्छी व्यवस्था की मांग की गयी है। मौके पर विद्यार्थी परिषद के रांची विभाग संयोजक प्रकाश टूटी, खूंटी जिला संयोजक पवन कुमार, प्रदेश कार्यकारिणी हीरांजलि हेंब्रम, मंगल कुम्हार, शांति बोदरा, सत्यम साहू, कंचन कच्छप आदि मोजूद थे।

## 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान के तहत संयुक्त टीम ने किया खलारी पीएचसी का निरीक्षण

**पीएचसी में स्वस्थ्य जांच शिविर में स्कूली छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों की हुई जांच**



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** केंद्र सरकार द्वारा संचालित 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को केंद्र, राज्य और जिला की संयुक्त टीम के द्वारा खलारी पीएचसी का औचक निरीक्षण किया गया। टीम ने निरीक्षण के दौरान पीएचसी में ह्यस्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत संचालित विभिन्न स्वास्थ्य गतिविधियों का जायजा लिया। वहीं इस दौरान खलारी पीएचसी में लगाये गये स्वस्थ्य जांच शिविर में स्कूली छात्र-छात्राओं का सिकल सेल, एनीमिया, हिमोग्लोबिन सहित अन्य जांच किया गया। साथ ही जांच शिविर में आसपास क्षेत्रों से आए ग्रामीण महिला पुरूषों ने भी अपना स्वास्थ्य की जांच कराये। शिविर में निरीक्षण टीम के सदस्यों ने ने स्कूली छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों से संवाउ कर उन्हे उचित स्वास्थ्य परामर्श दिया।

इस दौरान शिविर में जांच कराने वाले 95 छात्रों एवं ग्रामीणों को निःशुल्क दवा का भी वितरण किया गया। निरीक्षण टीम ने पीएचसी में उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं पर संतोष जताया। वहीं कई अवाश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस मौके पर बुढमू सीएचसी प्रभारी डॉ. तारिक अनवर, खलारी पीएचसी चिकित्सक डॉ. मो. इरशाद, अजीत कुमार, मिथिलेश मंडल, अबुल कलाम, एएनएम किरण तिर्की, सुबाला कुमारी, पूनम कुमारी, प्रफुलित बेक, सीएचओ अंजना नाग, बिंदु कुमारी, श्रष्टि रानी, एलटी परवेज खान, तबु, सुर्यदेव, जयवीर सादव सहित सहिया, सेविकाएं एवं अन्य उपस्थित थे।

## एकल अभियान का 10 दिवसीय प्रारंभिक नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग संपन्न



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** एकल अभियान संभाग दक्षिण झारखंड, भाग रांची, अंचल खूंटी में गत 17 सितंबर से आयोजित 10 दिवसीय प्रारंभिक नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग शुक्रवार को संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण वर्ग में 36 आचार्यों ने भाग लिया। प्रशिक्षण वर्ग के समापन सत्र में उपस्थित संभाग एवं भाग उपाध्यक्ष बालमुकुंद कश्यप सुमधुर गीतों के माध्यम से आचार्यों को उत्साहित किया। खूंटी अंचल अध्यक्ष ज्योतिष भगत ने आचार्यों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि समाज एवं राष्ट्र को आगे ले जाने में एकल की भूमिका महत्वपूर्ण है। अंचल उपाध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि राष्ट्र ही सर्वोपरी है, समाज को संगठित करते हुए सनातन संस्कृति की भी रक्षा करनी होगी। मौके पर प्रशिक्षण वर्ग में शामिल सभी आचार्यों को जय श्रीराम का पट्टा देकर सम्मानित किया गया। समापन सत्र में अंचल के कार्यकर्ता अंचल अभियान प्रमुख सुंदर पाहन, अंचल प्राथमिक शिक्षा प्रमुख बिरेंद्र मुंडा, अंचल कार्यालय प्रमुख अजय प्रधान, अंचल गतिविधि प्रमुख जयसिंह मुंडा, अंचल कार्यालय सहायक दुर्गाचरण मुंडा, संच प्रमुख शिवचरण मुंडा, सविता देवी, अमृता देवी आदि उपस्थित थे।

## कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड, विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम, रांची द्वारा शुक्रवार को नगर भवन खूंटी में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कानूनी जागरूकता शिविर में विद्युत शिकायत निवारण फोरम झारखंड के अध्यक्ष राकेश सिंह, सदस्य अमित सिंह, डालसा खूंटी के सचिव राजश्री अर्पणा कुजूर मुख्य रूप से शामिल हुए और विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों को सुनकर हर संभव समाधान का आश्वासन देते हुए उपभोक्ताओं को बिजली संबंधित जरूरी कानूनी जानकारी दी। इस मौके पर विद्युत कार्यपालक अभियंता खूंटी जेम्स कुजूर, विद्युत कार्यपालक अभियंता रांची पूर्वी राजेश मंडल, कनीय विद्युत अभियंता अमित कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिविर में आये लोगों ने स्मार्ट मीटर लगने के बाद से ही बिल आने में देरी और बिल में गड़बड़ी होने की बात कही, वहीं दूरदराज गांवों से आए लोगों ने बार-बार ट्रांसफार्मर खराब होने की शिकायत की। दूरदराज क्षेत्रों से आए आम ग्रामीणों की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए बिजली विभाग के अधिकारियों ने वैसे क्षेत्रों जहां पर बिजली नहीं पहुंची है, वहां छह माह के अंदर बिजली पहुंचाने का काम शुरू करने का निर्देश दिया। शिविर में पीएलवी के सदस्य, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल खूंटी के कर्मचारियों समेत बड़ी संख्या में विद्युत उपभोक्ता एवं आम लोग शामिल हुए।

## बड़कागांव विधायक ने किया पिपरवार का दौरा, कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** बड़कागांव से भाजपा विधायक रोशनलाल चौधरी ने सीसीएल पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान बचरा पहुंचने पर एनडीए कार्यकर्ताओं ने विधायक रोशनलाल चौधरी का जोरदार स्वागत किया। इसके बाद विधायक रोशनलाल चौधरी कार्यकर्ताओं के साथ पिपरवार क्षेत्र के बचरा बस्ती में चल रहे फुटबॉल टूर्नामेंट के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान विधायक रोशनलाल चौधरी ने विजेता एवं उपविजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया, साथ ही अपने ओर से खेल और खिलाड़ी का मनोबल बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास एवं सहयोग करने का भरोसा दिया। इसके बाद विधायक रोशनलाल चौधरी ने बचरा में भाजपा और आजसु के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की, जिसमें क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गयी, कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र की समस्या से उन्हें अवगत कराया। वहीं विधायक रोशनलाल चौधरी ने विकास कार्यों पर चर्चा करते हुए समस्याओं का समाधान करने का भरोसा दिया। वर्तमान में झारखंड में चल रहे कुड़मी एवं आदिवासी समाज के बीच टकराव पर उन्होंने कहा कि किसी भी समाज को अपनी बात रखने का पूरा अधिकार है। समाज के लोगों को संवैधानिक तरीके से अपनी बात रखने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज को किसी दूसरे समाज के प्रति गलत बयान बाजी और गलत टिप्पणी करना दुर्भाग्यपूर्ण है। कुड़मी और आदिवासी समाज को संवैधानिक तरीके से अपनी अपनी बात रखने की पूरी आजादी है। लोकतंत्र में अभद्र टिप्पणी, गलत बयान बाजी और अपशब्द का कोई स्थान नही है। सभी समाज के लोग संवैधानिक तरीके से अपनी बात को रख सकते हैं। इस अवसर पर आजसु के रांची जिला उपाध्यक्ष नागेश्वर महतो, भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार शर्मा, आजसु पिपरवार नगर अध्यक्ष विनोद सिंह, सांसद प्रतिनिधि रविंद्र सिंह, लक्ष्मण कुमार मंडल, अर्जुन महतो, नरेश महतो, सुनील प्रसाद, अरूण सिंह, जगदीश महतो, गणेश महतो, उमेश मेहता, प्रमोद प्रजापति, दामोदर, अवधेश महतो, काशीनाथ, मनोज महतो, शंभु गुप्ता सहित काफी संख्या में भाजपा और आजसु कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मातृ-शिशु मृत्यु दर कम करने के लिए ठोस कार्य करने की जरूरत: डॉ आशुतोष तिग्गा

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मुरहू में प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डॉ आशुतोष तिग्गा की अध्यक्षता में शुक्रवार को कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसरों (सीएचओ) का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम सीनी संस्था और एक्सिस बैंक फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित किया गया। आयोजन में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने सभी प्रतिभागियों को मातृ एवं शिशु मृत्यु दर काम करने को लेकर अवश्य निर्देश दिए। इस दौरान सीनी संस्था के ग्रामीण स्वास्थ्य एवं पोषण कार्यक्रम के राज्य कार्यक्रम प्रबंधक राजेश मिश्रा ने मातृ और बाल मृत्यु दर को कम करने, गैर संचारी रोग से बचाव और उपचार, कुपोषण, पोषक आहार, किशोर किशोरी की साफ-सफाई एवं व्यवहार परिवर्तन आदि पर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के मुरहू प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक विनोद कुमार, प्रखंड डेटा प्रबंधक अश्विनी कुमार, सीनी संस्था की जिला समन्वयक संगीता मिश्रा और ग्राम पंचायत सुपरवाइजर प्रशांत कुमार, कम्युनिटी मोबिलाइजर नवीन, सुशीला एवं स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## डीएवी बचरा में बुर्जुगों के सम्मान और कल्याण के लिए बच्चों को दिलायी गयी शपथ



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में शुक्रवार को स्कूल में गरिमा के साथ वृद्धावस्था पहल के संबंध में विद्यालय की प्राचार्या डॉ. अभिलाषा कुमारी ने सभी छात्र-छात्राओ को बुजुर्गों का सम्मान करने और उनका ध्यान रखने की शपथ दिलायी। विद्यालय में कक्षा तृतीय से कक्षा बारहवीं तक के छात्र-छात्राओ व शिक्षक शिक्षिकाएं शपथ समारोह में शामिल रहे। बुर्जुगों के साथ होने वाले किसी भी दुर्व्यवहार के खिलाफ लड़ने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। एक ऐसे सहायक और समावेशी समाज के निर्माण में योगदान देंगे, जहां वरिष्ठ नागरिक सम्मान और गरिमा के साथ रह सकें। यह पहल युवाओं को बुर्जुगों के महत्व को समझाने के लिए शुरू की गयी है, ताकि वे उनके अनुभव और मार्गदर्शन का सम्मान करें और उन्हें अकेला महसूस नही होने दें। यह अभियान सम्मान के साथ वृद्धावस्था (एजिंग विद डिग्निटी) जैसी सरकारी पहलों का हिस्सा है, जिसे सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित किया जाता है। इस मौके पर विद्यालय में सभी छात्र-छात्रायें, अभिभावक व शिक्षक, शिक्षिकाएं मौजूद थे।

## बारिश के बीच पंडालों का निर्माण कार्य जोरों पर



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बारिश के बीच पंडालों का निर्माण कार्य जोरों से चल रही है दुगार्पूजा का पंडाल का खोलना अभी देर है। ऐसे में बंगाल से आये कारीगर जी जान से पंडाल को अंतिम रूप देने में लगे हुये हैं। इस बार बुंडू में पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी भारी भीड़ की उम्मीद की जा रही है। कई पंडालों में आकर्षक विद्युत लाइटिंग की व्यवस्था की जा रही है। बुंडू के बिहार क्लब में इस बार 75 फीट का जगन्नाथ पुरी मंदिर का प्रारूप तैयार किया जा रहा है।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 27 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in
09

# बुढ़मू में डिग्री कॉलेज निर्माण की मांग को लेकर राज्यपाल से मिला विश्व सेवा परिषद का प्रतिनिधि



**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** रांची जिले के बुढ़मू में डिग्री कॉलेज के निर्माण की मांग को लेकर विश्व सेवा परिषद के प्रदेश अध्यक्ष राहुल राज के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल राज्यपाल से मिला। राहुल राज ने बताया कि बुढ़मू दर्जनों गांवों का मुख्य केंद्र है। बावजूद इसके क्षेत्र में दूर-दूर तक कोई डिग्री कॉलेज नहीं है। अगर इस क्षेत्र में एक डिग्री कॉलेज खुलता है तो यहां के विद्यार्थियों को काफी लाभ होगा। शिक्षा का स्तर जन-जन तक पहुंचेगी, जिससे हम एक बेहतर झारखंड बनाने की बुनियाद रख सकते हैं। प्रतिनिधि मंडल में मौजूद वरिष्ठ शिक्षाविद मधुसूदन साहू ने कहा कि इस क्षेत्र में डिग्री कॉलेज बेहद आवश्यक है। मौके पर अशोक कुमार, राजीव कुमार सिंह, ओमप्रकाश साहू और करमचंद उरांव आदि मौजूद थे।

# हमारे जीवन में खेल की महत्वपूर्ण भूमिका : सन्नी टोप्पो



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** सापुकेरा एबीसी युवा क्लब की ओर से आयोजित स्व सूरज मुंडा एकदिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुक्रवार को शानदार आगाज हुआ। जिसका उद्घाटन भाजपा के युवा नेता सन्नी टोप्पो ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फुटबॉल को किक मारकर मैच की शुरुआत की। इस असर पर सन्नी टोप्पो ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये हमें सिर्फ शारीरिक रूप से स्वस्थ नहीं रखते, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व जैसे गुण भी सिखाते हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेलने की सलाह दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं, प्रतियोगिता के आयोजकों ने बताया कि यह टूर्नामेंट दिवंगत सूरज मुंडा की स्मृति में आयोजित किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के युवा प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करना है, ताकि वे अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। इस प्रतियोगिता में विजेता टीम को 90 हजार और उपविजेता टीम को 60 हजार रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। मौके पर सूरज देवघरिया, धनवा बरला, चरकु साहु, विजय सिंह, पवन कुमार रोहित साहु, पवन सिंह, भदीय महली, विनय भेंगरा, अजय भेंगरा, आशिष कन्डुलना आदि मौजूद रहे।

# एसएसबी 26वीं वाहिनी के दो दिवसीय अंतर बटालियन बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन




**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** एसएसबी 26वीं वाहिनी की ओर से उषा मार्टिन यूनिवर्सिटी में आयोजित दो दिवसीय अंतर वाहिनी बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुक्रवार को समापन हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में 26वीं वाहिनी के कमांडेंट राजीव भट्ट शामिल हुए। प्रतियोगिता में एसएसबी क्षेत्रीय मुख्यालय गयाजी और इसके अंतर्गत 16वीं वाहिनी जमुई, 29वीं वाहिनी गया, 32वीं वाहिनी लातेहार, 35वीं वाहिनी चतरा एवं 26वीं वाहिनी रांची की टीमों ने भाग लिया। दूसरे दिन खेला गया सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबला काफी रोमांचक रहा। इसमें खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन किया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फाइनल मैच को शुरू कराया। प्रतियोगिता में कुल पांच मुकाबले हुए। ओपन मेन्स सिंगल में 29वीं वाहिनी के आरक्षी विमिसुआन लियान विजेता और आरक्षी इनायतुल्ला उपविजेता बने। जबकि ओपन मेन्स डबल में 35 वीं वाहिनी के विजेता (मुख्य संचार) कुमार राहुल सिंह और आरक्षी इनायतुल्ला एवं उपविजेता 29 वीं वाहिनी के आरक्षी राम नरेश और विमिसुआन लियान उपविजेता हुए। ओपन मेन्स सिंगल (45 साल के उपर) में विजेता 35वीं वाहिनी के एएसआई अमुतोंबी और उप विजेता 26वीं वाहिनी के द्वितीय कमांडेंट सरदार सिंह बने। ऑफिसर सिंगल के विजेता 16वीं वाहिनी के सहायक कमांडेंट (संचार) नीरज कुमार एवं उप विजेता क्षेत्रीय मुख्यालय गयाजी के उप कमांडेंट वागेन्द्र कुमार यादव हुए। ऑफिसर डबल के विजेता क्षेत्रीय मुख्यालय गयाजी के उप कमांडेंट दुर्गा प्रसाद यादव तथा उप कमांडेंट वागेन्द्र कुमार यादव, उपविजेता क्षेत्रीय मुख्यालय गयाजी के द्वितीय कमांडेंट अंजय कुमार रजक एवं 16वीं वाहिनी के सहायक कमांडेंट (संचार) नीरज कुमार रहे। बाद में मुख्य अतिथि ने विजेता और उपविजेता को मेडल देकर पुरस्कृत किया। मौके पर 26 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के सभी अधिकारी एवं जवान उपस्थित थे।

# बेड़ो में आवारा कुत्तों का आतंक



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक दिन- प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। हालात ऐसे हो गये हैं कि लोग शाम ढलते ही घरों से बाहर निकलने से डरने लगे हैं। दर्जनों की संख्या में कुत्ते गलियों और सड़कों पर झुंड बना कर घूमते रहते हैं। राहगीरों को देखते ही वे पीछे पड़ जाते हैं, जिससे लोगों में दहशत का माहौल है। गुमला एवं लोहरदगा रोड के बीचोबीच आवारा कुत्तों की भरमार है, जो अक्सर आने-जाने वाले लोगों पर झपट पड़ते हैं। इन सबके बावजूद प्रशासन इन कुत्तों की समस्या से निजात दिलाने के लिए कोई विशेष कदम नहीं उठा रहा। बेड़ो के अंदर ऐसी कोई गली और मोहल्ला नहीं जहां आवारा कुत्तों का आतंक न हो। दोपहर में भी ये कुत्ते बच्चों एवं बुजुर्गो को निशाना बनाने से नहीं चूकते। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। यदि जल्द ही इस पर ध्यान नहीं दिया गया, तो बड़ी घटना घट सकती है। बेड़ो वासियों ने प्रखंड प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि आवारा कुत्तों को पकड़ने की व्यवस्था करें, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

# सौहार्दपूर्ण माहौल में मनायें त्योहार : बंधु तिर्की



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे दुर्गा पूजा को लेकर शुक्रवार को थाना परिसर में पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों एवं थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान के साथ बैठक की। इस दौरान बंधु तिर्की ने लोगों से सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील की। साथ ही पुलिस अधिकारियों को भी विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। वहीं, थाना प्रभारी ने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान अशांति फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। असामाजिक तत्वों पर पुलिस पैनी नजर रहेगी। मौके पर बेड़ो, खत्री खटंगा, पाकलमेड़ी, तुको, दिघिया, ईंटा चिल्द्री, घाघरा और मुरतो दुर्गा पूजा समिति के सदस्य शामिल थे।

# डीएवी नीरजा सहाय में नवदुर्गा को नमन



**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** कांके स्थित नीरजा सहाय डीएवी में शारदीय दुर्गा पूजा के उपलक्ष्य में आयोजित रंगारंग कार्यक्रम में एल केजी से सातवीं कक्षा तक के छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्या किरण यादव ने किया। इसके बाद कक्षा एल केजी की छात्राओं ने मां दुर्गा के नौ रूपों को प्रस्तुत दी। कक्षा यू केजी की छात्र -छात्राओं ने दुर्गा स्तुति का पाठ कर उपस्थित दर्शकों की प्रशंसा बटोरी। अगले चरण में पहली कक्षा की छात्र-छात्राओं ने डांडिया नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। दूसरी कक्षा के छात्र- छात्राओं द्वारा प्रस्तुत धुनुची नृत्य तो सोने पर सुहागा था। उपस्थित दर्शकों ने इस प्रस्तुति की दिल खोलकर प्रशंसा की। प्राचार्या किरण यादव ने कहा कि दुर्गा पूजा केवल बुराई पर अच्छाई की जीत का ही नहीं, बल्कि नए संकल्पों और नयी ऊर्जा का भी त्योहार है। हमें अपनी अगली पीढ़ी को अपने संस्कारों और आदर्शों की जानकारी देने का भी यह सही समय है। कार्यक्रम का संचालन अवंतिका सिंह ने किया। मौके पर निवेदिता, बबली रानी, अल्का सिन्हा, माधुरी, शाम्भवी, रितिका कुमारी आदि मौजूद रहे।

# बेड़ो के नेहालु के रोगों में बारिश से गिरा घर

**बेड़ो (आजाद सपिाही)।** प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में रुक-रुक कर लगातार हो रही बारिश के कारण प्रखंड के नेहालु पंचायत के रोगो गांव में शुक्रवार की शाम ममता कुमारी का घर गिर गया। इससे घरेलू सामान दबकर बर्बाद हो गये। पीड़िता ममता ने बताया कि वो किसी प्रकार जान बचाकर घर से बाहर निकल सकी। पर घर गिरने से इस बरसात में बेघर हो गयी है। घर में रखे सामान दबकर एवं भींगकर बर्बाद हो गए। उधर, घटना की जानकारी मिलने पर मुखिया वीरेंद्र भगत पहुंचे और पीड़िता के घर का मुआयना किया। साथ ही आपदा प्रबंधन के तहत उचित मुआवजा दिलाये जाने का आश्वासन दिया।

# अनगड़ा में खुला पहला वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड की जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुंडा ने बताया कि युवाओं के लिए अनगड़ा प्रखंड का यह पहला वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर है। इसके लिए उषा मार्टिन का प्रबंधन बधाई के पात्र है। उन्होंने कहा कि इस सेंटर के होने से सोलर पैनल इंस्टॉलेशन सेंटर में युवा प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। चूंकि आने वाला समय सोलर एनर्जी का है। इससे अनगड़ा और नामकुम प्रखंड के युवाओं को बहुत लाभ मिलेगा।

## आइएचएम रांची में पहला 'राष्ट्रीय जनजातीय पर्यटन सम्मेलन 2025' का आयोजन

# झारखंड सभी राज्यों के प्रमुख पर्यटन स्थलों का समावेश है : विजय जाधव

आजाद सिपाही संवाददाता



'राष्ट्रीय जनजातीय पर्यटन सम्मेलन' में उपस्थित गणमान्य लोग।

**मांडर।** होटल प्रबंधन संस्थान (आइएचएम) ब्राम्बे में जनजातीय धरोहर का वैश्वीकरणः समावेशी, उत्तरदायी और सतत पर्यटन विषय आधारित पहला 'राष्ट्रीय जनजातीय पर्यटन सम्मेलन' का आयोजन शुक्रवार को हुआ। इसका मुख्य उद्देश्य स्वदेशी जनजातीय संस्कृति और व्यंजनों को उजागर करना, उत्तरदायी पर्यटन के माध्यम से जनजातीय विकास में विचारों और सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू हितधारकों के लिए एक मंच तैयार करना, जनजातीय समुदायों को उनकी सांस्कृतिक अखंडता को संरक्षित करते हुए सशक्त बनाने वाली स्थायी पर्यटन नीतियों पर चर्चा करना और झारखंड को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर एक प्रमुख गंतव्य के रूप में बढ़ावा देना है। जनजातीय सम्मेलन 2025 के मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के पर्यटन विभाग के निदेशक विजया जाधव के अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में रांची मोराबादी के रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव स्वामी भावेशनंद, एवं सम्मेलन के अध्यक्ष आईएचएम रांची के प्राचार्य डॉ भूपेश कुमार मौजूद रहें। वहीं, मुख्य वक्ता में कलिनरी और न्यूट्रिशन कंसल्टेंट संगीता खन्ना, द ओपन फील्ड झारखंड की सह-संस्थापक और सीइओ डॉ मनीषा उरांव, टी जॉन कॉलेज के होटल प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष संजीव खल्खो और रांची बीआईटी मिश्रा के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ निशिकांत कुमार उपस्थित रहें। इस मौके पर राजकीय मानभूम छउ नृत्य कला केंद्र, सिल्ली की ओर से छउ नृत्य की अद्भुत प्रस्तुती दी गयी। साथ ही संस्थान की पहली वार्षिक मैगजीन 'पलाश वृत्त' और फंडामेंटलस ऑफ मार्केटिंग स्किल्स पुस्तक का विमोचन किया गया। इस अवसर पर विजय जाधव ने रांची आइएचएम की ओर से जनजातीय धरोहर का वैश्वीकरण विषय पर आधारित जनजातीय सम्मेलन के आयोजन की प्रशंसा एवं छउ नृत्य की प्रस्तुती की सराहना की। बताया कि कहा कि हमारे पास पर्यटन के साथ जनजातीय संबंधित चीजों को अच्छे से प्रस्तुत करने एवं पर्यटन की दिशा, राज्य की कला-संस्कृति, स्थानीय व्यंजन, पर्यटन की अनुभती करने की जरूरत है। बताया कि झारखंड सभी राज्यों के प्रमुख पर्यटन स्थलों का समावेश है। हमें पता होना चाहिए की हमारे पास कितनी वेशकीमती पर्यटन है। राज्य के जनजातीय लोगों में लैंगिक असमानता नहीं है। दोनों अर्थव्यवस्था के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कहा कि हमारे राज्य में वृक्षों को राखी बांधने की परंपरा, स्थानीय व्यंजनों में समृद्ध पोषण, महुआ जो खुद में औषधि है, समुदाय आधारित गृह-निवास, बांध से जुड़ा उत्सव, विभिन्न त्योहारों पर अपने मंतव्य साझा किया। एयोटा के साथ जुड़ाव के बारे में कहा की पर्यटन विकास किसी एक की नहीं, बल्कि हम सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है। प्राचार्य डॉ भूपेश कुमार ने बताया कि इस सम्मेलन का उद्देश्य केवल शैक्षणिक विमर्श नहीं, बल्कि जनजातीय संस्कृति और व्यंजन को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देना है। राज्यकीय कला-संस्कृति, व्यंजन के साथ ही पर्यटन को विश्व पटल पर पहुंचाने में सभी का योगदान जरूरी है। कहा कि साल 2026 में इस सम्मलेन को विश्वस्तरीय पर आयोजित किया जायेगा। इस मौके पर मुख्य वक्ता संगीता खन्ना ने झारखंड के पर्यावरण और आदिवासी संस्कृति का बखान किया। वहीं, डॉ मनीषा ओरांव, डॉ निशिकांत कुमार, संजीव खलको आदि ने भी अपने-अपने विचार रखे। इस दौरान दौरान तकनीकी सत्र का भी आयोजन किया गया जिसमें डॉ निशिकांत कुमार, बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मेसरा के डॉ मनीषा ओरांव, सह-संस्थापक, द ओपन फील्ड, झारखंड डॉ लडली रानी, रांची विश्वविद्यालय की सहायक प्रोफेसर डॉ पंकज चटर्जी, आदि मौजूद रहे।

# निरंतर सीखना ही बदलते दौर में सफलता और आत्मनिर्भरता का मूल मंत्र है : विनय

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** किसी को अपने करियर में निरंतर प्रगति करनी है और व्यक्तिगत रूप से सफल होना है तो उसे लगातार सीखते रहना होगा। पहले बुनियादी कौशल अर्जित करें, फिर समय के साथ उन्हें अपग्रेड करे और नई चुनौतियों के लिए खुद को रिस्किल करें। उक्त बातें शुक्रवार को झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी रांची के मैनेजर प्लेसमेंट एंड इंडस्ट्री लिंकेज विनय कुमार ने कही। वे झारखंड गवर्नमेंट टूलरूम रांची में आयोजित प्रमाण पत्र वितरण समारोह के दौरान मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में (सीएनसी) राष्ट्रीय अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति हब की ओर से प्रायोजित एवं ऑटोकैड कोर्स के छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान कुल 50 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इससे पहले कार्यक्रम की शुरूआत टूलरूम के प्राचार्य महेश कुमार गुप्ता ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर किया। प्राचार्य महेश कुमार गुप्ता ने संस्थान में संचालित कोर्स, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और छात्रों की उपलब्धियों की जानकारी दी और सभी उत्तीर्ण छात्रों को बधाई देते हुए टूलरूम में चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। बताया कि टूल रूम में आगामी माह से एससी, एसटी एवं ओबीसी वर्ग के छात्रों के लिए सीएमपीडीआई द्वारा प्रायोजित दो नए प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किए जा रहे है। इनमें पहला 'जूनियर तकनीशियन कोर्स' जिसकी अवधि छह महीना एवं दूसरा 'सोलर पैनल इंस्टॉलेशन कोर्स' जिसकी अवधि तीन माह होगी। रांची, रामगढ़, धनबाद, लातेहार एवं हजारीबाग जिलों के इच्छुक छात्र-छात्राएं इन कोर्सों में प्रवेश ले सकते है। कार्यक्रम का संचालन ट्रेनिंग इंचार्ज मंगल टोप्पो एवं समापन भाषण आशुतोष मिश्रा ने दिया। मौके पर पुर्नेंदु पंकज, गौरव प्रियदर्शी, कमलाकांत आदि थे।

## उषा मार्टिन की पहल : युवाओं के लिए सोलर पैनल इंस्टॉलेशन प्रशिक्षण शुरू

# हुनर से ही संवरेगा युवाओं का भविष्य : डॉ मयंक मुरारी

आजाद सिपाही संवाददाता


प्रशिक्षण शिविर में शामिल प्रतिभागी एवं अन्य गणमान्य लोग।

**नामकुम।** हुनर से युवा आत्मनिर्भर होते है और यह स्वरोजगार कर रास्ता खोलता है। गांवों के युवाओं में भरपूर कौशल और काबिलियत है। वोकेशनल सेंटर के माध्यम से इस हुनर को तराशने और रोजगार से जोड़ने का कार्य आसान होगा। उक्त बातें उषा मार्टिन फाउंडेशन टाटीसिलवे के महाप्रबंधक डॉ मयंक मुरारी ने कही। वे शुक्रवार को उषा मार्टिन एवं लोकभारती एडुकेशन सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में अनगड़ा प्रखंड के गोदंलीपोखर में आयोजित सोलर पैनल इंस्टॉलेशन प्रशिक्षण के अवसर पर बोल रहे थे। पहले चरण में 30 ग्रामीणों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। लोकभारती के प्रबंधक प्रकाश शुक्ला ने कहा कि उषा मार्टिन के माध्यम से गांव के युवक और युवतियों को लाभ मिल रहा है। सशक्त गांव बनाने की दिशा में यह अच्छी पहली है। अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद ही रोजगार की राह आसान होगी। वहीं, समाजसेवी शैलेश मिश्रा ने कहा कि युवाओं का लक्ष्य बेहतर तरीकें से प्रशिक्षण को प्राप्त करते रहना होना चाहिए। अमित वर्मा ने कहा कि ज्ञान के साथ कौशल विकास जरूरी है। इसे तेजी से प्रयोग में लाकर ग्रामीण गरीबों को खत्म किया जा सकता है। पत्रकार अनिल यादव ने कहा कि उषा मार्टिन इस क्षेत्र के विकास के लिए नियोजित तरीके से कार्य कर रही है। इस प्रशिक्षण में सालहन, चतरा, लालगंज, पेरतोल, टाटी, सुगनू, बेडवारी के युवा प्रशिक्षण ले रहे है। इस अवसर पर शींतू गोगोई, रोहित कुमार, कृष्णा राम, निखिल महतो, ईश्वर महतो, प्रवीण मुंडा, ज्योतिष महतो, राजकुमार मुंडा, विजय कुमार महतो आदि उपस्थित थे।

# कबाड़ी दुकानदार ने हाथ पैर बांध कर की युवक की पिटाई, पुलिस ने बचायी जान



**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के मलमांडू में एक युवक को रस्सी से बांधकर दर्जनों लोगों ने बेरहमी से पिटाई की। इसकी सूचना किसी ने पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच गयी और युवक की जान बचाई। उसे अपने कब्जे में लेकर थाना पहुंची। घटना शुक्रवार की दोपहर 12 बजे की बताई जा रही है। वहीं, युवक की पहचान नगड़ी निवासी जुल्फान अंसारी के रूप में हुई । जानकारी के मुताबिक रणधीर कुमार की कबाड़ी की दो दुकानें है। जो रातू के मलमांडू एवं काठीटांड के संगम रेस्टूरेंट के पास है। रणधीर के मुताबिक दो सितंबर को मलमाण्डू स्थित उसकी कबाड़ी दुकान का एसवेस्टस तोड़कर चोरों ने कबाड़ी में मिले एक बोरे में बंद तांबे के तार की चोरी की थी। आरोप है कि शुक्रवार की सुबह 11 बजे उसी बोरे में बंद तार को एक युवक संगम रेस्टूरेंट स्थित उसी कबाड़ी दुकान में बेचने आया था। उस समय दुकान में रणधीर कुमार बैठा था। उसने बोरे में रखे तार को देखकर पहचान लिया। इसके बाद उसने उस युवक को अपनी बाइक पर बैठाकर मलमाण्डू चोंक लाया और रस्सी से उसके हाथ, कमर और पैर को बांधकर एक लोहे के खंभे में बांध दिया। इसके बाद रणधीर एवं कुछ अन्य लोगों ने उसकी पिटाई कर दी। हालांकि कुछ प्रबुद्ध लोगों के बीच बचाव के कारण युवक की जान बच गयी। वहीं, किसी ने युवक की पिटाई की सूचना पुलिस को दी। उधर, घायल युवक का कहना है कि उसने यह सामान पाली के किस व्यक्ति से खरीदा था।

# सीआइटी में डांडिया रास 2025 का आयोजन




**नामकुम (आजाद सिपाही)।** कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रांची में शुक्रवार को डांडिया रास 2025 का आयोजन धूमधाम से हुआ। इसमें बतौर मुख्य अतिथि कैंब्रिज ट्रस्ट ऑफ इंडिया के सचिव अभिषेक सिंह एवं विशिष्ट अतिथि रांची दूरदर्शन के संगीतकार भूपेश कुमार शामिल हुए। दोनों ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान एक से बढ़ कर एक डांडिया गीतों पर विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में कैंब्रिज ग्रुप के कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, कैंब्रिज पोलिटेक्निक, कैंब्रिज बीएड के विद्यार्थियों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से समा बांधा एवं डांडिया और गरबा नृत्य से माहौल भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन उप प्राचार्य प्रो रसिका नवनीत सिंह ने किया। मौके पर कैंब्रिज ट्रस्ट की संयुक्त सचिव डॉ पल्लवी सिंह, प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन, डिप्टी रजिस्ट्रार मनीष नाथ, रीता सिंह, कुंज बिहारी सिंह, प्रो अंकित सिंह, सुनीता नाथ, डॉ रणवीर कुमार, प्रो दीपक वर्मा आदि मुख्य रूप से उपस्थित होकर चार चांद लगा दिया।

# कमला नेहरू इंटर कॉलेज चित्रांकन, निबंध क्विज एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** विश्व पर्यटन दिवस पर टाटीसिलवे के कमला नेहरू इंटर कॉलेज में चित्रांकन, निबंध, क्विज एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यटन के महत्व, स्थानीय धरोहरों की पहचान और स्वच्छता के प्रति उनके दायित्व का बोध कराना है। प्राचार्य अजय कुमार सिन्हा ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को ना केवल रचनात्मकता का अवसर देंगी, बल्कि अपने क्षेत्र के विविध सांस्कृतिक परिवेश को समझने में भी मदद करेंगी। बाद में उत्कृष्ट प्रतिभागी छात्र छात्राओं को पुरस्कार से नवाजा गया।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दंपति घायल

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बेड़ो-मांडर रोड के केशा मोड़ स्थित महिला कॉलेज के समीप अज्ञात बाइक की चपेट में आने से दंपति सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके नाम बेड़ो केशा गांव निवासी हरि लोहरा (55) और पत्नी फूलमानी देवी है।

## इंडसइंड बैंक को 15 हजार रुपये जुर्माना भुगतान करने का आदेश

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला उपभोक्ता फोरम ने इंडसइंड बैंक के खिलाफ शिकायत प्रकरण की सुनवाई करते हुए जशपुर रोड स्थित इंडसइंड बैंक की गुमला शाखा को 15 हजार रुपये जुर्माना भरने का आदेश दिया है। जिला उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष ओमप्रकाश पांडेय, सदस्य सैयद हसन फातमी और सदस्य सरला गंझू ने मामले की सुनवाई की। जिसमें पाया कि इंडसइंड बैंक द्वारा सेवा में त्रुटि की गयी और शिकायतकर्ता फिलिप कुजूर को परेशान किया गया। शिकायतकर्ता फिलिप कुजूर ने वर्ष 2020 में इंडसइंड बैंक से 55 हजार 200 रुपए का लोन लिया था, जिसका भुगतान भी कर दिया। बैंक ने नो ड्यूज का सर्टिफिकेट भी दे दिया। उसके बाद भी बैंक की ओर से शिकायतकर्ता को लोन की राशि जमा करने का नोटिस भेज दिया गया। इससे नाराज होकर शिकायतकर्ता ने जिला उपभोक्ता फोरम में उक्त बैंक के विरुद्ध शिकायतवाद दर्ज कराया। जिसमें बैंक को शिकायतकर्ता को 30 दिनों के भीतर 15 हजार रुपए बतौर हर्जाना भरने का निर्देश दिया गया। साथ ही भुगतान का अनुपालन रिपोर्ट भी जमा करने को कहा गया है।

## महिलाओं को किया गया सम्मानित



**गुमला (आजाद सिपाही)।** संत इग्नासियुस स्कूल में शांति महिला जागरूकता अभियान वेलफेयर फाउंडेशन के तहत नारी सशक्तिकरण सम्मान समारोह आयोजित हुआ। इसमें सभी महिलाओं को सर्टिफिकेट एवं गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में शामिल अतिथियों ने कहा कि शांति महिला जागरूकता अभियान वेलफेयर फाउंडेशन का उद्देश्य देश को प्लास्टिक मुक्त करना और बालिकाओं को मासिक धर्म के प्रति जागरूक करना है। गुमला, सिमडेगा और लोहरदगा जिले के अलावा छत्तीसगढ़ राज्य के भी सैकड़ो महिलाएं इस अभियान से जुड़कर अपने रोजगार को मजबूत कर रही है। पूरे देश में महिलाओं की आधी आबादी है। महिलाएं भी दिन प्रतिदिन अपनी काबिलियत को दिखाते हुए अपना नाम रोशन कर रही है। महिलाओं ने अपने कमेटी को कार्य को और बेहतर करने के लिए अतिथियों को लिखित आवेदन देकर मदद करने की अपेक्षाएं रखी है। फाउंडेशन के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कोषाअध्यक्ष, सचिव एवं कमेटी की सभी महिलाओं को बहुत-बहुत बधाई देते हैं। देते है साथ ही साथ इनके उज्जवल भविष्य का कामना करते हैं। वहीं, मुख्तार आलम ने शांति महिला जागरूकता अभियान वेलफेयर फाउंडेशन को पांच हजार रुपए का चेक देकर हौसला बढ़ाया। इस मौके पर युवा कांग्रेस के अभिनव भगत, सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा, असंगठित कामगार जिलाध्यक्ष मुख्तार आलम, सद्दाम अंसारी और सन्नी कुमार आदि मौजूद रहे।

## चिल्ड्रेन एकेडमी स्कूल में मनायी गयी पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह की जयंती



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** चिल्ड्रेन एकेडमी इंग्लिश मीडियम प्लस 2 स्कूल, रन्हें में शुक्रवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर शिक्षकों और छात्रों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या मीना देवी ने किया। कहा कि डॉ मनमोहन सिंह भारतीय राजनीति के आदर्श, विद्वान और दूरदर्शी नेता रहे हैं। उनका जन्म 26 सितंबर 1932 को पंजाब के एक सिख परिवार में हुआ था। कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने उच्च शिक्षा प्राप्त कर देश को नई दिशा दी। वहीं, विद्यालय के निदेशक विजय साहू ने कहा कि डॉ मनमोहन सिंह के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक स्तर पर मजबूत पहचान बनाई। वे ईमानदारी और सादगी के लिए आज भी याद किए जाते हैं। इस मौके पर शिक्षक सुशीला मिश्रा, सुमित मिश्रा आदि ने अपन-अपने विचार रखे। राहुल तिर्की, माइक लूथर, अरुण कुम्भार, अमन गुप्ता, अजय एक्का, सूरज कोहली, दिव्यानी और अंजली कुम्भार ने भाषण और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। जबकि कार्यक्रम का संचालन सुमित मिश्रा ने किया।

## घाघरा के मकरा गांव में पकड़ा गया आठ फीट का अजगर



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के मकरा गांव में शुक्रवार को 8 फीट का अजगर बरामद हुआ। जिसे पकड़ कर ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारी को सौंपा। घटना की जानकारी तब हुई जब ग्रामीणों ने खेत के पास एक विशाल अजगर सांप को देखा। जिसकी लंबाई करीब 8 फीट थी। अचानक अजगर देख गांव के कई लोग डर गये। हालांकि गांव के ही एक ग्रामीण ने अजगर सांप को पकड़ लिया। जिसे देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ लग गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना तुरंत वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और अजगर को सुरक्षित लेकर चले गए। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अजगर को जंगल में छोड़ दिया जाएगा। ग्रामीणों से अपील की कि किसी भी जंगली जीव को देखकर ग्रामीण घबराये नहीं, तुरंत इसकी सूचना वन विभाग के कर्मचारियों को दे, ताकि उसको सुरक्षित पकड़ा जा सके।

## घर में बर्तन धोने जा रही युवती को सांप ने काटा, झाड़-फूंक के बाद अस्पताल में भर्ती

**गुमला (आजाद सिपाही)।** भरनो थाना क्षेत्र के पंडरी पानी गांव निवासी ज्योति कुमारी (18) को शुक्रवार की सुबह 9 बजे एक जहरीले सांप ने पैर में काट लिया। परिजन उसे लेकर गांव के एक भगत के पास पहुंचे, जहां उसका झाड़ फूंक किया गया। इसके बाद परिजन उसे भरनो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां से हालत गंभीर होता देख उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक युवती घर के आंगन में बर्तन धोने जा रही थी। तभी एक सांप के पूंछ पर उसका पैर पड़ गया, जिसके बाद सांप ने पैर में काट लिया और तेजी से घर से बाहर भाग गया। उधर, सदर अस्पताल में इलाज के बाद युवती की स्थिति में सुधार है।

# मनरेगा की आम बागवानी योजना में जेसीबी से किया जा रहा काम

### शिकायतकर्ताओं का मुखिया, रोजगार सेवक, जेइ और बीपीओ पर धमकाने का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सिसई प्रखंड के शिवनाथपुर पंचायत अंतर्गत आम बागवानी योजना में गड़बड़ी का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि मनरेगा योजना, जिसका उद्देश्य मजदूरों को 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराना है, उसमें खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। ग्राम शिवनाथपुर में लाभुक पूनम देवी के नाम से संचालित मनरेगा योजना के तहत मजदूरों से गड्ढ़ा खोदाई करवाई गई। लेकिन घेराबंदी का कार्य रात के अंधेरे में जेसीबी मशीन से करा दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि यह न केवल योजना की भावना के खिलाफ है, बल्कि मजदूरों के रोजगार पर सीधा प्रहार है। ग्रामीणों ने बताया कि जब उन्होंने इस



मुखिया, रोजगार सेवक और बीपीओ की शिकायत करते ग्रामीण।

गैरकानूनी कार्य पर आपत्ति जताई तो मुखिया, रोजगार सेवक, जेई और बीपीओ की ओर से धमकी दी गई कि यदि शिकायत करेंगें तो योजना बंद कर दी जाएगी और आगे कोई काम नहीं मिलेगा। आरोप है कि अधिकारी और जनप्रतिनिधि योजना का काम मेट और लाभुक को आगे कराकर खुद पर्दे के पीछे से भ्रष्टाचार कर रहे हैं। ग्रामीणों ने डीसी को लिखित आवेदन देकर बताया कि न केवल मनरेगा बल्कि 14वें एवं 15वें वित्त आयोग की योजनाओं और प्रधानमंत्री आवास योजना में भी उगाही और गड़बड़ी हो रही है। उनका आरोप है कि सिसई प्रखंड में वर्षों से एक ही बीपीओ पदस्थापित हैं। जो योजनाओं की धज्जियां उड़ाने में शामिल है।

### योजना बंद, रिकवरी की बात स्वीकारी

ग्रामीणों ने यह भी खुलासा किया कि जब बीपीओ, मुखिया और रोजगार सेवक से सीधे बात की गई तो उन्होंने स्वीकार किया कि ग्रामसभा में पूनम देवी की योजना को बंद कर दिया गया है और अब राशि की रिकवरी की जा रही है। ग्रामीणों का सवाल है कि जब शुरू से ही योजना में मशीनों का उपयोग कर अनियमितता हुई तो अब मजदूरों को न्याय कौन दिलाएगा? ग्रामीणों ने डीसी से मांग की है कि इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही मजदूरों को उनका हक दिलाया जाए। कहा कि यदि प्रशासन जल्द कार्रवाई नहीं करता तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे

## पूरी राशि नहीं मिलने पर डालमिया कंपनी की जमीन के म्यूटेशन पर रोक लगाने की मांग

**- मरवा ग्राम के जगमोहन महतो ने चैनपुर सीओ और एलआरडीसी को जमा किया आपत्ति आवेदन**

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिले के चैनपुर थाना अंतर्गत मरवा ग्राम के जगमोहन महतो ने आरोप लगाया है कि उन्होंने डालमिया कंपनी को अपनी जमीन बेची थी। पर बिक्री जमीन की पूरी राशि का अबतक भुगतान नहीं हुआ है। इस लिए जमीन के म्यूटेशन पर रोक लगायी जाए। इस बाबत जगमोहन ने सीओ और भूमि सुधार उप समाहर्ता को आवेदन भी दिया है। जिसमें जगमोहन ने कहा कि वे और परिवार के अन्य सदस्यों ने मिलकर मरवा ग्राम में विभिन्न प्लाट को मिलाकर कुल पांच एकड़ 40 डीसमील जमीन की बिक्री गुमला रजिस्ट्रार के यहां विगत 25 अगस्त को डालमिया भारत लिमिटेड की ओर से अधिकृत वसंत नारायण को किया। जिसके दाखिल खारीज के लिए चैनपुर अंचल में म्यूटेशन केश नंबर 109 आर27/ 2025-26 है पर बिक्री जमीन का चार लाख 68 हजार रुपए भुगतान बाकि है। जानकारी मिली है कि कंपनी के वेंडर शौकत खान ने डालमिया कंपनी से राशि प्राप्त कर लिया है पर बकाया राशि उन्हें नहीं मिली है। इसीलिए बकाया राशि का भुगतान होने तक म्यूटेशन को रोका जाय।

## डीएसपी रोड बना तालाब विद्यार्थियों और राहगीरों को हो रही परेशानी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहर के रिहायशी इलाका डीएसपी रोड में थोड़ी सी बारिश होने पर ही नालियों का गंदा पानी सड़क पर जमा हो जा रहा है। वहां से गुजरने वाले लोग घुटनों तक पानी में चलकर आने-जाने को मजबूर हैं। हैरत की बात यह है कि उक्त सड़क पर बड़े नेताओं एवं ठेकेदारों के घर भी हैं। जल जमाव के पास ही सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल है जहां से बच्चों छुट्टी होने के बाद इसी रास्ते से अपने-अपने घर जाते हैं। नालियों में स्लैब नहीं होने के कारण यह पता ही नहीं चलता कि यहां पर कोई बड़ा गड्ढा है।

## महिला ने पति पर लगाया मारपीट और उत्पीड़न का आरोप

**गुमला (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के करौदी गांव की एक महिला ने अपने पति पर मारपीट, उत्पीड़न और घर में तोड़फोड़ करने का आरोप लगाया है। पीड़िता सरस्वती कुमारी ने थाना प्रभारी को आवेदन देकर उसके पति सोनू साहू के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। महिला ने बताया कि उसकी शादी साल 2014 में सोनू साहू से हुई थी। वर्तमान में उसके तीन बच्चे



हैं और वह अपने सास-ससुर के साथ रहती है। महिला का आरोप है कि उसका पति अक्सर शराब पीकर घर आता है और उसके साथ मारपीट करता है। यही नहीं, वह अपने माता-पिता को भी प्रताड़ित करता है। कहा कि सोनू साहू आए दिन घर में झगड़ा कर तोड़फोड़ करता है। उसने पूरे परिवार का जीना मुश्किल कर दिया है। महिला ने कहा कि वह और उसके सास-ससुर भय और तनाव में जी रहे हैं। मजबूर होकर उसने थाना में पति के खिलाफ लिखित शिकायत की है।

### स्टार डीपीएस स्कूल में चैतन्य दुर्गा कार्यक्रम का आयोजन

## देवी दुर्गा, गणेश, भगवान शिव और महिषासुर बनकर बच्चों ने मन मोहा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** शहर के स्टार डीपीएस विद्यालय की ओर से दुर्गा पूजा के अवसर पर चैतन्य दुर्गा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जगतजननी शक्तिस्वरूपा मां दुर्गा के नौ रूपों का नृत्य नाटिका (झांकी) के माध्यम से मंचन किया गया। महिषासुर वध के नयनाभिराम दृश्य की प्रस्तुति की गई एवं दुर्गा विजयोत्सव मनाया गया। साथ ही कक्षा नर्सरी से वन तक के बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इसमें बच्चों ने मां दुर्गा के नौ रूपों के साथ ही भगवान श्रीराम, हनुमान जी, गणेश जी, कार्तिकेय, माता लक्ष्मी, माता सरस्वती, भगवान शिव जी और महिषासुर आदि का रूप धारण कर पहुंचे थे। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गुगला शहर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ एडीएन प्रसाद शामिल थे। वहीं, अपने संबोधन में प्राचार्या साजिया खातून ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में धार्मिक समभाव विकसित करना है। ऐसे कार्यक्रमों द्वारा बच्चों को सभी धर्मों की अच्छी बातों को जानने और समझने का अवसर मिलता है। कहा कि नारी शक्ति ही सृष्टि का निर्माण करती



है। अतः इस कार्यक्रम के माध्यम से नारी के सम्मान एवं उनकी शक्तियों के बारे में समाज को संदेश देने का प्रयास किया गया है। वहीं, निदेशिका अन्नू कुमारी ने कहा कि बुराई पर अच्छाई की जीत को दर्शाती नृत्य नाटिका ने छात्रों के बालमन को अवश्य प्रभावित किया होगा। विद्यालय के प्रबंध निदेशक संदीप कुमार प्रसाद ने कहा कि हमारे विद्यालय में ईद, क्रिसमस आदि अवसरों पर भी विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इनके द्वारा छात्रों को सभी धर्मों का सम्मान करने की सीख दी जाती है। वहीं, डॉ एडीएन प्रसाद ने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि इस कार्यक्रम में विभिन्न धर्मावलंबी बच्चों ने भाग लिया है। जो निश्चित रूप से बच्चों में सांप्रदायिक सदभाव की भावना विकसित करेगा। बच्चों को पौराणिक मान्यताओं और कथाओं का ज्ञान होगा। उनमें अच्छे संस्कार विकसित होंगे। इस अवसर पर आयोजित फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता के निर्णयकर्ता विष्णु कुमार, बबीता उपाध्याय एवं कविता भारद्वाज थे। प्रतियोगिता का आयोजन तीन वर्गों में किया गया था। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। इसमें ग्रुप 'अ' में क्रमशः साध्वी कुमारी प्रथम अन्वी कुमारी द्वितीय एवं आर्या राज तृतीय स्थान पर रहे। ग्रुप 'इ में क्रमशः कृति कुमारी प्रथम, वंश राज साहू द्वितीय एवं अबीर आदी तृतीय हुए। जबकि ग्रुप 'उ में क्रमशः प्रेरणा कुमारी प्रथम, आरवी द्वितीय एवं विवान केशरी तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम प्रस्तुति की रूपरेखा शिक्षिका सुनन्दा सेन गुप्ता ने तैयार की थी। जबकि मंच संचालन शिक्षक तमजिद मियों ने किया। इस मौके पर नवल साबू, बनवारीलाल अग्रवाल, संजीव उर्वशी, टीनू साबू, अमित माहेश्वरी, राकेश प्रसाद, डॉ सौरभ प्रसाद, डॉ पूजा प्रसाद, सचिन साबू आदि उपस्थित रहे।

## कुपोषण मिटाने के लिए रैली निकाल कर किया जागरूक



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में पोषण माह के अवसर पर बाल विकास विभाग की ओर से जागरूकता रैली निकाली गई। आंगनबाड़ी सेविकाएं पैदल और स्कूटी पर सवार होकर घाघरा ब्लॉक से निकलीं। रैली विभिन्न चौक-चौराहों से गुजरते हुए स्थानीय लोगों को पोषण के महत्व की जानकारी देती रही और अंततः ब्लॉक परिसर कार्यालय पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान सेविकाओं ने नारों और पोस्टरों के माध्यम से संतुलित आहार, एनीमिया मुक्त समाज और बच्चों-महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े संदेश दिए। अधिकारियों ने रैली के समापन अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि कुपोषण मिटाने के लिए समाज के हर वर्ग को आगे आना होगा। गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं एवं छोटे बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना परिवार की पहली जिम्मेदारी है। पोषण माह के दौरान पूरे प्रखंड में जनजागरूकता कार्यक्रम, स्वास्थ्य जांच और पोषण परामर्श शिविर आयोजित किए जा रहे है। कुपोषण के खिलाफ सामूहिक प्रयास से ही स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है। इस दौरान रैली में कई गांव के आंगनबाड़ी सेविका शामिल हुईं।

## जब तक व्यक्ति सशक्त और चरित्रवान नहीं होगा समाज-राष्ट्र का उत्थान संभव नहीं : सामी जी



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष पूरे होने पर घाघरा हाई स्कूल मैदान परिसर में स्वयंसेवकों की ओर से विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पथ संचालन, शस्त्र पूजन और वार्षिक उत्सव परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अधिकारी के रूप में गुमला विभाग के विभाग प्रचारक सामी जी उपस्थित हुए। वहीं, विभाग प्रचारक सामी जी ने कहा कि संघ का उद्देश्य समाज को संगठित कर राष्ट्र को सशक्त बनाना है। इस मौके पर महेंद्र भगत, नवीन कुमार साहू, लाल साहू, तेजू महतो, मनीष कुमार जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

## दुर्गापूजा-दीपावली में बेहतर व्यवस्था को लेकर सीओ से मिला गुमला चेंबर का प्रतिनिधिदल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** चेंबर ऑफ कॉमर्स का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष राजेश सिंह की अगुवाई में गुमला के अनुमंडल पदाधिकारी राजीव नीरज से उनके कार्यालय में जाकर मिला। उन्हें आगामी दशहरा-दीपावली त्योहारों के संबंध में ज्ञापन सौंपा। जिसमें विशेष रूप से इस बात का उल्लेख किया गया है कि इस वर्ष भी गुमला में दुर्गा पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस दौरान सप्तमी से लेकर दसवीं तक शहर में काफी भीड़ भाड़ रहेगी। लगभग सभी रास्तों पर पूजा पंडाल बनाया जा रहे हैं जिसमें देर रात तक महिलाएं और बच्चे दर्शन के लिए आते हैं। ऐसी स्थिति में आवागमन को नियंत्रित किया जाए और बड़े वाहनों का परिचालन समय से रोका जाए, ताकि ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त हो। बिजली की व्यवस्था को सुचारू रूप से व्यवस्थित किया जाए और साफ सफाई पर विशेष नियंत्रण किया जाए।


**Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited**
(CIN: U40108JH2013SGC001702)
ELECTRIC SUPPLY AREA, RANCHI
Regd. Office : KUSAI COLONY, DORANDA, RANCHI
Telephone :- 0651-2490550/2490670 & Email : gm_rncjseb@yahoo.in https:/www.jbvnl.co.in

**e-Tender Notice**

e-Tenders in two parts Part-I (Technical and Commercial) and Part-II (price part) are invited from the reputed tenderers having good experience of following similar type of Civil works and having sound financial status:

| Sl. No. | NIT No | Name of the works | Estimated Cost in Rs. | Earnest money to be deposited in Rs. | Cost of BOQ (Non-Refundable) in Rs. | Time of completion of work. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 205/PR/JBVNL/ 2025-26 | Construction of the fallen down / damaged portion of boudnary wall of PSC Pole Factory, Dhurwa, Ranchi under Electric Supply Area, Ranchi. | 4,66,400.00 | 9400.00 | 885.00 | 90 Days |

| | |
|---|---|
| Availability of tender documents on website | From 26.09.2025 at 02.00 PM to 16.10.2025 up to 02:00 PM |
| Last date and time for uploading of e-tender | 16.10.2025 up to 02:00 PM |
| Date and time for opening of Tender Part-I (Technical and Commercial) | 17.10.2025 at 3.30 PM |
| Date and time for opening of Tender Part-II (Price Part) | Will be Communicated later on |
| Tendering Officer and address for communication | General Manager-cum-Chief Engineer, Electric Supply Area, Ranchi |

1. e-Tender documents and BOQ including terms & conditions, specification etc. can be downloaded and submitted online on website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned (0651-2490550) during office hours. NIC helpline no. 0651-2400178.
2. Bidder Shall deposit online tender fee as mentioned above for cost of BOQ and EMD as per rule of e-tendering Portal (jharkhandtenders.gov.in)
3. The tenders will be received through electronic tendering mode only.

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
GM-cum-Chief Engineer
Electric Supply Area, Ranchi

PR 362955 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd (25-26)_D

**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
(CIN No.:U40108JH2013SGC001704)
Regd. Office: 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building Kusai Colony, Doranda, Ranchi - 834002 (E-mail:cetjusnl@gmail.com)

**e-TENDER NOTICE**

E-tender in two parts i.e. Technical (Part-I) and Financial (Part – II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound firm for the following works : -

| NIT No. | Name of the works | Estimated cost (In Rs.) | Earnest money online mode (In Rs.) | Cost of BOQ (Non-Refundable) online mode (in Rs.) |
|---|---|---|---|---|
| 424/PR/JUSNL/ 2025-26 | Supply, erection, testing and commissioning of 02 nos. 80 MVA 132/33 kV power transformer along with 10% extra oil with all complete accessories at 132/33 kV GSS, Hatia-I on existing plinth | 19,18,99,608 | 38,38,000.00 | 15,000.00 + GST |
| 425/PR/JUSNL/ 2025-26 | Design, Engineering, Supply, erection, testing & commissioning of 132 kV transformer bay, civil work, dismantling of old Transformer & equipment for replacement of existing 02 nos. 2x50 MVA 132/33 kV transformer by 2x80 MVA new transformer at GSS, Hatia-I on turnkey basis. | 54,35,565.00 | 1,08,750.00 | 5,000.00 + GST |

| | |
|---|---|
| Start Date & Time of Download the Tender Documents | 07.10.2025 at 11:00 AM |
| Start Date and time of upload of BID | 07.10.2025 at 11:00 AM |
| End date and time of upload of BID | 29.10.2025 upto 04:00 PM |
| BID Opening date for technical part | 30.10.2025 at 04:00 PM |
| BID Opening date for price part | Will be communicated |
| Procurement Officer and address for communication | General Manager, C&M (NWBP), 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002 |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned (6202162568) during office hours.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनीशिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager C&M (NWBP)

PR 362983 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd)25-26*D

## खाता ना बही, कांग्रेस के आका कहे वही सही : अमर बाउरी



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** भाजपा द्वारा आयोजित बोकारो क्लब में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के कार्यक्रम में झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष चंदनक्यारी के पूर्व विधायक अमर बाउरी ने भी राहुल गांधी के वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे को टाय टाय फिस बताया है राहुल गांधी पर चुस्की लेते हुए कहा कि राहुल गांधी कांग्रेस के युवराज हैं राज्य सत्ता की मलाई खाकर बड़े हुवे दादी का वह सम्राज्य देखा है जिसमें खाता ना बही कांग्रेस के आका कहे वही सही। कांग्रेस के युवराज के लिए संविधान पॉकेट में रखने वाली चीज है इसको देश के जनता ने खारिज कर कर दिया। भारत के संविधान को लेकर राहुल गांधी लोगों के बीच में पहुंचे थे लेकिन जनता ने इनको ना करते हुए भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार भी गद्दी थमाया । अब नया शिगुफा लेकर आए हैं जो टाय टाय फिस होगा । झारखंड के पूर्व नेता पक्ष की माने तो राहुल गांधी बिहार के जनता को माइंड डाइवर्ट कर रहे हैं लेकिन यह वोटो की चोरी नहीं है यह दिलों की चोरी है जो उनसे जनता प्रेम करती है।

## डीसी-डीडीसी ने पिंड्राजोरा ओबरा गांव में सीनियर सिटीजन होम का किया उद्घाटन




**बोकारो (आजाद सिपाही)।** चास प्रखंड अंतर्गत पिंड्राजोरा के ओबरा गांव में वरिष्ठ नागरिकों के लिए नव निर्मित सीनियर सिटीजन होम का उद्घाटन उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा एवं उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शताब्दी मजूमदार ने संयुक्त रूप से किया। यह आश्रम सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय – महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की अटल वायो अभ्युदय योजना के तहत संचालित किया जा रहा है। जिसका संचालन सामाजिक संस्था 'कोशिश' द्वारा किया जायेगा। उद्घाटन के अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि वृद्धाश्रम में रहने वाले प्रत्येक बुजुर्ग को घर जैसा वातावरण मिलना चाहिए। उन्होंने कार्यरत संस्था को यह सुनिश्चित करने को कहा साथ ही विश्वास दिलाया कि जिला समाज कल्याण विभाग इस कार्य में संस्था का सहयोग व निगरानी करता रहेगा। मौके पर उन्होंने समाज के संपन्नकिया/सक्षम वर्ग से भी अपील की कि वे अपने स्तर से भी वृद्ध, बेसहारा एवं अनाथ बच्चों के उत्थान में आगे बढ़कर जिम्मेदारी निर्वहन करें। इससे समाज के कमजोर वर्ग को सहारा मिलेगा। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने कहा कि यह पहल जिले के लिए एक सकारात्मक कदम है। इस दौरान कोशिश संस्था द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए आवास, भोजन, स्वास्थ्य सुविधा एवं देखभाल की संपूर्ण व्यवस्था की जानकारी डीसी–डीडीसी को दी गयी। अधिकारी द्वय ने सीनियर सिटीजन होम में रह रहे वृद्ध आमडीह निवासी निवारण महतो, बरमसिया निवासी छोटू मियां एवं बन्नी देवी से संवाद भी किया। वहीं, उपस्थित आंगनबाड़ी सेविका – सहायिकाओं से पोषण क्षेत्रों में वितरण हो रहे टीएचआर की भी जानकारी ली।

## एमपीएल में दिनदहाड़े हो रहा है बालू का परिवहन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** निरसा विधानसभा क्षेत्र के एमपीएल ओपी क्षेत्र अंतर्गत पंडरा मोड़ से दिनदहाड़े ट्रैक्टरों के माध्यम से अवैध बालू का परिवहन खुलेआम किया जा रहा है। इस अवैध कारोबार का समाचार एक दिन पहले चला था। जिसमें वीडियो में स्पष्ट रूप से ट्रैक्टर चालक यह कहते हुए सुना गया कि बालू निरसा के सिजुआ बालू घाट से लाया जा रहा है और इसका परिवहन स्थानीय मुखिया गुहीराम साहनी के इशारे पर किया जा रहा है। इस आरोप पर जब मुखिया गुहीराम साहनी से संपर्क साधा गया तो उन्होंने सभी आरोपों से साफ तौर पर इनकार कर दिया। उन्होंने इसे विपक्षियों की साज़िश करार देते हुए प्रशासन से अवैध बालू कारोबार में लिप्त लोगों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। वहीं जब इस मामले पर एमपीएल ओपी प्रभारी और निरसा अंचल अधिकारी से मीडिया ने सवाल किये तो उन्होंने पल्ला झाड़ते हुए कहा कि वह इस विषय पर बयान देने के लिए अधिकृत नहीं हैं। अधिकारियों ने साफ शब्दों में कहा कि इस पर प्रतिक्रिया जिला स्तर के पदाधिकारियों से ही मिल सकती है। सूत्रों की मानें तो बीती रात भी भागाबांध स्थित गुप्त स्टॉक यार्ड से ट्रैक्टरों के जरिये अवैध बालू का परिवहन बेरोकटोक जारी रहा। अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या प्रशासन इन तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगा, या फिर जिला स्तर के अधिकारियों और पदाधिकारियों के नाम पर यह अवैध धंधा निरसा क्षेत्र में यूं ही फलता–फूलता रहेगा।

## सिंदरी बस्ती पंप हाउस में भाकपा माले का धरना प्रदर्शन



**झरिया/ सिंदरी (आजाद सिपाही)।** हर्ल द्वारा संचालित सिंदरी बस्ती पंप हाउस में भाकपा माले की पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत तथा सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो के निर्देश पर धरना प्रदर्शन शुरू किया गया। सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुषों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। बता दें कि सन् 2000 से पहले जब एफसीआइ फर्टिलाइजर चालू अवस्था में थी उस समय तत्कालीन एफसीआइ प्रबंधन द्वारा सिंदरी बस्ती में कई जगहों पर नल कनेक्शन देकर जलापूर्ति किया गया था। किंतु सिंदरी फर्टिलाइजर बंद हो जाने के बाद से अब तक सिंदरी बस्ती के लोग पेयजल के लिए मोहताज बने हुए है।वर्तमान हर्ल प्रबंधन की उदासीन रवैया को देखते हुए सिंदरी बस्ती के लोग सिंदरी पंप हाउस में धरना प्रदर्शन देने को मजबूर हो गये। भाकपा माले के बैनर तले लोग जोर शोर से एक ही नारा दे रहे है कि जब तक प्रबंधन द्वारा जल मुहैया नहीं कराया जाता है तब तक पंप हाउस गेट पर धरना देते रहेंगे तथा इस बीच अगर प्रबंधन कोई सकारात्मक पहल नहीं करता है तो लोग पंप हाउस का गेट जाम करने को विवश हो जायेंगे।

## जामाडोबा के युवक का शव बोकारो झील में मिला

**झरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** जामाडोबा निवासी चांदसी डॉक्टर तरुण विश्वाश के 22 वर्षीय इकलौता पुत्र विभूति विश्वाश का शव गुरुवार की रात को बोकारो झील में पाया गया । बोकारो काला पत्थर थाना की पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया है। मालूम हो कि मृतक युवक विभूति अपने पैतृक गांव कोलकाता में रहकर ग्रेजुएशन कर रहा था। पिछले सप्ताह वह अपने पिता के पास जामाडोबा आया था और वह शुक्रवार को कोलकाता जानेवाला था। इसी दौरान मृतक विभूति ने जामाडोबा बाबूबासा मुहल्ले के जितेंद्र साव,शिवम प्रसाद एवं बिट्टू नामक युवकों के साथ गुरुवार की दोपहर में घूमने की बात कहकर घर से निकला था। गुरुवार रात को ही पिता को उसके दोस्तों ने उसके पुत्र की झील में डूबने से मौत हो जाने की सूचना दिया।

# कार्निवल रेस्टोरेंट सील, हुक्का बरामद

**बिना लाइसेंस चल रहा था रेस्टोरेंट**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** उपायुक्त आदित्य रंजन के निर्देश पर मेमको मोड़ पर स्थित कार्निवल रेस्टोरेंट को शुक्रवार को सील कर दिया गया। रेस्टोरेंट से हुक्का और चिलम भी बरामद किया गया। रेस्टोरेंट का लाइसेंस 24 मार्च 2023 को एक्सपायर हो गया था। संचालक ने लाइसेंस रिन्यू नहीं कराया और पिछले साढ़े तीन साल से बिना लाइसेंस रेस्टोरेंट चला रहा था।

इसके विस्तृत जानकारी देते हुए अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि एक ग्राहक ने कार्निवल रेस्टोरेंट के संबंध में जिला प्रशासन से शिकायत की थी और बताया था कि वहां अवैध रूप से ग्राहकों को हुक्का और चिलम दिया जाता है।




सूचना मिलने के बाद फूड सेफ्टी ऑफिसर डॉ राजा कुमार ने टीम के साथ रेस्टोरेंट का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने रेस्टोरेंट संचालक से फूड लाइसेंस मांगा। संचालक ने जब लाइसेंस दिया तो वह 24 मार्च 2023 को एक्सपायर हो चुका था। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने देखा कि रेस्टोरेंट में कुछ ग्राहक हुक्का और चिलम पी रहे थे। जब विभाग के राहुल कुमार अपने मोबाइल पर कार्रवाई का वीडियो बनाने लगे तब रेस्टोरेंट के मैनेजर और कर्मियों ने मोबाइल फोन छीनने का और हुक्का और चिलम छुपाने का प्रयास किया।

फूड सेफ्टी ऑफिसर ने तत्काल आला अधिकारियों और पुलिस उपाधीक्षक को सूचना दी। इसके बाद शीघ्र वहां पुलिस फोर्स पहुंच गयी। तत्पश्चात रेस्टोरेंट को सील करने की कार्रवाई की गयी।

फूड सेफ्टी ऑफिसर ने बताया खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अनुसार बिना लाइसेंस कोई भी रेस्टोरेंट का संचालन नहीं कर सकता है। इसका उल्लंघन करने पर 10 लाख रुपये जुर्माना का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि रेस्टोरेंट संचालक को नोटिस भेज कर अभियोजन की कार्रवाई शुरू की जायेगी। साथ ही बताया कि ग्राहकों को हुक्का और चिलम देना उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने के समान है।

वहीं अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर जिले में लगातार ऐसा छापामारी अभियान जारी रहेगा।

## मधुलिका स्वीट्स हमेशा के लिए बंद करने का निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** मधुलिका स्वीट्स व्यावसायिक प्रतिष्ठान के संचालक ने हमेशा के लिए बंद करने का निर्णय ले लिया है। यह प्रसिद्ध मधुलिका स्वीट्स के जिले में कुल 5 आउटलेट है। जिसे हमेशा के लिए बंद करने की घोषणा कर दी गयी है। शुक्रवार को आजाद सिपाही के संवाददाता से बात करते हुए मधुलिका स्वीट्स के मालिक जयप्रकाश चौरसिया ने टेलीफोन पर कहा कि धनबाद में कारोबार करने का माहौल नहीं है। कारोबारियों को टॉर्चर किया जाता है। यह टॉर्चर किसके द्वारा की जाती है इस पर इस पर तो उन्होंने कुछ नहीं बताया, लेकिन कहा कि यह उनका अंतिम निर्णय है और अब मधुलिका स्वीट्स के आउटलेट कभी नहीं खुलेंग। मधुलिका स्वीट्स का पहला आउटलेट 1983 में धनबाद में शुरू हुआ था और 2025 तक




कारोबार हुआ। लेकिन अब यह कारोबार किन कारणों से नहीं होगा किसी को पता नहीं चल पा रहा है। इधर, सूत्र बताते हैं कि कई बार नगर निगम के फूड इंस्पेक्टर द्वारा मिठाइयों की गुणवत्ता की जांच की गयी थी जिस पर अनीमिताए पाये जाने पर जुर्माना भी लगाया गया था। सरकारी विभागों के नोटिस और जुर्माना से संचालक अजीज आ गये थे और अंत में उन्होंने इसे बंद करने का निर्णय ले लिया। इस प्रतिष्ठान का ट्रांजैक्शन सालाना करोड़ों में था।

### बैंक मोड़ चैंबर के अध्यक्ष ने कहा गंभीर विषय

मधुलिका स्वीट्स के बंद होने पर बैंक मोड़ चैंबर के अध्यक्ष प्रमोद गोयल ने प्रतिक्रिया दी है कि एक अति प्रसिद्ध और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान मधुलिका के बंद होने के कई कारण हो सकते है। लेकिन एक कारण वाकई गंभीर और चिंतनीय है। सरकार के इस रवैए से व्यापारी उत्पीड़न की प्रवृत्ति हर व्यवसाय और रोजगार क्षेत्र को बहुत ज्यादा प्रभावित कर रही है। मेरा उन तमाम ऑफिसर और सरकारी अधिकारियों से आग्रह है कि हर व्यवसाय को प्रताड़ित कर बंद करवा दें और राज्य के लाखों बेरोजगारों को स्वयं रोजगार दे। कोई भी सरकारी कार्य जैसे लाइसेंस, एनओसी, ड्राइविंग लाइसेंस, प्रमाण पत्र, घर- मकान जमीन की रजिस्ट्री, सरकारी कर जमा करना कोई भी सरकारी रिफंड लेना, बिना सुविधा शुल्क के संभव ही नहीं है।

## दुर्गा पूजा को लेकर प्रशासन सख्त, एसपी ने दिया दिशा-निर्देश

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** पुलिस अधीक्षक, बोकारो के द्वारा आगामी दशहरा पर्व को देखते हुए चंद्रपुरा थाना अंतर्गत रेलवे स्टेशन पंडाल, पश्चिम पल्ली पंडाल और सेंट्रल कॉलोनी पूजा पंडाल एवं बेरमो स्थित पूजा पंडालों का निरीक्षण किया गया तथा पूजा समिति के सदस्यों से मिलकर त्यौहार को शांति एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की गई। जिला कप्तान हरविंदर सिंह की माने तो इस बार जिला प्रशासन ड्रोन के द्वारा मेला में नजर बनाए रखने को लेकर कवायद में जुटी हुई है। जिला कप्तान ने कहा है कि पैदल चलनेवाले लोगो के लिए पंडाल तक विशेष सुरक्षा इंतजाम करने को कहा गया है जिससे किसी को आने में परेशानी और दिक्कतों का सामना न करना पड़े और सभी पंडाल के जगह पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का भी निर्देश दिया गया है और मेले में महिला की सुरक्षाओं को लेकर महिला सिपाही को भी तैनात किया गया है। जिला कप्तान ने कहा कि जिले के सभी पंडालों पर सप्तमी से पट खुल जाएंगे बहुत से पंडाल अभी भी निर्माणाधीन है। आम जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आज सभी पुजा पंडालों के लोगों से विचार विमर्श किया गया और हिदायत भी दी गयी है। एसपी ने सभी लोगों ने सहयोग भी करने को कहा है।

## बोकारो स्टील प्लांट के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए वित्त और लागत पर विशेष कार्यशाला

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** सेल, बोकारो इस्पात संयंत्र के संकार्य प्रभाग के मुख्य महाप्रबंधकों (सीजीएम) के लिए वित्त एवं लागत पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन 26 सितंबर को लर्निंग एंड डेवलपमेंट सेंटर में किया गया। इस कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) सीआर मिश्रा, अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं) ए सेनगुप्ता और अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रिय रंजन उपस्थित थे। सेल-बोकारो इस्पात संयंत्र के शीर्ष प्रबंधन की पहल पर आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य संयंत्र के सीजीएम स्तर के अधिकारियों में वित्तीय कौशल को सुदृढ़ करना और परिचालन एवं नीतिगत निर्णयों तथा वित्तीय प्रदर्शन के बीच संबंधों से उन्हें अवगत कराना था। सुरेश रंगानी ने उद्घाटन सत्र में प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए बीएसएल के मुख्य



महाप्रबंधकों के लिए आयोजित इस कार्यशाला की अहमियत को रेखांकित किया जिन्हें नियमित रूप से नीतिगत निर्णय लेने होते हैं, जिसका प्रभाव संयंत्र और समग्र रूप से कंपनी के वित्तीय प्रदर्शन पर पड़ता है। राजश्री बनर्जी ने सभी का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की पृष्ठभूमि प्रस्तुत की, साथ ही कार्यक्रम की उपयोगिता पर अपने विचार रखे । प्रिय रंजन ने वर्तमान इस्पात उद्योग परिदृश्य पर एक प्रस्तुति दी और बोकारो इस्पात संयंत्र के समक्ष अवसरों और चुनौतियों पर विस्तारपूर्वक अपने विचार साझा किये। कार्यशाला के विभिन्न सत्रों का संचालन एनके सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा), बीएसएल तथा एमटीआइ, रांची से एस मल्लिक ने किया। यह कार्यक्रम एक आम कार्यशाला से आगे बढ़कर प्रतिभागियों को व्यावहारिक अंतर्दृष्टि प्रदान करने के लिए इंटरैक्टिव गतिविधियों, केस स्टडी और लाइव समस्या-समाधान अभ्यासों को शामिल करते हुए डिजाइन की गयी थी। परिचालन और नीतिगत निर्णयों को वित्तीय प्रदर्शन से जोड़ना विषय पर आधारित इस कार्यक्रम का उद्देश्य वरीय अधिकारियों को बैलेंस शीट, लाभ-हानि विवरण और कैश फ्लो जैसे प्रमुख वित्तीय विवरणों की व्याख्या और उन्हें आपस में जोड़ने, लागत कारकों और लाभप्रदता व निवेश पर उनके प्रभाव को पहचानने, वर्किंग कैपिटल, पूंजी संरचना और उनके निहितार्थों को समझने तथा इस्पात जैसे साइक्लिक, पूंजी-प्रधान उद्योग में प्रभावी निर्णय लेने के लिए वित्तीय अंतर्दृष्टि का उपयोग करने पर केंद्रित था।

## बोकारो में दिखेगी देश के प्रसिद्ध मंदिरों की अनुकृतियां

दीपक कुमार

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** इस्पात नगरी का दुर्गा पूजनोत्सव वर्षों से अपनी भव्यता के लिए बोकारो जिले में एक अलग पहचान बनाए हुए है। दुर्गा पूजा को लेकर नगरवासियों का उत्साह चरम पर है। शारदीय नवरात्र के आरम्भ और कलश-स्थापन के साथ ही शहर का वातावरण भक्तिमय हो गया है। प्रति वर्ष की भांति इस साल भी दुर्गा पूजा की तैयारियाँ जोरों पर हैं। कारीगर सधे हाथों से पूजा पंडालों के निर्माण को अंतिम रूप देने में दिन-रात लगे हुए हैं। बोकारो में हर साल की तरह इस बार भी भव्य पंडाल बनाए जा रहे हैं, जो देश के प्रसिद्ध मंदिरों की झलक पेश करेंगे।

**सेक्टर-2 सी :** श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति 41 वर्षों से यहाँ दुर्गा पूजा का आयोजन कर रही है। इस बार यहां गुजरात के प्रसिद्ध नीलकंठ धाम मंदिर प्रतिकृति लिए भव्य पंडाल बन रहा है। जिसे जामताड़ा के मोहम्मद आलम अपने 22 साथियों के साथ बीते दो हफ्ते से बना रहे हैं। पंडाल की चौड़ाई 120 फीट और उंचाई 80 फीट होगी। कारीगर ने बताया कि पंडाल के अंदर विशेष सजावट की जा रही है। कमेटी के अध्यक्ष संदीप सिंह ने बताया कि इस बार पंडाल निर्माण में लगभग 14 लाख खर्च किये जा रहे हैं। जबकि, मां दुर्गा की प्रतिमा पर 1.50 लाख खर्च होंगे। प्रतिमा पश्चिम बंगाल के आसनसोल से मंगायी गयी है।

**सेक्टर-9 वैशाली मोड़:** श्री श्री मां अंबे दुर्गा पूजा समिति द्वारा यहां गुजरात के स्वामीनारायण मंदिर के स्वरूप का पंडाल बनाया जा रहा है। 110 फीट उंचे और 150 फीट चौड़े इस पंडाल पर 18 लाख का अनुमानित खर्च बताया गया। बंगाल के 25 कारीगर यहाँ पंडाल निर्माण कार्य को अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं। पूजा कमेटी के अध्यक्ष शशि भूषण उर्फ गनी बाबू ने बताया कि पंडाल के अंदर आदिकाल के स्वरूप का दृश्य श्रद्धालुओं को आकर्षित करेगा।

**सेक्टर 9ए (आलोक मैदान):** यहां इटावा, उत्तर प्रदेश के जय गुरुदेव मंदिर की प्रतिकृति वाला पंडाल बन रहा है, जिसे जामताड़ा के मुख्य कारीगर कलीम अपने दो दर्जन सहयोगियों के साथ बना रहे हैं। पूजा कमेटी के अध्यक्ष प्रेम कुमार ने बताया कि इस बार पंडाल की उंचाई लगभग 100 फीट और चौड़ाई 150 फीट होगी। पंडाल निर्माण में लगभग 14 लाख खर्च का अनुमान है। उन्होंने बताया कि पंडाल में स्थापित माता दुर्गा की दो विद्युत चालित प्रतिमा होगी जो आकर्षण का प्रमुख केंद्र होगा।

## जामाडोबा जितपुर में कलवर्ट निर्माण में गड़बड़ी का आरोप, जांच की मांग

**जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** धनबाद नगर निगम अंतर्गत वार्ड संख्या 38 के जितपुर वाटर बोर्ड रोड टड़िया के निकट कलवर्ट निर्माण कार्य बैंकटेश्वर इंटरप्राइजेज नामक कंपनी द्वारा कार्य किया जा रहा है। घटिया गुणवत्ता वाले बालू और गिट्टी से कलवर्ट निर्माण का मामला सामने आया है। निर्माण कार्य में अनियमितताओं की जांच की मांग की जा रही है, जिससे निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। जिसमे घोर अनियमित का शिकायत वार्ड 38 के निवर्तमान पार्षद जय कुमार नगर आयुक्त को पत्र देकर किया है। निर्माण कार्य घटिया बालू और गिट्टी का उपयोग किया जा रहा है, सीमेंट और बालू का अनुपात सही नहीं है, जो निर्माण की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकता है, निर्माण से पहले बेस तैयार करने के लिए आवश्यक कदम नहीं उठाये गये हैं। निवर्तमान पार्षद जय कुमार ने मांग की है कि निर्माण कार्य की जांच की जाए और अनियमितताओं पर कार्रवाई की जाए। घटिया निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाये। निर्माण कार्य में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नियमित जांच की जाए। कतवर्ट निर्माण को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में नाराजगी जाहिर की है।

## न्यायाधीश ने किया धनबाद जेल का निरीक्षण



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा वीरेंद्र कुमार तिवारी, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला, अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा मयंक तुषार टोपनो, रजिस्ट्रार सिविल कोर्ट आइजेड खान और एलएडीसीएस की टीम ने मंडल कारा धनबाद का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अपर समाहर्ता सह प्रभारी जेल अधीक्षक विनोद कुमार मौजूद थे। निरक्षण के दौरान टीम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के वक्त बंदियों को बैठने के लिए समुचित व्यवस्था करने का निर्देश जेल प्रशासन को दिया। न्यायाधीश श्री तिवारी के नेतृत्व में टीम ने कारागार के हर एक हिस्से का मुआयना किया। न्यायाधीश के नेतृत्व में टीम ने बंदियों से उनके स्वास्थ्य, इलाज, पेयजल, नास्ता, भोजन और मुकदमे में पैरवी के लिए अधिवक्ता होने अथवा न होने की जानकारी ली। कारागार अस्पताल में निरुद्ध बीमार बंदियों के बेहतर इलाज के लिए उन्हें उच्च स्वास्थ्य सेंटर भेजे जाने का निर्देश जेल डॉक्टर को दिया। वही न्यायाधीश ने चिकित्सा सुविधाओं, पुस्तकालय, रसोई घर, वहां तैयार हो रहे भोजन ,व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र और ध्यान–सह–योग केंद्र में सुविधाओं का जायजा लिया। इस मौके पर जेल डॉक्टर राजीव कुमार सिंह, एलएडीसीएस चीफ कुमार विमलेंदु, डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक कांउसिल, शैलेन्द्र झा,सुमन पाठक, नीरज गोयल, कन्हैया लाल ठाकुर, स्वाति कुमारी, मुस्कान चोपडा सिविल कोर्ट के सहायक अरुण कुमार , समेत जेल के पदाधिकारी उपस्थित थे।


**JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED**
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk,
Ranchi-834001, Jharkhand.
Ph No.: +91-651-2225878; e-mail Id-; pdt.juidco@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752

**Project Name:** Construction of New Nagar Panchayat Office Building at Latehar under Latehar Nagar Panchayat.
**NIT No:** JUIDCO/NIT/OB LATEHAR/653
**PR No.:** 353204
**Tender ID:** 2025_UDD_101303_1

**Tender Cancellation Notice**

All bidders are hereby informed that tender having details as mentioned above regarding the project **"Construction of New Nagar Panchayat Office Building at Latehar under Latehar Nagar Panchayat"** has been cancelled as single responsive bid was received.

The bidders are requested to kindly wait for future communication regarding the tender.

Sd/-
**Project Director (Technical)**
**JUIDCO Ltd., Ranchi**
PR 363014 (Urban Development and Housing)25-26*D



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,हजारीबाग**

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–06 वर्ष 2025–26

दिनांक–26.09.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची। |
| 2. | विज्ञापनदाता का नाम | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल हजारीबाग। |
| 3. | परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक – 09.10.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक। |
| 4. | निविदा प्राप्ति की तिथि | दिनांक – 10.10.2025 अपराह्न 3:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक – 10.10.2025 अपराह्न 4.30 बजे। |
| 6. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 7. | निविदा प्राप्ति का स्थान | कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 8. | निविदा खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग। |

| क्र. | कार्य का नाम | ग्रुप संख्या | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Construction of Rain water Harvesting in different Anganwadi centre in district Hazaribagh Under D.W.S.Division Hazaribagh for Year -2025-26. '' Turn Key Basis" (Head - Social Wellfare Fund)- 60 Nos Rain water Harvesting | 01 | 9,54,300.00 | 19100/- | 1250/- | 2 Month |
| 2 | Construction of Rain water Harvesting in different Anganwadi centre in district Hazaribagh Under D.W.S.Division Hazaribagh for Year -2025-26. '' Turn Key Basis" (Head - Social Wellfare Fund)- 60 Nos Rain water Harvesting | 02 | 9,54,300.00 | 19100/ | 1250/- | 2 Month |
| 3 | Construction of Rain water Harvesting in different Anganwadi centre in district Hazaribagh Under D.W.S.Division Hazaribagh for Year -2025-26. '' Turn Key Basis" (Head - Social Wellfare Fund)- 60 Nos Rain water Harvesting | 03 | 9,54,300.00 | 19100/ | 1250/- | 2 Month |
| 4 | Construction of Rain water Harvesting in different Anganwadi centre in district Hazaribagh Under D.W.S.Division Hazaribagh for Year -2025-26. '' Turn Key Basis" (Head - Social Wellfare Fund)- 60 Nos Rain water Harvesting | 04 | 9,54,300.00 | 19100/ | 1250/- | 2 Month |
| 5 | Construction of Rain water Harvesting in different Anganwadi centre in district Hazaribagh Under D.W.S.Division Hazaribagh for Year -2025-26. '' Turn Key Basis" (Head - Social Wellfare Fund)- 60 Nos Rain water Harvesting | 05 | 9,54,300.00 | 19100/ | 1250/- | 2 Month |
| 6 | Construction of Rain water Harvesting in different Anganwadi centre in district Hazaribagh Under D.W.S.Division Hazaribagh for Year -2025-26. '' Turn Key Basis" (Head - Social Wellfare Fund)- 59 Nos Rain water Harvesting | 06 | 9,38,395.00 | 18800/ | 1250/- | 2 Month |
| 7 | Construction of Rain water Harvesting in different Anganwadi centre in district Hazaribagh Under D.W.S.Division Hazaribagh for Year -2025-26. '' Turn Key Basis" (Head - Social Wellfare Fund)- 41 Nos Rain water Harvesting | 07 | 6,52,105.00 | 13100/ | 1250/- | 2 Month |

निविदा की शर्त्ते इस कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,हजारीबाग

PR 363035 Drinking Water and Sanitation(25-26).D

# एनएसए के तहत सोनम वांगचुक हुए गिरफ्तार

- लेह में इंटरनेट सेवा बंद की गयी
- पिछले दिनों हिंसा में गयी थी चार की जान



आजाद सिपाही संवाददाता

**लेह।** लद्दाख में राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग को लेकर आंदोलन का नेतृत्व कर रहे पर्यावरणविद और सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को पुलिस ने शुक्रवार को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई उस घटना के एक दिन बाद हुई, जब लेह में बंद और विरोध प्रदर्शनों के दौरान सुरक्षाबलों और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई भीषण झड़पों में चार लोगों की मौत हो गयी थी। वांगचुक की गिरफ्तारी के बाद लेह में इंटरनेट सेवा बंद कर दी गयी है। बताया जा रहा है कि पुलिस टीम उन्हें लेकर उनके घर जा रही है।

स्थानीय संगठनों और वांगचुक समर्थकों का कहना है कि केंद्र सरकार द्वारा लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और संविधान की छठी अनुसूची के तहत विशेष संरक्षण की मांग लंबे समय से उठाई जा रही है। आंदोलन के तेज होने के साथ ही प्रशासन ने एहतियातन कई इलाकों में सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ा दी है। उमर अब्दुल्ला ने सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी को दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

सूत्रों के अनुसार सोनम वांगचुक को शाम 2:30 बजे लद्दाख पुलिस प्रमुख एसडी सिंह जम्वाल के नेतृत्व में गिरफ्तार किया गया। हालांकि, उन पर लगाये गये आरोपों की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हो पायी है।

गृह मंत्रालय ने इस हिंसा के लिए सोनम वांगचुक को जिम्मेदार ठहराया है। वांगचुक, जो लेह एपेक्स बॉडी के प्रमुख सदस्यों में से एक हैं, कर्गिल डेमोक्रेटिक अलायंस के साथ मिलकर राज्य का दर्जा और संविधान की छठी अनुसूची लागू करने की मांग को लेकर पिछले पांच वर्षों से आंदोलन चला रहे हैं। हालांकि, सोनम वांगचुक ने इन आरोपों से इनकार किया है और हिंसा की निंदा करते हुए अपना 15 दिन से जारी अनशन बुधवार को समाप्त कर दिया था।

# आजाद सिपाही आइकॉन अवार्ड शैलेंद्र जयसवाल को




झारखंड के अग्रणी मीडिया संस्थान आजाद सिपाही की ओर से झारखंड के प्रतिष्ठित संस्थानों और हस्तियों को सम्मानित करने के लिए शुरू किये गये 'आजाद सिपाही आइकॉन अवार्ड' प्रदान करने का सिलसिला जारी है। राजधानी के प्रतिष्ठित वाइल्ड वादी के ऑनर शैलेंद्र जयसवाल को यह सम्मान प्रदान किया गया। आजाद सिपाही की प्रकाशक कंपनी लैंडस्केप मीडिया (प्रा) लिमिटेड के महाप्रबंधक पशुपति सिंह और सहायक महाप्रबंधक नामधारी प्रसाद के अलावा सीनियर मार्केटिंग मैनेजर सनोज कुमार सिंह ने प्रतिष्ठित वाइल्ड वादी शैलेंद्र जायसवाल को प्रमाणपत्र सौंपा।


# 62 साल की शानदार सेवा के बाद मिग-21 की भावुक विदाई



**चंडीगढ़ (आजाद सिपाही)।** भारतीय वायुसेना का मशहूर लड़ाकू विमान मिग-21 अब आधिकारिक रूप से रिटायर हो गया। शुक्रवार को चंडीगढ़ एयर फोर्स स्टेशन पर एक भव्य विदाई समारोह हुआ। इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, एयर चीफ मार्शल एपी सिंह, सेना और नौसेना के प्रमुख, छह पूर्व वायुसेना प्रमुख, पूर्व सैनिक और उनके परिवार वाले पहुंचे। यह समारोह मिग-21 की वीरता की कहानी को सलाम करने का एक भावुक पल था। समारोह की शुरुआत रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आगमन से हुई। उसके बाद आकाश गंगा पैराशूट टीम ने रोमांचक स्काईडाइविंग शो किया। फिर मिग-21 ने आसमान में उड़ान भरी। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने खुद बादल फॉर्मेशन में सोलो उड़ान भरी। एयर वॉरियर ड्रिल टीम ने सजी हुई ड्रिल दिखायी। राजनाथ सिंह ने कहा कि मिग-21 की विरासत भारत की रक्षा में आत्मनिर्भरता की खोज में जीवित रहेगी। यह विमान साहस, अनुशासन और देशभक्ति की निरंतरता का प्रतीक है, जो स्वदेशी प्लेटफॉर्म्स जैसे एलसीए-तेजस और आगामी एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट के विकास को प्रेरित करेगा।

# ट्रंप ने दवाइयों पर 100% टैरिफ लगाया, एक से लागू

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका में एक अक्टूबर से दवाइयों से लेकर भारी ट्रकों तक आयातित सामान महंगे हो जायेंगे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दवाइयों, किचन कैबिनेट, बाथरूम वैनिटी, गद्देदार फर्नीचर और भारी ट्रकों पर नये आयात शुल्क यानी टैरिफ लगाने की घोषणा की है। यह टैरिफ 1 अक्टूबर से लागू होगा। उन्होंने कहा कि दवाइयों पर 100 फीसदी, किचन कैबिनेट और बाथरूम वैनिटी पर 50 फीसदी, फर्नीचर पर 30 फीसदी और भारी ट्रकों पर 25 फीसदी आयात कर लगाया जायेगा। गुरुवार को उनके सोशल मीडिया पोस्ट से पता चला कि अगस्त में लगाये गये आयात करों और व्यापार समझौतों के बाद भी ट्रंप टैरिफ लगाने के पक्षधर हैं। ट्रंप का मानना है कि इन टैरिफ से सरकार का बजट घाटा कम होगा और घरेलू उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि इससे महंगाई और ज्यादा बढ़ सकती है और आर्थिक विकास पर भी असर पड़ेगा। खास कर दवाइयों पर टैरिफ का असर भारत के फार्मा उद्योग पर पड़ने की संभावना है।



# अन्नपूर्णा देवी ने सांसद खेल महोत्सव का किया उद्घाटन





केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी के साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह और अन्य।

**डोमचांच (आजाद सिपाही)।** कोडरमा स्थित डोमचांच में सांसद खेल महोत्सव आयोजित किया गया। फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी द्वारा किया गया। साथ में पूर्व आइजी सह भाजपा के वरिष्ठ नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह, बगोदर विधायक नागेंद्र महतो, मीरा यादव, मुनिया देवी जिला परिसद गिरिडीह, बरकट्ठा विधायक अमित यादव अन्य लोग उपस्थित थे। सांसद खेल महोत्सव का पहला मैच कोडरमा और गिरिडीह के बीच खेला गया। तत्पश्चात रमेश यादव स्नातक महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया गया।





























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**